वर्ष-31, अंक- 219, पृष्ठ-12 | ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 30, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
मंगलवार
27 मई 2025

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



पेज 12

## एक नजर

### जेएलटी कमांडर तूफान गिरफ्तार, भेजा जेल

**बालूमाथ।** पुलिस को एक बड़ी उपलब्धि हाथ लगी है। 17 साल से फरार वारंटी जेएलटी उग्रवादी संगठन के कमांडर आदित्य यादव उर्फ तूफान पिता धनी यादव ग्राम मुरपा थाना बालूमाथ जिला लातेहार को बालूमाथ पुलिस ने गिरफ्तार कर चतरा जेल भेज दिया है। इस संबंध में बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार ने बताया कि वारंटी जेएलटी नक्सली आदित्य यादव उर्फ तूफान (40 वर्ष) पर चतरा सदर, टंडवा थाना का नामजद आरोपी है। वह पिछले कई वर्षों से फरार चल रहा था। चतरा पुलिस द्वारा प्राप्त वारंट पर मुरपा पिकेट प्रभारी होसेन डांग व सशस्त्र बल के जवान द्वारा छापेमारी अभियान चलाकर मुरपा से गिरफ्तार कर चतरा जेल भेज दिया गया है। उक्त आरोपी पर 17 सीएल एक्ट सहित कई अपराधिक मामले थाना में दर्ज है। थाना क्षेत्र के असेश्वर गंजू पिता गुड्डन गंजू ग्राम हेमपुर थाना बालूमाथ को भी गिरफ्तार कर लातेहार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। अशेश्वर आर्म्स एक्ट का नामजद आरोपी था। इन दोनों आरोपियों को पकड़े जाने से क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम है। इस छापेमारी अभियान में थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार के अलावा मुरपा पिकेट प्रभारी पुअनी होसेन डांग व पिकेट पुलिस के जवान शामिल थे।

# लूट व रंगदारी की योजना बनाते राहुल सिंह गिरोह के 7 अपराधी गिरफ्तार

- एक देशी पिस्तौल,19 जिंदा गोली, 8 मोबाइल व 2 बाइक बरामद

**चंदवा।** लातेहार पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना के आधार पर चंदवा पुलिस ने अपराधी राहुल सिंह गैंग के सात अपराधियों को हथियार समेत पकड़ने में सफलता मिली है। इस संबंध में पुनि सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस कप्तान के निर्देश में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अरविंद कुमार के नेतृत्व में टीम गठित कर थाना क्षेत्र के पन्नाटांड जंगल से लूट की योजना बनाते राहुल सिंह गैंग के सात अपराधियों की गिरफ्तारी की गई है।



गिरफ्तार अपराधियों में रोहित कुमार लोहरा पिता द्वारिका लोहरा,कुंदन तूरी,पिता स्व महेंद्र तूरी ( दोनों कूरा, लातेहार), विशाल लोहरा पिता दिनेश लोहरा, (चंदनडीह, लातेहार), शुभम लोहरा पिता अर्जुन लोहरा (बुल्हू,चंदवा), प्रमोद लोहरा पिता महेंद्र लोहरा (कुरियाम कला,बालूमाथ), विक्रांत सिंह पिता रामवृक्ष सिंह,(हेठलोटो, लातेहार), विनय गुप्ता पिता स्व रामरतन प्रसाद (चटनाही, लातेहार) शामिल हैं। बता दें कि पिछले नौ मई को बोरसीदाग स्थित पीआरए इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा कराये जा रहे रोड निर्माण में लगे मजदूरों पर फायरिंग। पुनः 15 मई को लातेहार में एमजी कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड की साईट पर गोलियां चलायी थी। लेवी नहीं मिलने के कारण संगठित अपराध का सरगना राहुल सिंह व जेल में बंद बजरंगी उर्फ दीपक मेहता के कहने पर उक्त अपराधी पन्नाटांड़ चंदवा के जंगल में जमा होकर पुनः अमझरिया स्थित पीआरए इंडिया **शेष पेज 11 पर...**

# ऑपरेशन सिंदूर: पाकिस्तान को करारा जवाब देकर भारत ने दिखाया साहस, युद्धविराम पर आमजन ने जताई संतुष्टि

**मेदिनीनगर।** बीते महीने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम हमले के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में स्थित आतंकी ठिकानों पर सटीक और निर्णायक सैन्य कार्रवाई और एयर स्ट्राइक की। भारत की ओर से की गई इस जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तानी आतंकी ढांचों को भारी नुकसान पहुंचाया गया।

भारत की इस कार्रवाई के जवाब में पाकिस्तान ने भारतीय सैन्य ठिकानों और नागरिक क्षेत्रों को निशाना बनाया, जिसके बाद भारत ने भी कड़ा जवाब देते हुए पाकिस्तान को रणनीतिक और सैन्य मोर्चे पर बुरी




सुबेदार दामोदर मिश्रा (सेवानिवृत) भारतीय थल सेना सह जिलाध्यक्ष–पूर्व सैनिक सेवा परिषद

तरह पछाड़ दिया। भारतीय सैनिकों ने वीरता और रणनीतिक कुशलता का परिचय देते हुए दुश्मन को घुटनों के बल आने पर मजबूर कर दिया। जब पाकिस्तान ने युद्ध विराम (सीजफायर) की पेशकश की, तब भारत सरकार ने भी यह निर्णय लिया कि वह फिलहाल आगे की कार्रवाई रोक देगी। हालांकि जानकारों का कहना है कि इस स्थिति को "सीजफायर" कहना सही नहीं है, क्योंकि यह कोई पूर्ण युद्ध नहीं था, बल्कि एक सीमित और रणनीतिक सैन्य अभियान था। भारत सरकार का यह निर्णय रणनीतिक दृष्टिकोण से उचित बताया जा रहा है, क्योंकि लंबे युद्ध की स्थिति में देश की अर्थव्यवस्था और विकास पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। इसके बावजूद ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारत ने यह **शेष पेज 11 पर...**

### लातेहार के महुआडांड़ में पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़

# पांच लाख का इनामी मनीष यादव मारा गया

- 10 लाख का इनामी नक्सली जोनल कमांडर कुंदन गिरफ्तार
- एक्स 95 राइफल, कारतूस व लेवी के वसूले गए पैसे बरामद

**नवीन मेल डेस्क**

**लातेहार।** लातेहार जिले के महुआडांड़ थाना क्षेत्र के दौना गांव में रविवार की रात पुलिस और भाकपा माओवादियों में मुठभेड़ हुई। इसमें पांच लाख रुपए के इनामी नक्सली सबजोनल कमांडर मनीष यादव को मार गिराया गया। साथ ही, पुलिस ने 10 लाख रुपए के इनामी नक्सली जोनल कमांडर कुंदन जी उर्फ सुधीर सिंह को गिरफ्तार कर लिया। यह मुठभेड़ रविवार की रात से सोमवार की सुबह तक चली। इसके बाद उस इलाके में सर्च अभियान चलाया गया। सर्च अभियान के दौरान मनीष यादव का शव मिला। क्षेत्र के सर्च ऑपरेशन के कम में हथियार एवं गोली सहित नक्सली दस्ते के दैनिक उपयोग के सामान भी बरामद हुए।

दौना गांव में पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ को लेकर सोमवार को पलामू आईजी सुनील भास्कर, डीआईजी वाईएस रमेश



तथा लातेहार एसपी कुमार गौरव ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता की। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि रविवार की रात से लेकर सोमवार की सुबह तक चली इस मुठभेड़ में मारा गया नक्सली सबजोनल कमांडर मनीष यादव बिहार के गया जिले के चकरबंधा गांव का रहने वाला था। मनीष पर झारखंड के लातेहार व गढ़वा जिले तथा छत्तीसगढ़ के विभिन्न थाना क्षेत्रों में नक्सली हिंसा के 40 मामले दर्ज थे। इसमें पुलिस मुठभेड़, हत्या समेत कई मामले शामिल हैं। उन्होंने बताया कि मनीष यादव पर सरकार की ओर से पांच लाख रुपए का इनाम भी घोषित था।

बताया गया कि गिरफ्तार नक्सली जोनल कमांडर कुंदन जी उर्फ सुधीर सिंह लातेहार जिले के मनिका के माइल गांव का रहने वाला है। कुंदन पर विभिन्न थाना क्षेत्र में 27 से अधिक मामले दर्ज हैं। इसके पास से एक्स 95 राइफल व कारतूस बरामद हुए हैं। साथ ही, लेवी के वसूले गए पैसे भी बरामद हुए हैं। प्रेस वार्ता में अधिकारियों ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि माओवादियों का दस्ता नीचे दौना गांव में भ्रमणशील है। इस सूचना पर पुलिस की टीम ने रविवार की रात 01:30 बजे से ही गांव की घेराबंदी शुरू कर दी थी। हालांकि, पुलिस के आने की सूचना मिलने के बाद नक्सली फायरिंग करते हुए भागने लगे, जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की। इसमें मनीष यादव घटनास्थल पर ही मारा गया। जबकि, कुंदन खरवार को भागने के क्रम में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

अधिकारियों ने कहा कि क्षेत्र में अब जो भी नक्सली बचे हैं, उनके पास मात्र एक ही रास्ता है कि वे आत्म समर्पण कर दें। यदि नक्सली आत्मसमर्पण नहीं करते हैं, तो उनके खिलाफ इसी प्रकार की कार्रवाई जारी रहेगी।

### कोविड को लेकर स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान ने की अहम बैठक

# सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की छुट्टियां रद्द



- राज्य के सभी जिलों के अस्पतालों में आइसोलेशन वार्ड बनाने का निर्देश जारी
- ऑक्सीजन आपूर्ति दुरुस्त करने व जरूरी दवाओं के प्रबंध के दिए गए निर्देश

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** झारखंड में रविवार को कोविड का पहला केस सामने आने के बाद सरकार ने एहतियाती तौर पर आवश्यक कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। राज्य के सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की छुट्टियां अगले आदेश तक रद्द कर दी गई हैं। सभी जिलों के अस्पतालों में आइसोलेशन वार्ड बनाने, ऑक्सीजन की आपूर्ति को दुरुस्त करने और स्टॉक में जरूरी दवाओं के प्रबंध के निर्देश जारी किए गए हैं। ज्ञात हो कि देश के कई राज्यों में कोविड के नए वेरिएंट जेएन-1 के केस आ रहे हैं। कुछ राज्यों में कोविड के केस में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है।

**शेष पेज 11 पर...**

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर **72094 53444** पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **72094 03444** संपर्क करें।

## आज / कल




# हाईकोर्ट ने थाने में नाबालिग की पिटाई मामले में लिया संज्ञान

- अदालत ने राज्य सरकार से मांगा जवाब, अगली सुनवाई 24 जून को

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** लातेहार में एक आपराधिक केस में संदेह के आधार पर नाबालिग की पुलिस हिरासत में थाने में बेरहमी से पिटाई और उसे छोड़ने के बदले उसकी मां से रिश्वत की मांग करने के आरोप पर झारखंड हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है। जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने इस मामले में राज्य की सरकार से जवाब मांगा है। यह मामला क्रिमिनल रिट के तौर पर दाखिल की गई थी, जिसे अदालत ने स्वतः संज्ञान में बदल दिया। मामले की अगली सुनवाई 24 जून को निर्धारित की गई है।

लातेहार के महुआडांड़ थाना क्षेत्र में



एक अप्रैल को हामी गांव निवासी 15 वर्षीय दुर्गेश महतो की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हो गई थी। उसका शव एक खेत में पाया गया था, जहां बिजली का तार भी गिरा पड़ा था।

स्थानीय लोगों के अनुसार, दुर्गेश की मौत बिजली का तार टूटकर गिरने की वजह से हुई थी। इसे लेकर लोगों ने सड़क जाम भी किया था। दूसरी तरफ, मृतक की मां मुनु देवी ने पुलिस को दिए आवेदन में आरोप लगाया कि तीन-चार लोगों ने दुर्गेश महतो की पिटाई की, जिसकी वजह से उसकी मौत हो गई। उन्होंने यह भी आरोप लगाया था कि एक नाबालिग की मां सावित्री देवी ने उसे धमकी दी थी कि वह अपने बच्चे को सुधारे, नहीं तो उसे जान से मार देंगे। पुलिस ने इस केस में सावित्री देवी के नाबालिग पुत्र को हिरासत में लिया था। सावित्री देवी ने कोर्ट में दायर रिट में कहा कि महज संदेह के आधार पर उसके पुत्र की थाने में दो दिन तक जमकर पिटाई की गई। तीसरे दिन, जब उन्होंने अपने बच्चे को छोड़ने के लिए आग्रह किया, तो पुलिस स्टेशन इंचार्ज बादल दास ने ढाई लाख रुपए रिश्वत की मांग की। रिश्वत नहीं देने पर उसकी फिर से पिटाई की गई थी।

# 24 में से 20 जिलों को मिले नए उपायुक्त

- राज्य सरकार ने बड़ी संख्या में आईएएस अधिकारियों का किया तबादला

**रांची।** राज्य के 20 जिलों को नए उपायुक्त मिले हैं। राज्य सरकार ने सोमवार को 24 में से 20 जिलों के उपायुक्तों को बदल दिया। सोमवार को कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार, यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है।

आईएएस अधिकारी आदित्य रंजन को धनबाद का उपायुक्त बनाया गया है। वह वर्तमान में झारखंड सरकार के आईटी निदेशक के रूप में कार्यरत हैं। आईएएस अधिकारी अजय नाथ झा को बोकारो का नया उपायुक्त बनाया गया है। वह फिलहाल रांची में आदिवासी कल्याण आयुक्त के रूप में पदस्थापित हैं। वर्तमान में निदेशक बागवानी के पद पर कार्यरत फैक अक अहमद मुमताज को रामगढ़ के उपायुक्त के रूप में पदस्थापित किया गया है। रामगढ़ के उपायुक्त चंदन कुमार को पश्चिमी सिंहभूम में इसी पद पर तैनात किया गया है। निदेशक उच्च शिक्षा के पद पर कार्यरत रहे आईएएस अधिकारी रामनिवास यादव को गिरिडीह का उपायुक्त बनाया गया है। गिरिडीह के उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा को देवघर उपायुक्त के पद पर भेजा गया है। निदेशक प्राथमिक शिक्षा के पद पर कार्यरत आईएएस अधिकारी शशि प्रकाश सिंह हजारीबाग के उपायुक्त बनाए गए हैं। निदेशक पर्यटन के रूप में पदस्थापित आईएएस अधिकारी अंजलि यादव को गोड्डा में उपायुक्त के पद पर पोस्टिंग दी गई है। गुमला के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी को पूर्वी सिंहभूम का नया उपायुक्त बनाया गया है। झारखंड राज्य आजीविका संवर्धन सोसायटी की सीईओ कंचन सिंह को सिमडेगा का उपायुक्त बनाया गया है। वित्त विभाग में निदेशक अंकेक्षण निदेशालय के पद पर कार्यरत आईएएस अधिकारी प्रेरणा दीक्षित को गुमला उपायुक्त के रूप में पदस्थापित किया गया है।

कृषि विभाग के निदेशक के पद पर तैनात रहे आईएएस अधिकारी कुमार ताराचंद को लोहरदगा का उपायुक्त बनाया गया है। झारक्राफ्ट की निदेशक कीर्तिश्री जी. को चतरा में उपायुक्त के पद पर पोस्टिंग दी गई है। कोडरमा में उप विकास आयुक्त के पद पर कार्यरत आईएएस अधिकारी ऋतुराज को उसी जिले में उपायुक्त की जिम्मेदारी सौंपी गई है। झारखंड राज्य बाल संरक्षण संस्था की निदेशक समीरा एस. को पलामू का नया उपायुक्त बनाया गया है। आईएएस रवि आनंद को जामताड़ा उपायुक्त के रूप में पदस्थापित किया गया है। रांची के उपविकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव को गढ़वा का उपायुक्त बनाया गया है। जिन जिलों के उपायुक्तों को हटाने के बाद कोई पोस्टिंग नहीं दी गई है, उन्हें रांची में कार्मिक, प्रशासनिक सुधार और राजभाषा विभाग में योगदान करने का निर्देश दिया गया है।

## विधि व्यवस्था को ले सीएम आज करेंगे समीक्षा बैठक



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार (27 मई 2025) को राज्य की विधि-व्यवस्था को लेकर प्रोजेक्ट भवन में एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक करेंगे। इस बैठक में अवैध घुसपैठ और गंभीर आपराधिक घटनाओं सहित अन्य महत्वपूर्ण एजेंडों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। बैठक में मुख्यमंत्री के साथ राज्य के मुख्य सचिव, गृह सचिव और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) भी मौजूद रहेंगे। जोनल आईजी, रेंज डीआईजी, जिलों के उपायुक्त और एसपी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से इस बैठक में शामिल होंगे।


# इंडिया | विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला भारत और अव्यवस्थित फिजूलखर्च

कुछ दशकों पूर्व तक संपेरों और भिखमंगों के देश के रूप में भारत का उपहास बनाने वाले पश्चिमी देशों सहित भारत के ऑक्सफ़ोर्ड और कैम्ब्रिज में शिक्षित अभिजात्य वर्ग को विश्वास नहीं हो रहा और रोज कमाने खाने वाले भारतियों को पता नहीं है कि नए भारत की अर्थव्यवस्था ने जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन कर चार ट्रिलियन डॉलर का आंकड़ा पार कर लिया है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि से न केवल देश को वैश्विक आर्थिक मंच पर मजबूती मिली है बल्कि इससे आम आदमी को भी कई लाभ मिलेंगे। किसी भी देश की अर्थव्यवस्था का विकास एक जटिल और बहुआयामी प्रक्रिया है जो देश की आर्थिक, सामाजिक, और तकनीकी प्रगति को दर्शाती है। अर्थव्यवस्था का विकास तब होता है जब कोई देश अपने संसाधनों का प्रभावी उपयोग करके उत्पादन, आय, और जीवन की गुणवत्ता में निरंतर और समावेशी सुधार करता है।



**सुनील बादल**
**कार्यकारी संपादक**

2000 तक भारत का सकल घरेलू उत्पाद जीडीपी 0 l47 ट्रिलियन डॉलर था । 2007 में 1 ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी ने 2014 में 2 ट्रिलियन डॉलर का आंकड़ा पार किया 2021 में भारत 3 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बना । केवल 4 साल में भारत की जीडीपी 4 ट्रिलियन डॉलर पार हो गई है जिससे सर्विस टेक्नोलॉजी मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में निवेश और बढ़ेगा। संभावना जताई जा रही है कि मेक इन इंडिया पहले विनिर्माण क्षेत्र को और मजबूत करेगी जिससे नौकरियां भी बढ़ेगी और बेरोजगारी की समस्या कम होगी। केंद्र पिछले कुछ वर्षों से देश के आधारभूत संरचना निर्माण पर भारी खर्च कर छोटे शहरों के विकास से लेकर राष्ट्रीय स्तर की सड़कें, हवाई अड्डे, बंदरगाह और मेट्रो लाइन बनवा रही है जिससे यह निवेश और बढ़ सकता है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में कनेक्टिविटी और बेहतर हो सकती है। जबकि रुपए की गिरावट से आम आदमी की चिंता बढ़ी है और उसका सवाल है क्या महंगाई पर लगाम लगेगी? विशेषज्ञों का मानना है कि मजबूत अर्थव्यवस्था से निर्यात बढ़ेगा और आयात की निर्भरता कम होगी। इससे महंगाई पर नियंत्रण पाया जा सकता है।ऐसा माना जा रहा है की चार ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के साथ सरकार कौशल विकास और शिक्षा पर और अधिक खर्च कर सकती है। इससे युवाओं को तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा के बेहतर अवसर मिलेंगे, जिससे उनकी रोजगार क्षमता बढ़ेगी।सस्ता इलाज, बेहतर तकनीक की भी संभावना जताई जा रही है जिनमें सरकारी अस्पतालों में बेहतर सुविधा शामिल है । तकनीकी क्षेत्र में भी भारत तेजी से विकास कर रहा है जिससे रोजगार बढ़ने से आम आदमी को बेहतर और सस्ते तकनीकी उत्पाद प्राप्त हो सकते हैं। आर्थिक वृद्धि से कृषि क्षेत्र में भी निवेश बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। 30.507 ट्रिलियन डॉलर की जीडीपीवाला अमेरिका दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है चीन दूसरे नंबर पर है जिसकी जीडीपी 19.232 ट्रिलियन डॉलर है।जर्मनी की जीडीपी 4.745 ट्रिलियन डॉलर है, जो दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी और यूरोप की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। साल 2023 में इसने जापान को पीछे छोड़ा था।भारत 4.186 ट्रिलियन डॉलरवाली जापान की जीडीपी को पीछे छोड़ते हुए 4.187 ट्रिलियन डॉलर पर दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती हुई प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में गिना जा रहा है।अब पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में अब जापान का नाम है जिसकी अर्थव्यवस्था को उम्र दराज आबादी काफी प्रभावित कर रही है।अब यह भरोसा भी जगा है कि देश 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के अपने महत्वाकांक्षी लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा है।




अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की ताजा रिपोर्ट के अनुसार वित्त वर्ष 2026 के लिए भारत का नॉमिनल जीडीपी करीब 4,187 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है, जो जापान के करीब 4,186 अरब डॉलर के अनुमानित जीडीपी से कुछ अधिक है। पिछले कुछ वर्षों में भारत ने अपनी आर्थिक नीतियों, बुनियादी ढांचे के विकास और निवेश के अनुकूल माहौल के दम पर वैश्विक मंच पर अपनी स्थिति को मजबूत किया है। नीति आयोग की दसवीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक में सुब्रह्मण्यम ने यह अनुमान भी लगाया कि अगले ढाई से तीन वर्षों में भारत जर्मनी को पीछे छोड़ दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। यह उपलब्धि आर्थिक दृष्टि से गर्व का विषय होने के साथ भारत की नीतिगत दूरदर्शिता, जनसांख्यिकीय शक्ति और वैश्विक मंच पर उसकी बढ़ती भूमिका का प्रतीक भी है। पर यह आत्ममंथन का भी समय है आय असमानता, बुनियादी ढांचे की गुणवत्ता और नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार जैसे क्षेत्रों में जापान जैसे विकसित देशों से अब भी हमें काफी कुछ सीखने की जरूरत है। जापान की संस्थागत विश्वसनीयता, कार्य संस्कृति और उच्च गुणवत्ता वाली सेवाओं के मामले में बहुत पीछे हैं जिसकी प्रति व्यक्ति आय (33,960 डॉलर) भारत से (2,880 डॉलर) कहीं आगे है। हमें यूरोप की तरह शोध आधारित गुणवत्तापूर्ण निर्माण से बारंबार निर्माण की फिजूलखर्ची से बचना होगा और सरकारी नौकरी के नाम पर मौज और मनमानी की प्रवृति रोकनी होगी।

## सीआईडी ने दो आरोपियों के खिलाफ दाखिल की चार्जशीट

**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की संयुक्त स्नातक स्तरीय (सीजीएल) परीक्षा पेपर लीक मामले में अपराध जांच विभाग (सीआईडी) ने दो आरोपियों के विरुद्ध अपनी जांच पूरी करते हुए चार्जशीट दाखिल कर दी है। सीआईडी ने आरोपी गौरव कुमार और अभिलाष कुमार के खिलाफ वैज्ञानिक साक्ष्य और अन्य सबूत भी कोर्ट में पेश किए हैं। इन दोनों के साथ इस मामले में और किसकी सहभागिता थी, इसकी भी जानकारी चार्जशीट में दी गई है। हालांकि, सीआईडी की चार्जशीट पर कोर्ट ने अब तक संज्ञान नहीं लिया है। लेकिन, कोर्ट जल्द ही चार्जशीट पर संज्ञान लेकर अन्य आरोपितों के विरुद्ध समन जारी कर सकता है। इससे पहले इसी महीने गौरव कुमार और अभिलाष की जमानत याचिका रांची सीआईडी की विशेष कोर्ट ने खारिज की थी।

# वट सावित्री व्रत को लेकर उमड़ी सुहागिनों की आस्था



**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** प्रखंड क्षेत्र में सुहागिन महिलाओं ने पति की लंबी उम्र की कामना को लेकर सोमवार को वट सावित्री की पूजा अर्चना की। इस दौरान सुहागिन व्रतियों ने वट वृक्ष की विधिवत पूजा अर्चना की साथ ही वट वृक्ष की परिक्रमा करते हुए वटवृक्ष पर रक्षा सूत्र बांध अपने पति की लंबी उम्र की कामना की। मौके पर पूजा अर्चना करवा रहे ब्राह्मणों के द्वारा सावित्री सत्यवान की कथा का भी श्रद्धालुओं को श्रवण करवाया गया। बता दें कि सोमवार की सुबह से ही प्रखंड के विभिन्न वटवृक्षों के नीचे पूजा अर्चना के लिए सुहागिनों की भीड़ लगने लगी थी। दोपहर के बाद तक उन्हें पूजा अर्चना करते हुए देखा गया।

## सावित्री ने पति सत्यवान का प्राण यमराज से वापस लिया था

इस व्रत पूजन को लेकर प्रचलित कथा के अनुसार सावित्री अश्वपति की कन्या थीं। जिसने सत्यवान को पति के रूप में स्वीकार किया था। सत्यवान लकड़ी काटने के लिए जंगल में जाया करता था। जबकि सावित्री भी अंधे सास-ससुर की सेवा करने के बाद सत्यवान के पीछे जंगल में चली जाती थी। एक दिन सत्यवान को लकड़ियां काटते हुए चक्कर आ गया और वह पेड़ से उतरकर नीचे बैठ गया। उसी समय भैंसे पर सवार होकर यमराज उसके प्राण लेने आए। सावित्री ने उन्हें पहचाना और कहा कि आप उसके पति सत्यवान का प्राण न लें। ऐसा कह वह भी उनके पीछे चल पड़ी। यमराज ने मना भी किया। मगर वह वापस नहीं लौटी। अंततोगत्वा, सावित्री के पतिव्रत धर्म से प्रसन्न होकर यमराज ने वरदान स्वरूप अंधे सास ससुर की सेवा में आंखें दे दीं। सावित्री को 100 पुत्र होने का आशीर्वाद दिया और सत्यवान का प्राण वापस छोड़ दिया। इसी कथा की धार्मिक मान्यता के अनुसार सुहागिन महिलाएं इस दिन वट सावित्री व्रत पूजन करती आ रही हैं।

## महिलाओं ने पति की लंबी उम्र के लिए की वट सावित्री की पूजा

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल के ग्रामीण व नगर क्षेत्रों में सोमवार को सुहागिन महिलाओं ने श्रद्धापूर्वक वट सावित्री की पूजा की। इस दौरान खास कर धार्मिक स्थलों में स्थित वट वृक्ष के नीचे इस पूजा को लेकर व्रतधारी महिलाओं की आस्था उमड़ पड़ी। महिलाओं ने वट वृक्ष में धागे लपेटे व पति के दीर्घायु होने की कामना की। सावित्री व सत्यवान की पौराणिक कथा सुनी। इस पूजा को लेकर सर्वत्र वातावरण भक्तिमय बना रहा। विधिवत पूजा अर्चना के लिए बाजार से फल व प्रसाद को एक दिन पूर्व ही खूब खरीदारी हुई। पूजा स्थल व घरों में व्रतधारी महिलाओं ने पति की आवभगत की। वट वृक्ष के पत्तों व बास से बने नए हाथ पंखे से पति को हवा झलने का उपक्रम किया। इस पूजा को लेकर महिलाओं में विशेष उत्साह देखा गया। सुबह से ही महिलाएं वट वृक्ष के नीचे जुटने लगी थी। और शुभ मुहूर्त में महिलाओं ने अखंड सौभाग्य की कामना के लिए विधि विधान के साथ पूजा की। सभी महिलाएं सोलह श्रृंगार करके वरगद पेड़ के नीचे पूजा करने पहुंच रही थी, जिस तरह सति सावित्री ने यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राण छीनकर वट वृक्ष के नीचे ही वापस लाये थे। वैसे ही सभी महिलाएं अपने पति की रक्षा के लिए व्रत करती है। इसी के आधार पर वट वृक्ष की पूजा की जाती है और अपने पति के सुहाग को अमर रखने की कामना करती है। जपला महावीर मंदिर के पुजारी गोपाल पाठक ने कहा कि पौराणिक कथा के अनुसार, माता सावित्री ने वट वृक्ष के नीचे ही अपने मृत पति सत्यवान को यमराज से वापस पाया था। तभी से वट वृक्ष की पूजा का विशेष महत्व माना जाता है। हिंदू शास्त्रों में वट वृक्ष को बेहद पूजनीय माना गया है। धार्मिक मान्यता है कि इस वृक्ष में ब्रह्मा, विष्णु और महेश- तीनों का वास होता है।



## पति की दीर्घायु के लिए सुहागिनों ने की वट वृक्ष की पूजा



**सतबरवा।** प्रखंड क्षेत्रों में पति की लंबी उम्र की कामना करते हुए सोमवार को सुहागिनों ने वट सावित्री का व्रत रखा। सुहागिन व्रतियों ने वट वृक्ष की पूरे विधि विधान से पूजा-अर्चना की । साथ ही वट वृक्ष की परिक्रमा करते हुए रक्षा सूत्र बांधा। पुरोहितों द्वारा कही गई सावित्री का यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राण को वापस लाने की कथा श्रवण किए। पंडित सुनिल पाठक ने बताया कि वट सावित्री व्रत हिंदू धर्म में सुहागिन महिलाओं के लिए बेहद खास पर्व माना जाता है। यह व्रत हर साल ज्येष्ठ मास की अमावस्या तिथि को रखा जाता है। मान्यता है कि इस व्रत से पति की उम्र लंबी होती है और दाम्पत्य जीवन में सुख समृद्धि बनी रहती है। इस दिन महिलाएं पूरे दिन व्रत रखती है और वट वृक्ष की पूजा करती है। पौराणिक कथा के अनुसार माता सावित्री ने वट वृक्ष के नीचे ही अपने मृत पति सत्यवान पति को यमराज से वापस पाया था। तभी से वटवृक्ष की पूजा का विशेष महत्व माना जाता है। हिंदू शास्त्रों में वटवृक्ष को बेहद पूजनीय माना गया है। धार्मिक मान्यता है कि इस वृक्ष में ब्रह्मा विष्णु और महेश तीनों देवों का वास होता है। मौके पर शकुंतला देवी, रिंकी देवी, प्रीति गोस्वामी, खुशबू देवी,सोनी देवी समेत सैकड़ों सुहागिनों ने पूजा की।

## महिलाओं ने अपने पति के दीर्घायु और लंबे उम्र की कामना की

**मोहम्मदगंज।** ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष अमावस्या दिन सोमवार को पति की दीर्घायु और अखंड सौभाग्य की कामना को लेकर रेलवे स्टेशन परिसर स्थित बरगद वृक्ष तले सुहागिनों की आस्था उमड़ पड़ी। इस मौके पर मान्यतानुसार वट सावित्री व्रत पूजन और कथा वाचन से भक्तिमय माहौल बना रहा। इसे लेकर पौ फटने के साथ ही नव परिधानों व सोलह श्रृंगार से सजी-धजी सुहागिनों का दोपहर बाद तक तांता लगा रहा। इसमें स्थानीय के अलावा प्रखंड क्षेत्र के अन्य स्थानों की सुहागिन भी बड़ी संख्या में शामिल थीं। सुहागिनों ने वहां धातु के पात्र अथवा डलिया में फल, पकवान, सुहाग श्रृंगार सहित अन्य पूजा सामाग्रियों को अर्पित किए। क्षमता अनुसार बरगद गाछ के 7,11 और 108 बार फेरी लगाकर मौली धागे लपेटे और अखंड सौभाग्य की कामना की। ब्राह्मणों को दान कर पुण्य प्राप्त किया। घरों में वापस लौट कर पति का आशीर्वाद प्राप्त कर हाथ पंखा झला। बाद इसके बड़े-बुजुर्गों का भी आशीर्वाद प्राप्त किया। मौके पर अलग-अलग समूह में एकत्रित सुहागिनों के बीच पुरोहित पंडित अखिलेश पांडेय, शशिकांत पांडेय और पप्पू पांडेय ने सावित्री-सत्यवान की कथा का श्रवण कराया। उन्होंने कहा कि इस व्रत का पालन करने से सुहागिनों को शास्त्र सम्मत फल और अखंड सौभाग्य के वरदान की प्राप्ति होती है। ऐसी मान्यता है कि जेष्ठ अमावस्या को वट वृक्ष की परिक्रमा करने पर ब्रह्मा, विष्णु और महेश भी सुहागिनों को सदा सौभाग्यवती रहने का वरदान देते हैं। इसी मान्यता के अनुसार सुहागिनों ने परंपरागत आस्था और विश्वास के साथ इस व्रत पर वट वृक्ष तले पूजा-अर्चना की। इस स्थल के अलावा भजनियां में पंडित ध्रुव पांडेय और कादल गांव में पंडित गंगा तिवारी ने कथा वाचन किया। इस प्रकार पूरे इलाके में परंपरागत आस्था और विश्वास के साथ इस व्रत पूजन को लेकर धूम मची रही

## सुहागिन महिलाओं ने रखा निर्जला उपवास, की वट वृक्ष की पूजा



**चैनपुर।** नगर निगम क्षेत्र व ग्रामीण इलाकों में सोमवार को वट-सावित्री पूजा की धूम धाम से मनाई गई। सुबह से ही सुहागिन महिलाएं स्नान-ध्यान कर लाल जोड़े में चुनरी लपेटकर पूजा की सामग्री लेकर वट वृक्ष के समक्ष विधि-विधान से वट वृक्ष की पूजा कर पति के दीर्घायु होने और सुखी वैवाहिक जीवन की मंगलकामना की। इसके साथ ही वट वृक्ष के पास सुहागिन महिलाओं ने पुरोहित से वट-सावित्री व्रत से संबंधित कथा भी सुनी। इस दौरान महिलाओं ने एक दूसरे को सिंदूर लगाकर सदा सुहागन रहने की कामना की। पूजा के दौरान महिलाओं ने वट वृक्ष की पूजा कर धूप, दीप, अगरबत्ती जलाते हुए बरगद के पेड़ पर फल चढ़ाकर वट वृक्ष के चारों तरफ घुमते हुए वट वृक्ष को रक्षा सूत्र से बांधी। उसके बाद सुहागिन महिलाएं अपने घर जाकर पति का पैर छूकर आशीर्वाद ली। बता दें की वट सावित्री पूजा प्रत्येक वर्ष ज्येष्ठ मास की अमावस्या तिथि को मनाई जाती है। इस दिन सुहागिन महिलाएं सभी सोलह श्रृंगार कर वट वृक्ष के नीचे जाकर पूजा अर्चना करती हैं । मौके पर पूजा अर्चना करते हुए विजेता दुबे, प्रियंका तिवारी, गायत्री देवी, शीला देवी, मंजू देवी सहित दर्जनों महिलाओं ने अपनी पति की दीघार्यु के लिए सुहागिन महिलाओं ने की वट वृक्ष की पूजा।

## पति की दीर्घायु के लिए सुहागिन महिलाओं ने की वट वृक्ष की पूजा



**हरिहरगंज।** हरिहरगंज तथा पिपरा प्रखंड क्षेत्र में पति की लंबी उम्र की कामना करते हुए सोमवार को सुहागिन महिलाओं ने वट सावित्री का व्रत रखा। इस दौरान सुहागिन व्रतियों ने वट वृक्ष की विधि विधान से पूजा अर्चना की । साथ ही वट वृक्ष की परिक्रमा करते हुए रक्षा सूत्र बांधा। वहीं पुरोहितों के द्वारा कही गई सावित्री का यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राण को वापस लाने की कथा का श्रवण किया। इससे पहले पूजा को लेकर बाजार में खरीदारी करने वालों की भारी भीड़ देखी गई। इस व्रत की लोकप्रियता इतनी है कि कई हिन्दी फिल्मों में अपने पति के स्वस्थ होने अथवा मौत के मुख से वापस लाने के लिए नायिका को वट सावित्री व्रत रखने का चित्रण किया गया है। पंडित विजय शंकर मिश्र ने बताया कि यह व्रत नारी के सतीत्व शक्ति की महिमा का स्मरण कराता है।

# नवपदस्थापित प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी से की मुलाकात

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ की हुसैनाबाद इकाई के सचिव निर्मल कुमार के नेतृत्व में शिक्षकों ने नवपदस्थापित प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी (उत्तरी) के राकेश कुमार से बीरआरसी में मुलाकात की। साथ ही बुके और युवाओं के आदर्श स्वामी विवेकानंद की तस्वीर भेंट की। सचिव निर्मल कुमार ने कहा कि 22 पंचायतों से आच्छादित यह प्रखंड शैक्षिक क्षेत्रों में सदैव अग्रणी रहा है। विभागीय रिपोर्टिंग में अव्वल रहा है। मीड डे मील रिपोर्टिंग में शिक्षक पदाधिकारियों ने प्रशंसा की है। शिक्षकों का मौलिक काम शिक्षण है, जिसे शिक्षक दक्षता पूर्वक संपादित करतें हैं। शत प्रतिशत बच्चों को छात्रवृत्ति का भुगतान ससमय होता है ,इसमें कार्यालय कर्मियों का भरपूर सहयोग मिलता है। आठवीं बोर्ड की परीक्षाफल, मुख्यमंत्री छात्रवृत्ति योजना के तहत ली जानेवाली मेधा छात्रवृति की परीक्षा उदाहरण है। हुसैनाबाद सदैव जिला में अव्वल रहा है। इस काम में अभी तक के पदाधिकारियों का सकरात्मक सहयोग मिला है और आपसे भी अपेक्षित है। तमाम बातों को धैर्यपूर्वक सुनते हुए बीईईओ ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र निमार्ता होते हैं,विषम परिस्थितियों एवं उपलब्ध सीमित संसाधनों से यही वर्ग काम करना जानते है और अच्छी नियत एवं नीति के बदौलत इसे परिणाम में तब्दील करता है।उन्होंने कहा कि मैं खुद शिक्षक रहा हूं और शिक्षक को होने वाली परेशानियों से वाकिफ हूं।आपसब निश्चिंत रहें ,सदैव शिक्षक संघ को विश्वास में लेकर काम करेंगे।शिकायत का मौका नहीं देंगें, गुणवता पूर्ण शिक्षा का पक्षधर हैं,अगर इसमें किसी प्रकार की गतिरोध उत्पन्न होता है, तो आपसब अवश्य संपर्क करें, मालूम हो कि ग्रीष्मावकाश की छुट्टी घोषित है, शिक्षक मुख्यालय में नहीं है, फिर भी दर्जनों शिक्षकों में वरीय शिक्षक सुरेंद्र राम जिला संयुक्त सचिव,गिरिवर राम ,रंजीत कुमार, जितेंद्र राम प्रखंड कोषाध्यक्ष, मीडिया प्रभारी रजेश कुमार गुप्ता, शंकर पासवान, रामलाल राम ,मनोज कुमार चौधरी, प्रमोद पासवान, परमानंद प्रियदर्शी, योगेंद्र पासवान,अनूप सिंह सहित दर्जनों शिक्षक मौजूद थे।

# पंचायत भवन का बीडीओ ने किया औचक निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**ऊंटारी रोड़।** प्रखंड क्षेत्र के मुसिखाप पंचायत में पंचायत भवन व पंचायत में संचलित अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास का बीडीओ रणबीर कुमार ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में पंचायत में संचालित ज्ञान केंद्र व पंचायत सहायक के कार्यो से अवगत हुए। मौके पर बीडीओ रणबीर कुमार ने कहा प्रत्येक पंचायत भवन में पंचायत सहायक सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक कार्यरत हैं। अब पंचायत से संबंधित किसी भी कार्य के लिए ब्लॉक का चक्कर नहीं काटना पड़ेगा। अब पंचायत सचिवालय में ही सभी कार्य संपादित होंगे। उन्होंने ज्ञान केंद्र के बारे में कहा कि मुसिखाप पंचायत सचिवालय में ज्ञान केंद्र (पुस्तकालय)खुला हैं। इस पंचायत के बच्चे, सरकारी नौकरी की तैयारी करने वाले छात्र, उपनिषद में दिलचस्पी रखने वाले लोग आकर अध्ययन कर सकते हैं। पंचायत सचिवालय के औचक निरीक्षण के बाद बीडीओ रणवीर कुमार ने पंचायत में संचालित अबुआ आवास के लाभुकों से मिल कार्य में तेजी लाने की बात कही। कार्य में लापरवाही बरतने वाले लाभुकों को चिन्हित कर कार्रवाई करने की भी बात कही।

## महिलाओं ने की बट वृक्ष के नीचे पूजा

**हैदरनगर।** बट सावित्री पूजा के मौके पर सोमवार को हैदरनगर के विभिन्न देवालयों स्थित बट वृक्ष के नीचे सुबह से सुहागिन महिलाओं की पूजा अर्चना शुरू हो गई थी। बरेवा स्थित प्राचीन शिव मंदिर के प्रांगण में महिलाओं की काफी भीड़ उमड़ी है। मीरा देवी, अनीता देवी, बेली देवी, बिमला देवी, कंचन, प्रभावती, आशा देवी सहित कई सुहागिनों ने कही कि अपने पतियों की दीघार्यु, सुख-समृद्धि की कामना को लेकर बट वृक्ष के नीचे विधिवत पूजन किया है। वहीं स्थानीय प्रसिद्ध देवी मंछिर प्रागंण, हाईस्कूल के समीप, सलैयाटीकर, गोल्हना, जमुआ कला, लोहरपुरा, सोबा, बभंडी सहित दर्जनों गांवों की महिलाओं ने इस पूजा में बढ़-चढ़कर भाग लिया है।

## शराब के नशे में युवक ने फांसी लगा की आत्महत्या

**सतबरवा।** थाना क्षेत्र के खामडीह नोनिया टोला निवासी लाल बिहारी चौधरी 28 वर्ष पिता शिव चौधरी ने अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही सतबरवा थाना प्रभारी विश्वनाथ कुमार राणा पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर एमएमसीएच मेदिनीनगर में पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि लाल बिहारी चौधरी हमेशा नशा में रहता था। पहले भी सुसाइड करने का प्रयास किया था, लेकिन किसी प्रकार से बचा लिया गया था। उन्होंने कहा कि नशा में वह अपनी जान गवां बैठा। थाना प्रभारी विश्वनाथ कुमार राणा ने बताया कि घर में ही सोमवार को 12 बजे दिन में ढ़लाई छत की पंखे वाली कड़ी में स्टूल से झुलता हुआ शव बरामद किया गया। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक का छह वर्षीय पुत्र व एक पुत्री है।

## राजद के दो कार्यकर्ता बने गढ़वा के डीआरओ

**हैदरनगर।** झारखंड राष्ट्रीय जनता दल के राज्य निर्वाचन पदाधिकारी गिरधारी गोप ने घोषित जिला निर्वाचन पदाधिकारी के नामों में परिवर्तन किया हैं। सहायक राज्य निर्वाचन पदाधिकारी मो. कलामुद्दीन खान की अनुशंसा पर हैदरनगर के दो राजद कार्यकर्ताओं को गढ़वा जिला की जिम्मेवारी सौंपी गई है। उनमें मो. शेख खुर्शीद खान को जिला निर्वाचन पदाधिकारी जबकि पूर्व मुखिया सफीउल्ला खान को सहायक निर्वाचन पदाधिकारी बनाया गया है। इस संबंध अधिसूचना जारी कर उन्हें कर्तव्य और दायित्व का बोध कराते हुए पार्टी और संगठन हित में तेजी से कार्य बढ़ाने का सुझाव दिया गया है।

## सुहागिन महिलाओं ने वट वृक्ष की पूजा की

**पंडवा।** प्रखंड अंतर्गत लोहड़ी ग्राम में सुख,शांति और समृद्धि का प्रतीक वट वृक्ष का पूजा आराधना करने के लिए सुहागिन महिलाएं एकत्रित होकर असीम आशीर्वाद के हिस्सा बनी। वट वृक्ष को त्रिमूर्ति ब्रह्मा,विष्णु, महेश का संयुक्त रूप माना गया है। इस वृक्ष की पूजा अर्चना करने से सभी कष्ट व परेशानियों से मुक्ति मिलती है और जीवन में सुख-शांति और समृद्धि की प्राप्ति होती है। यह व्रत सुहागिन महिलाओं के तप, श्रद्धा और सतीत्व की विजय का भी प्रतीक है।

## पाल संघ का गठनः अहिल्याबाई होलकर की जयंती मनाने का निर्णय

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद शहर के रामबीघा सरकारी विद्यालय के बगल स्थित मुन्ना पाल के आवास पर बैठक का आयोजन किया गया। 31 मई को पूर्व आयोजित मातेश्वरी अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती समारोह का सफल आयोजन को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक में पाल संघ का गठन किया गया। पाल संघ हुसैनाबाद का गठन सर्वसम्मति से कर पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्यों का चयन किया गया। अध्यक्ष रोहित कुमार पाल, उपाध्यक्ष उपेंद्र पाल, सचिव बीरेंद्र पाल, उपसचिव गुड्डू पाल, कोषाध्यक्ष जीतेन्द्र पाल,उप कोषाध्यक्ष बाबूलाल पाल, मीडिया प्रभारी अशोक पाल, उप मीडिया प्रभारी दिलीप भगत, संगठन मंत्री अनिकराज पाल, उप संगठन मंत्री दीपक कुमार पाल, संयोजक घुरा पाल,उप संयोजक जीतेन्द्र पाल, संरक्षक राजेंद्र पाल, मुन्ना पाल, उदय पाल एवं सदस्य के रूप मे दीपक पाल, रमन पाल ,उगेश पाल, संतोष पाल, मनोज, बिमलेश्वर पाल, जगदीश पाल को सर्वसम्मति से चुना गया है।

# आरपीएफ ने बालिका को रेस्क्यू कर परिजनों को सुपुर्द किया



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** सोमवार को ऑन ड्यूटी स्टेशन अधीक्षक मोहम्मदगंज की सूचना पर मोहम्मदगंज के कैंपिंग स्टाफ आरक्षी छोटेलाल यादव ने 18 वर्षीय एक बालिका पूजा कुमारी को उसके पिता हरेराम राम को सुपुर्द किया। पूजा कुमारी, ग्राम सखारा, थाना डालमियानगर, जिला रोहतास, बिहार की निवासी है। ऑन ड्यूटी स्टाफ ने उसे रेस्क्यू कर राजेश कुमार मीणा निरीक्षक प्रभारी जपला के आदेशानुसार रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट जपला सड़क मार्ग से लाया गया। उक्त बच्ची को काउंसलिंग के बाद उसके पिता हरे राम राम को आरपीएफ पोस्ट जपला पर उपस्थित होने व अपनी बच्ची पूजा कुमारी की पहचान करा कर पूजा कुमारी को उसके पिता हरेराम राम के सुपुर्द कर दिया गया। बच्ची के पिता ने उपस्थित गवाहों के समक्ष सही सलामत अपनी बच्ची को अपने घर लेकर गए। लड़की के पिता हरेराम ने कहा कि उनकी बच्ची बिछड़ गई थी। आरपीएफ और रेलकर्मियों के वह आभारी है। उन्होंने बच्ची को अकेला देख उसे आरपीएफ पोस्ट जपला लाकर घर के लोगों को सूचना दी। उन्होंने आरपीएफ जपला पोस्ट के प्रभारी निरीक्षक व कर्मियों का आभार जताया है।

## डीपीआर तैयार करने के निर्णय से खंडहर बन गए आइबी के दिन बहुरने की उम्मीद जगी

# भीमचूल्हा के साथ यह भी एक बड़ी उपलब्धि के रूप में शामिल हो जाएगी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** जिला पर्यटन संवर्धन समिति की बैठक में भीम चूल्हा सहित जिले के अन्य कई पर्यटक स्थलों को अपग्रेड करने को लेकर डीपीआर तैयार करने के निर्णय में खंडहर बन गए निरीक्षण भवन को भी शामिल करने से इसके भी कायाकल्प होने की उम्मीद जग गई है। बताया जाता है कि इससे पहले उपायुक्त शशिरंजन ने अन्य अधिकारियों के साथ अप्रैल में इस स्थल का निरीक्षण किया था, तभी से भीमबराज और मुख्य नहर निर्माण के प्रारंभिक चरण में भौंराहा पर्वत के मध्य में बनाए गए (अब खंडहर) निरीक्षण भवन के दिन बहुरने का आसार बढ़ गया था। इससे पहले भी इसकी दयनीय स्थिति को देखते हुए सांसद वीडी राम के भी इसके कायाकल्प कराने की पहल करने की बात सामने आई थी। अब जबकि जिला पर्यटन संवर्धन समिति की बैठक में इसे लेकर डीपीआर तैयार करने का निर्णय ले लिया गया है, तो लोगों का कहना है कि इसके कायाकल्प से इसके गौरवशाली अतीत की पुनर्स्थापना होगी। पर्यटक स्थल भीमचूल्हा में आए सैलानियों को विश्राम गृह के साथ ही इस स्थल से नयनाभिराम और विहंगम प्राकृतिक सौंदर्य के अवलोकन और आनंद की अनुभूति प्राप्त करने का सुविधाजनक और बेहतर स्थान मिलेगा। जानकर बताते हैं कि जब यह पर्वतीय निरीक्षण भवन बना था, तब मंत्री, विधायक और शीर्ष स्तर के अभियंताओं के विश्राम की पसंदीदा जगह थी। इस जगह से दूरदराज के प्राकृतिक सौंदर्य के नयनाभिराम नजारे देखे जा सकते हैं। यही वजह है कि इसके देखरेख और रखरखाव के अभाव में इसके खंडहर में तब्दील होने के बाद भी पिकनिक टाइम पर यह भी सैलानियों की पसंदीदा जगह में शामिल होता है। इसका कायाकल्प हो जाता है, तो टूरिज्म को और अधिक बढावा मिलेगा। पर्यटक स्थल भीमचूल्हा के साथ यह भी एक बड़ी उपलब्धि के रूप में शामिल हो जाएगी। इस भवन के 10 कमरों के वेलमेंन्टेन होने से खासकर वीवीआइपी के आगमन और विश्राम के लिए भी माकूल स्थान उपलब्ध होगा।

# अवैध हथियार के साथ दो युवक गिरफ्तार



● पिपराटांड़ थाना पुलिस की कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के पिपराटांड़ थाना क्षेत्र में रविवार को संध्या गश्ती के दौरान पुलिस ने दो युवकों को अवैध देशी कट्टा और जिंदा कारतूस के साथ रंगेहाथ गिरफ्तार किया। पिपराटांड़ थाना कांड संख्या-12/2025, धारा 25(1-बी) ए/26/35 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में शिवम कुमार (24 वर्ष), ग्राम लोथरवा तथा सतवन्त कुमार सिंह (22 वर्ष), ग्राम हरना, दोनों थाना पांकी जिला पलामू के निवासी हैं।

स.अ.नि. रसियन तिडू के नेतृत्व में पुलिस टीम हेसातू टोला बनखेता स्थित पांकी-चतरा मुख्य मार्ग पर वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पांकी की ओर से तेज गति से आ रही एक हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल (नंबर JH03AH0579) को रोकने का इशारा किया गया। मोटरसाइकिल सवार शिवम कुमार को मौके पर ही पकड़ लिया गया, जबकि पीछे बैठा सतवन्त कुमार कूदकर भागने लगा जिसे दौड़ाकर दबोच लिया गया।

तलाशी के क्रम में शिवम कुमार के पैंट में खोंसा हुआ एक देशी कट्टा एवं सतवन्त कुमार सिंह के जेब से दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। साथ ही मोटरसाइकिल व दो एंड्रॉयड मोबाइल भी जब्त किए गए। दोनों को गिरफ्तार कर थाना लाया गया।

# शिक्षा का अधिकार कानून के अनुपालन को लेकर उपायुक्त सख्त

● 30 दिनों में रिक्त सीटों पर नामांकन पूर्ण करने का निर्देश, उल्लंघन पर मान्यता रद्द की चेतावनी

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** जिले में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को शिक्षा का अधिकार कानून के तहत निजी विद्यालयों में नामांकन दिलाने को लेकर जिला प्रशासन गंभीर है। सोमवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त शशि रंजन ने जिले के निजी विद्यालय प्रबंधकों के साथ बैठक की और शिक्षा का अधिकार कानून के तहत नामांकन की प्रगति की गहन समीक्षा की।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने निजी विद्यालयों से प्रवेश कक्षाओं में निर्धारित सीटों, RTE के तहत आवंटित सीटों, नामांकन शुल्क, बस शुल्क, वार्षिक एवं मासिक शुल्क, विद्यालय की यू-डायस स्थिति, सीसीटीवी अधिष्ठापन, स्कूल बसों में सुरक्षा व्यवस्था आदि की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने नामांकन में लापरवाही पर जिला शिक्षा अधीक्षक पर नाराजगी जताई और सभी विद्यालयों में समयबद्ध नामांकन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि यदि किसी विद्यालय ने शिक्षा का अधिकार कानून का अनुपालन नहीं किया तो उसकी मान्यता रद्द की जा सकती है। उन्होंने ऐसे विद्यालयों को शो-कॉज नोटिस जारी करने का निर्देश दिया और चेताया कि नामांकन में उदासीनता बरतने वालों पर जुर्माना भी लगाया जाएगा।

विद्यालयों में सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगाए जाने तथा स्कूल बसों में फर्स्ट एड बॉक्स और अन्य सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, सभी विद्यालय परिसरों में नशीले पदार्थों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की बात कही गई। कक्षा 9, 10 और 11 वाले विद्यालयों के आस-पास किसी भी प्रकार की नशीली वस्तुओं की बिक्री न हो, इस पर विद्यालय प्रबंधन को निगरानी रखने और प्रत्येक माह रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त, विद्यालयों में एनीमिया टेस्ट कैंप भी आयोजित कराने को कहा गया। बैठक के अंत में उपायुक्त ने बताया कि आगामी 15 दिनों में जिले में एक एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) आधारित प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। यह प्रतियोगिता सभी विद्यार्थियों के लिए खुली रहेगी और इसके माध्यम से उनकी एआई लर्निंग क्षमता का मूल्यांकन किया जाएगा।

# वट सावित्री पूजा में उमड़ा आस्था का सैलाब



● पति की दीर्घायु के लिए महिलाएं करती हैं व्रत और पूजन : आचार्य प्रियरंजन पाठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पति के दीर्घायु और सुखद जीवन की कामना के लिए महिलाएं पारंपरिक रूप से वटसावित्री व्रत करती हैं। यह व्रत ज्येष्ठ मास की अमावस्या तिथि को किया जाता है। आचार्य प्रियरंजन पाठक ने बताया कि इस व्रत का विशेष महत्व है, क्योंकि सावित्री जैसी पतिव्रता नारी ने अपने तप और संकल्प से यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राण वापस ले लिए थे। उसी भाव से महिलाएं अपने पतियों के जीवन की रक्षा के लिए इस व्रत को करती हैं। आचार्य पाठक ने सोमवार को मेदिनीनगर में वट वृक्ष के नीचे एकत्रित महिलाओं को विधिवत पूजा-अर्चना कराई और वटसावित्री व्रत की कथा सुनाई। इस दौरान श्रद्धा और भक्ति का वातावरण बना रहा। गौरतलब है कि आचार्य प्रियरंजन पाठक राष्ट्रीय सेवा मंच के केंद्रीय अध्यक्ष सहित कई संगठनों में राज्य व राष्ट्रीय स्तर की जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हैं, फिर भी वे पूजा-पाठ और सांस्कृतिक परंपराओं को पूरी आस्था और निष्ठा के साथ निभाते हैं।

# मारवाड़ी युवा मंच की बैठक में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का हुआ सम्मान

● प्रांतीय सहायक मंत्री नीरज कामदार ने दिलाई शपथ, संयोजकों को सौंपे गए मनोनयन पत्र

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** कोयल नदी तट स्थित महाराजा अग्रसेन भवन में 25 मई, 2025 को मारवाड़ी युवा मंच की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम में मंच के झारखंड प्रांतीय सहायक मंत्री नीरज कामदार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक की शुरुआत दीप प्रज्वलन से की गई। इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष संदीप केजरीवाल, सचिव सौरभ सराफ, कोषाध्यक्ष निशांत सिंघानिया सहित पूरी कार्यकारिणी का मंच पर स्वागत किया गया। सचिव सौरभ सराफ ने मंच के विभिन्न कार्यक्रम संयोजकों की घोषणा की और उन्हें मनोनयन पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि यह पत्र संयोजकों को उनके कार्यकाल में प्रेरित एवं उत्तरदायी बनाने के उद्देश्य से दिया गया है। नीरज कामदार ने अध्यक्ष संदीप केजरीवाल को शपथ दिलाई और उनके दायित्वों की जानकारी दी। निवर्तमान अध्यक्ष विकास उदयपुरी एवं सचिव सज्जन संघाई ने पूरी कार्यकारिणी को सामूहिक शपथ दिलाई। पूर्व अध्यक्ष उदयपुरी ने एक मार्मिक गीत के माध्यम से अपने कार्यकाल के अनुभव साझा किए। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रगान प्रस्तुत किया गया और सचिव सौरभ सराफ ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ सदस्य आलोक सावरिया, प्रदीप केजरीवाल, मनोज भिवानिया, अनुपम तुलस्यान सहित अनेक युवा सदस्य उपस्थित थे। संचालन भरत सांवरिया ने किया।

मंच के सह-सचिव एवं मीडिया प्रभारी अंकित पोद्दार व सह-मीडिया प्रभारी रवि कामदार ने कार्यक्रम की जानकारी दी।

# पलामू में पुलिस व माओवादियों के बीच मुठभेड़ टॉप कमांडर को गोली लगने की सूचना

● हुसैनाबाद इलाके में सर्च ऑपरेशन के दौरान हुई घटना, पुलिस ने पूरे इलाके को घेरा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के हुसैनाबाद इलाके में सोमवार रात पुलिस और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में एक टॉप माओवादी कमांडर को गोली लगने की सूचना है। पुलिस ने पूरे इलाके को घेर लिया है और सर्च ऑपरेशन जारी है।

पुलिस को जानकारी मिली थी कि 15 लाख के इनामी माओवादी नितेश यादव का दस्ता किसी बड़ी वारदात की तैयारी कर रहा है। इसी सूचना पर पुलिस ने जंगलों में सर्च ऑपरेशन शुरू किया। ऑपरेशन के दौरान माओवादियों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की। इसमें एक माओवादी कमांडर के घायल होने की खबर है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ वाला क्षेत्र घना जंगल है। वहां अतिरिक्त पुलिस बल भेजा गया है और हर तरफ से इलाके की घेराबंदी की गई है ताकि माओवादी भाग न सकें।

पुलिस सूत्रों ने मुठभेड़ की पुष्टि की है और बताया इलाके में तलाशी अभियान जारी है।

गौरतलब है कि हुसैनाबाद और बिहार सीमा से लगे इलाकों में माओवादी नितेश यादव का दस्ता सक्रिय है। वह झारखंड-बिहार रीजनल कमेटी का सदस्य है और उस पर 15 लाख रुपये का इनाम घोषित है। फिलहाल पुलिस पूरे इलाके में चौकसी बरतते हुए सर्च ऑपरेशन चला रही है।

# पलामू के खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन

● आर्यन ने गोल्ड, विशेष ने सिल्वर जीतकर जिले का नाम किया रोशन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड स्टेट एथलेटिक्स एसोसिएशन और बोकारो जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में 25-26 मई 2025 को चंदनक्यारी स्थित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स स्टेडियम में 14वीं सीनियर राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता आयोजित हुई। इस प्रतियोगिता में पलामू जिले से प्रवीण महतो के नेतृत्व में बालक-बालिका खिलाड़ियों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता में पलामू के आर्यन कुमार ने 110 मीटर बाधा दौड़ में स्वर्ण पदक (गोल्ड मेडल) जीता, वहीं विशेष कुमार सिंह ने रजत पदक (सिल्वर) प्राप्त कर जिले को गौरवान्वित किया। दोनों खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर पलामू जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजात शत्रु प्रसाद सिन्हा और सचिव संजय कुमार त्रिपाठी ने खुशी व्यक्त की और उन्हें शुभकामनाएं दीं।

शुभकामना देने वालों में जिला खेल पदाधिकारी, ओलंपिक संघ अध्यक्ष किशोर कुमार पांडे, वरीय उपाध्यक्ष कमलानंद दुबे, संरक्षक महेंद्र कुशवाहा, योगासन संघ सचिव अनिल पांडे, वूशु संघ अध्यक्ष रमेश चंद्र प्रसाद व सचिव सुमित वर्मन, वेटलिफ्टिंग संघ सचिव अभिलाष चंचल, साइक्लिंग संघ अध्यक्ष शशिकांत त्रिपाठी व सचिव सिद्धार्थ कुमार, रायफल शूटिंग संघ अध्यक्ष अमरेंद्र पाठक व सचिव अशोक कुमार सिंह, शारीरिक शिक्षक द्वारिका प्रसाद, एथलेटिक्स कोच रेशमा पांडे, प्रीति कुमारी व सोनी कुमारी सहित कई लोगों ने खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## राज्य उडबॉल प्रतियोगिता में पलामू के प्रीतम और रीतांशु ने जीते मेडल

**मेदिनीनगर।** रांची जिला उडबॉल एसोसिएशन और झारखंड राज्य उडबॉल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में जयपाल सिंह स्टेडियम, रांची में आयोजित राज्य स्तरीय उडबॉल कैम्प व प्रतियोगिता में पलामू के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। कोच आशुतोष कुमार पांडे के नेतृत्व में संत मरियम स्कूल, मेदिनीनगर के प्रीतम प्रसाद ने स्वर्ण पदक (गोल्ड) और रीतांशु गुप्ता ने रजत पदक (सिल्वर) प्राप्त कर विद्यालय और जिले का नाम रोशन किया। इन उपलब्धियों पर स्कूल के डायरेक्टर अविनाश देव, प्रिंसिपल आदर्श कुमार, सभी शिक्षक व शिक्षकेतर कर्मचारी, पलामू जिला ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष किशोर कुमार पांडे, सचिव संजय कुमार त्रिपाठी और वरीय उपाध्यक्ष कमला नंद दुबे ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# रक्तदान के क्षेत्र में महिलाओं को बढ़ावा देने की जरूरत : संजू शुक्ला



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सामाजिक कार्यकर्ता और पूर्व सैनिक बृजेश कुमार शुक्ला एवं उनकी पत्नी संजू शुक्ला ने अपनी पुत्री खुशी शुक्ला के जन्मदिन के अवसर पर डाल्टनगंज सदर अस्पताल के ब्लड बैंक में रक्तदान किया। इस दौरान श्री शुक्ला ने कहा कि बेटियां बुढ़ापे की लाठी होती हैं और आज के समय में बेटा-बेटी में कोई भेदभाव नहीं होना चाहिए। उन्होंने सभी से अपील की कि वे अपने और अपने परिवार के सदस्यों के जन्मदिन या अन्य अवसरों पर रक्तदान कर पलामू ब्लड बैंक की रक्त की कमी को पूरा करने में सहयोग करें। रक्तदाता संजू शुक्ला ने कहा कि अधिकांश मामलों में महिलाओं को रक्त की अधिक आवश्यकता होती है। इसलिए महिलाओं को भी रक्तदान में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए ताकि गर्भवती और रक्त की कमी से पीड़ित अन्य महिलाओं को समय पर रक्त उपलब्ध कराया जा सके।

इस अवसर पर पलामू प्रमंडल में पिछले दस वर्षों से रक्तदान जागरूकता अभियान चला रहे सामाजिक कार्यकर्ता और सहायक अध्यापक धीरज मिश्रा ने भी लोगों से अपने जन्मदिन या किसी अन्य शुभ अवसर पर रक्तदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि रक्तदान जीवनदान है और सभी को इसमें सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए ताकि रक्त की कमी पूरी हो सके। कार्यक्रम में डीपीएम प्रदीप कुमार, एमओ डॉक्टर रवि कुमार, रेडक्रॉस के ब्लड बैंक प्रोजेक्ट चेयरमैन आलोक वर्मा, अनुपम तुलस्यान, नवनीत कुमार, और सुनील कुमार भी उपस्थित थे।

# पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के स्वागत को लेकर भाजपा कार्यकर्ता हुए एकजुट



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता रघुवर दास का आज शाम मेदिनीनगर आगमन हुआ। उनके स्वागत के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों द्वारा जोरदार तैयारियां की गई थी। पूर्व मुख्यमंत्री का स्वागत समारोह आज संध्या 7:30 बजे ठाकुरबाड़ी मंदिर परिसर (हीरो शोरूम के समीप), रेडमा चौक, मेदिनीनगर में आयोजित किया गया था।

भाजपा जिलाध्यक्ष अमित कुमार तिवारी ने सभी सम्मानित जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों, नेताओं और कार्यकर्ताओं से समय पर पहुंचकर स्वागत समारोह को सफल बनाने हेतु धन्यवाद दिया। रघुवर दास के आगमन को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह था और उनका भव्य स्वागत किया गया।

# सेविका/सहायिका चयन प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करें : उप विकास आयुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश पर सोमवार को समाहरणालय के ब्लॉक सी स्थित डीआरडीए सभागार में उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने समाज कल्याण विभाग अंतर्गत बाल विकास परियोजनाओं की समीक्षा बैठक की। बैठक में योजनाओं के ससमय क्रियान्वयन और केंद्रों की भौतिक व्यवस्था की प्रगति पर विशेष जोर दिया गया।

उप विकास आयुक्त ने आंगनबाड़ी केंद्रों में सेविका/सहायिका के रिक्त पदों पर चयन प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि जिले के 2625 आंगनबाड़ी केंद्रों में अब भी 68 सेविका और 248 सहायिका के पद रिक्त हैं। पाटन परियोजना में विभागीय निर्देश के बावजूद चयन प्रक्रिया आरंभ न होने पर उन्होंने संबंधित कार्यालय सहायक का वेतन स्थगित करने का निर्देश दिया।

**भवन, विद्युत और जल सुविधा की समीक्षा :** बैठक में किराए के भवनों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों में शत-प्रतिशत विद्युतीकरण सुनिश्चित करने और सरकारी भवनों में एक सप्ताह के भीतर बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराने का आदेश दिया गया। साथ ही पेयजल और शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के लिए पीएचईडी विभाग से समन्वय बनाने का निर्देश भी दिया गया। चेहरा प्रमाणीकरण कार्य की धीमी प्रगति पर उप विकास आयुक्त ने नाराजगी जताई। नीलांबर-पीतांबरपुर परियोजना को छोड़कर शेष सभी परियोजनाओं की महिला पर्यवेक्षिकाओं का वेतन अगले आदेश तक स्थगित करने का आदेश दिया गया। साथ ही 31 मई तक शत-प्रतिशत प्रमाणीकरण पूर्ण कराने का स्पष्ट निर्देश भी दिया।

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में 70% लक्ष्य हासिल न करने वाली महिला पर्यवेक्षिकाओं का वेतन भी अगले आदेश तक रोकने का निर्णय लिया गया।

# महिलाओं ने वट सावित्री व्रत रख किया अमर सुहाग का संकल्प

**मेदिनीनगर।** जिला मुख्यालय समेत विभिन्न स्थानों पर सोमवार को सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की दीर्घायु एवं सुख-समृद्धि की कामना के साथ श्रद्धापूर्वक वट सावित्री व्रत किया। सूर्योदय के साथ ही महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में पूजा स्थल पर पहुंचने लगी थीं। उन्होंने विधि-विधान के साथ वट वृक्ष की पूजा कर कच्चे सूत से परिक्रमा की। बरगद के पेड़ के नीचे बैठकर महिलाओं ने व्रत कथा श्रवण किया। यह व्रत प्रातः से दोपहर तक चलता रहा। इस पावन अवसर पर शहरी क्षेत्रों की अधिकांश सनातनी महिलाएं मां अष्टभुजी मंदिर, शांतिपुरी, सुदना, कंदाखांड, बारालोटा शिव मंदिर सहित विभिन्न पूजा स्थलों पर एकत्रित हुईं। वहां उन्होंने व्रक्ष में सूत बांधकर परिक्रमा करते हुए अखंड सौभाग्य की कामना की। पूजन में फल, फूल, नारियल, मिष्ठान्न व अन्य पारंपरिक सामग्री अर्पित की गई। मां अष्टभुजी मंदिर के पुजारी पं. घनश्याम तिवारी शांडिल्य ने कथा के दौरान बताया कि वट सावित्री व्रत स्त्रियों का एक महत्वपूर्ण पर्व है, जिसमें सावित्री द्वारा अपने मृत पति सत्यवान के प्राण यमराज से वापस लाने की कथा जुड़ी है।

# हिंदी साहित्य भारती ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का किया अभिनंदन, 'गोदान' काव्य रूपांतरण की पुस्तक भेंट की

**मेदिनीनगर।** रांची के स्वर्ण भूमि वेंकट हॉल में राजस्थान फाउंडेशन द्वारा आयोजित एक भव्य नागरिक अभिनंदन समारोह में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का हिंदी साहित्य भारती, रांची के पदाधिकारियों ने स्वागत और अभिनंदन किया। इस अवसर पर संस्था के प्रांतीय महामंत्री राकेश कुमार ने अपनी रचित पुस्तक 'गोदान' (काव्य रूपांतरण) लोकसभा अध्यक्ष को भेंट की, जो साहित्य प्रेमियों के लिए एक खास क्षण साबित हुआ। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कार्यक्रम में साहित्य के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि प्रेमचंद जैसे महान लेखक के कालजयी उपन्यास 'गोदान' को काव्य रूप में प्रस्तुत करना नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि साहित्य और संस्कृति के साथ जुड़ाव सामाजिक और सांस्कृतिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। उनका यह संदेश कार्यक्रम के सभी उपस्थित लोगों के लिए प्रेरणादायक रहा। कार्यक्रम में हिंदी साहित्य भारती के अध्यक्ष बलराम पाठक, संगठन महामंत्री अजय राय, उपाध्यक्ष संजय सर्राफ, कोषाध्यक्ष त्रिपुरेश्वर मिश्र, मीडिया प्रभारी संजीव दत्ता सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे। समारोह में साहित्यकारों, बुद्धिजीवियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं की उपस्थिति ने इसे और भी खास बना दिया। इस उपलब्धि पर पलामू के वरिष्ठ शिक्षाविद और साहित्यकार प्रो. सुभाषचंद्र मिश्र ने राकेश कुमार की प्रशंसा करते हुए इसे पलामू के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया। साथ ही कवि राकेश कुमार को बधाई और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। पलामू के कई अन्य कवि और साहित्यकार भी इस खुशी में शामिल हुए और राकेश कुमार को शुभकामनाएं दीं। इस प्रकार यह आयोजन न केवल लोकसभा अध्यक्ष का अभिनंदन था, बल्कि साहित्य और संस्कृति के महत्व को भी उजागर करने वाला एक यादगार कार्यक्रम रहा।

# रघुवर दास का सपना अधूरा, मेडिकल कॉलेज बना 'रेफर सेंटर': अरुणा शंकर

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** शहर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने सोमवार को अचानक राजा मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं की बदहाली पर गहरा रोष प्रकट किया। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास का सपना था कि पलामू में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो, लेकिन आज भी मेडिकल कॉलेज 'रेफर टू रांची' सेंटर बनकर रह गया है। निरीक्षण के दौरान पाया कि ओपीडी में डॉक्टरों की भारी कमी है और मरीजों को प्रशिक्षु छात्र-छात्राएं देख रहे हैं। उन्होंने बताया कि डॉक्टरों का तीन घंटे का लंच ब्रेक ग्रामीण मरीजों के लिए परेशानी का कारण बन रहा है। कई मरीज डॉक्टर की प्रतीक्षा में घंटों बैठे रहते हैं। उन्होंने बताया कि कोरोना काल में स्थापित ऑक्सीजन प्लांट निष्क्रिय पड़ा है, महिला वार्ड में पीने के पानी की व्यवस्था तक नहीं है, ऑर्थो ऑपरेशन थिएटर का मॉनिटर खराब है, और इमरजेंसी वार्ड का सीलिंग गिरने की स्थिति में है। शौचालय अत्यधिक गंदे हैं और कोई भी वेटिंग स्पेस मौजूद नहीं है।

प्रथम महापौर ने कहा कि महिला डॉक्टर की कमी के कारण महिला मरीज बिना उपचार के वापस लौट रही हैं। डॉक्टर द्वारा लिखी गई दवाएं अस्पताल में नहीं मिलतीं। उन्होंने आरोप लगाया कि यह सब देख कर लगता है जैसे मेडिकल कॉलेज की स्थापना सिर्फ कागज़ों में हुई हो। अरुणा शंकर ने हाल ही में सामने आए नकली दवा मामले को लेकर कहा कि "यह शराब घोटाले से बड़ा दवा घोटाला है, जो मानवता के साथ अन्याय कर रहा है।" उन्होंने सरकार की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए कहा कि न केवल लोगों की बीमारी बढ़ेगी, बल्कि कुछ मौत के कगार पर भी पहुंच सकते हैं। पूर्व महापौर ने इन तमाम समस्याओं को लेकर अधीक्षक डॉ. अजय कुमार से भी बात की, लेकिन उन्हें अस्पताल की व्यवस्था पर कोई असंतोष नजर नहीं आया। उन्होंने सवाल किया, "क्या इसी स्थिति के लिए रघुवर दास जी ने मेडिकल कॉलेज का सपना देखा था?" इस मौके पर अरुणा शंकर ने अस्पताल प्रबंधन और सरकार से शीघ्र हस्तक्षेप की मांग की।

# सुहागिनों ने श्रद्धा व आस्था से किया व्रत

### पति की लंबी उम्र की कामना की



नवीन मेल संवाददाता

**मझिआंव/बरडीहा।** वट सावित्री व्रत के पावन अवसर पर मझिआंव व बरडीहा प्रखंड क्षेत्र में सुहागिन महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार व्रत कर पूजा-अर्चना की। नगर पंचायत क्षेत्र के शिव मंदिर परिसर, देवी मंदिर के समीप सहित ग्रामीण इलाकों के दर्जनों स्थानों पर अहले सुबह से ही महिलाएं सजी-धजी नजर आईं। महिलाओं ने स्नान कर सोलह श्रृंगार किया और वटवृक्ष (बरगद के पेड़) के नीचे विधिवत पूजन किया। व्रती महिलाओं ने सावित्री और सत्यवान की कथा सुनी और वटवृक्ष की परिक्रमा कर पीले धागे से वृक्ष को बांधा। इस दौरान उन्होंने पति की दीर्घायु, सुख-समृद्धि एवं परिवार की मंगलकामनाओं के लिए प्रार्थना की। पूजा के दौरान मंदिर परिसर और पूजन स्थलों पर भक्तिमय माहौल रहा। कई जगहों पर सामूहिक रूप से भी महिलाओं ने पूजा की। वट सावित्री व्रत को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में खासा उत्साह देखने को मिला। परंपरागत वेशभूषा में सजी महिलाएं सुहाग की सामग्री जैसे चूड़ी, बिंदी, सिंदूर, पायल, आलता आदि से श्रृंगारित होकर पूजन स्थल पहुंचीं। व्रत में निर्जला उपवास रखकर पूरे दिन पूजा करने का विशेष महत्व होता है।

## सुहागिनों ने की पति की लंबी आयु की कामना

**कांडी।** प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में सोमवार को सुहागिन महिलाओं ने आस्था व परंपरा के अनुसार वट सावित्री के अवसर पर वट वृक्ष का विधिवत पूजा अर्चना कर अपने पति की लंबी आयु, सुख, समृद्धि और जीवन में शांति हेतु भगवान से कामना की। इस अवसर पर क्षेत्र के कई गांवों में सुहागिन महिलाओं ने वट वृक्ष के नीचे बैठकर पंडितों द्वारा सावित्री व सत्यवान की कथा श्रवण के साथ दान पुण्य किया। इस अवसर पर भीलमा, अमडीहा, चंद्रपुर, जमुआ, शिवरी, सीमौरा, कांडी, लमारी कला, घटहुआ कला, सेतों, हरिगावां, सननी, अधौरा, खुटहेरिया, बलियारी सहित कई गांवों की सुहागिन महिलाओं ने प्रातःकाल स्नान कर फलाही रहकर वट वृक्ष का पूजा अर्चना की।

## पति की लंबी उम्र के लिए सुहागिनों ने की वट सावित्री पूजा



नवीन मेल संवाददाता

**रमना।** पति की लंबी उम्र के लिए सुहागिनों ने सोमवार को वट वृक्ष के नीचे निर्जला व्रत रख वट सावित्री पूजा कर पति की लंबी उम्र, सुख समृद्धि और खुशहाल जिंदगी की कामना की। वट सावित्री के पूजा के बाद व्रती वट वृक्ष को कच्चा सूत से गोल गोल घूम कर लपेटती हैं, जिसकी संख्या कम से कम सात और अधिकतम 108 बार परिक्रमा करती हैं। इसके बाद अपने पति से आशीर्वाद लेती,बांस के बने बेना (हाथ पंखा )से से हवा करती हैं, और शरबत बना कर पति को पीलाती हैं। पुराणों के अनुसार इस वृक्ष में त्रिदेव का वास हैं और लटके हुए लताओ में सावित्री देवी का वास माना जाता हैं। इस वृक्ष को पर्यावरण के लिए सबसे महत्वपूर्ण और उपयोगी माना गया हैं। वट वृक्ष के अगल-बगल वातावरण शुद्ध और स्वच्छ बना रहता हैं। पर्यावरण के लिए वैज्ञानिको ने भी इस वृक्ष को अती महत्वपूर्ण बताया हैं।

## सुहागिन ने पति के लंबी उम्र के लिए की पूजा

**रंका।** सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र के लेकर वट वृक्ष का पूजा अर्चना की। सोमवार प्रखंड के अंधारी बगीचा रंका प्लस टू हाई स्कूल, रंका थाना मोड़, रंका गिदीयाही नदी, खरडीया पंचायत, सोनदाग पंचायत के भलुआनी में वट वृक्ष के नीचे महिलाएं ने अपने पति के लंबी उम्र के लेकर वट वृक्ष का पूजा अर्चना किया। पंडित संजय पांडेय ने बताया कि शास्त्र विधि विधान के मुताबिक सुबह 8 बजे से सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र के लेकर महिलाएं पूजा अर्चना की। मान्यता है कि आज के ही दिन सावित्री ने अपने पति का प्राण यमराज से वापस लिया था।

## हेमंत सरकार में अपराधिक घटनाएं चरम पर: वीडी राम

नवीन मेल संवाददाता

मेराल। पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने सोमवार को अपने संसदीय क्षेत्र अन्तर्गत गढ़वा जिले के मेराल प्रखंड के लखेया गांव एवं रेंजो में विगत दिनों वज्रपात से हुई शम्भू बैठा एवं धर्मेन्द्र राम की दुःखद मौत पर उनके घर पहुंचकर पीड़ित परिजनों से मुलाकात कर उनके प्रति संवेदनायें व्यक्त की। उन्होंने परिजनों को हर संभव मदद करने का आश्वासन भी दिया। साथ ही लखेया गांव में कुछ दिन पहले चन्दन पासवान को कुआं में डूबने से मौत मामले पर उनके परिवार से भी मुलाकात किया और उक्त मामले से संबंधित पदाधिकारियों से बात कर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने एवं दोषियों को दंड दिलाने का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान हेमंत सरकार में आपराधिक घटनायें अपनी चरम पर है और अपराधी भी निरंकुश है। मेराल प्रखंड के ग्राम गोंदा में भाजपा कार्यकर्ता नंदू कुशवाहा के विगत दिनों करंट लगने से हुई असमायिक मौत पर उनके घर पहुंचे और शोक संतप्त परिवार से मिलकर उन्हें ढाढ़स बंधाया। मेराल स्थित भारतीय जनता पार्टी के नेता व विधायक प्रतिनिधि डॉक्टर लालमोहन के पुत्र तरुण देव के वज्रपात से हुई मौत पर भी उनके घर पहुंचकर पीड़ित परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त किया। सांसद ने गढ़वा के भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता गौरी शंकर बिन्द के बहू की लंबी बीमारी से हुई असमायिक मृत्यु पर उनके घर पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की और गहरी संवेदनाये प्रकट की। साथ ही हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। मौके पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता विनय चौबे जिला सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे सूरज गुप्ता भोला चंद्रवंशी मंडल अध्यक्ष रूपु महतो, विजय गुप्ता, चंद्रमणि पाठक, महेंद्र सिंह, अरविंद पांडेय, सांसद के निजी सचिव अलख दुबे, सहित कई लोग उपस्थित थे।

## सुहागिन महिलाओं ने रखा निर्जला उपवास, की पूजा



नवीन मेल संवाददाता

**धुरकी।** सुहागिन महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार व्रत कर पूजा-अर्चना की। सुहागिन महिलाएं पति की लंबी आयु के लिए व्रत रखती हैं। इस दिन महिलाएं पति के लिए दीर्घायु और सुखी वैवाहिक जीवन के लिए निर्जला उपवास रखती है। धुरकी प्रखंड के फोरेस्ट कार्यालय में लगे वट वृक्ष में महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही वट वृक्ष के नीचे सुहागिन महिलाएं अपने पति की दीर्घायु कामना को लेकर पूजा अर्चना व परिक्रमा की। मौली धागा बांधा और अपने पति की दीर्घायु की मंगलकामना की। वट सावित्री सुहागिन महिलाएं अखंड सौभाग्य के लिए व्रत रखती हैं। प्रत्येक वर्ष ज्येष्ठ माह की अमावस्या तिथि के दिन यह व्रत रखा जाता है. इस दिन सुहागिन महिलाएं वट वृक्ष के नीचे पूजा अर्चना करती हैं।

## प्रखंड क्षेत्र में वट सावित्री पूजा धूमधाम से मनाया गया

नवीन मेल संवाददाता

**भवनाथपुर।** प्रखंड में सोमवार को वट सावित्री व्रत धूमधाम से मनाया गया। हिन्दू धर्मावलंबी महिलाओं ने व्रत रखकर सुहाग के कल्याण एवं रक्षा की कामना की। व्रत को लेकर प्रातः से ही महिलाओं का हुजूम प्रखंड के विभिन्न बरगद पेड़ के नीचे दिखने लगा था। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच महिलाओं ने पंचोपचार विधि से वट वृक्ष का पूजन किया एवं वृक्ष में कच्चा सूत बांधकर परिक्रमा की। लाल-पीली साड़ियों में सजी महिलाओं ने बताया कि वह इस पर्व को लेकर आज व्रत धारण करेंगी। उन्होंने पूजन के उपरांत सदा-सुहागिन रहने की मनौती मांगी है। सुहागिनों ने इस व्रत के संदर्भ में पूनम देवी, नेहा देवी, ललिता देवी,संगीता देवी, अंशु देवी, सीमा देवी, रेखा देवी, आरती देवी, सरिता देवी, आरती देवी, मंजू देवी ने बताया कि पुरातनकाल में सती सावित्री ने इस व्रत को किया था। सदा-सुहागन रहने की मंगलकामना की थी। व्रत के परिणामस्वरूप उनके पति की उम्र पूरी हो जाने के बाद भी यमराज ने पुनः जीवनदान दिया था। तबसे यह व्रत पृथ्वीलोक पर प्रचलित है और सुहागिन महिलाएं इस व्रत को धारण करती रही हैं। व्रत को लेकर दिनभर सड़कों पर रंग-बिरंगे परिधानों में सजी महिलाओं की भीड़ देखी गई। वट सावित्री का पर्व हिंदू धर्म का महत्वपूर्ण त्यौहार है। इस दिन परंपरा अनुसार सुहागिनें स्त्री पुराने वट (बरगद) वृक्ष की पूजा कर उसे पीले धागे से बांधकर उसका फेरा लगाती हैं। पुराणों के अनुसार वट सावित्री के ही दिन सती ने यमराज से अपने पति के प्राण बचाकर लाए थे। वट सावित्री व्रत नारी शक्ति और पति के प्रति समर्पण भाव का प्रतीक माना जाता है, जिसे पूरे श्रद्धा भाव से मनाया गया।

## कॉफी विद एसडीएम का 25 वां सप्ताह, जिले के अधिवक्ता को एसडीएम ने बुलाया कॉफी पर

**गढ़वा।** अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार द्वारा चलाए जा रहे साप्ताहिक संवाद कार्यक्रम कॉफी विद एसडीएम में इस बार गढ़वा अनुमंडल अंतर्गत प्रैक्टिस कर रहे अधिवक्ताओं को आमंत्रित किया गया है। संजय कुमार ने कहा कि अधिवक्ता वर्ग समाज के सबसे प्रबुद्ध वर्गों में एक है। अनुमंडल क्षेत्र की विभिन्न सामाजिक-आर्थिक गतिविधियों व कानून व्यवस्था से जुड़े मामलों में स्थानीय अधिवक्ताओं के विचार, उनके सुझाव और उनके फीडबैक लेना अत्यंत जरूरी है। कुछ इसी उद्देश्य को लेकर इस बार के आमंत्रित वर्ग के रूप में कॉफी संवाद कार्यक्रम में स्वैच्छिक सहभागिता के लिए अधिवक्ताओं से अनुरोध किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता वर्ग सामाजिक न्याय, मानवाधिकारों की रक्षा और लोकतंत्र की मजबूती के लिए हर मंच पर नागरिकों के साथ सदैव खड़ा मिलते हैं। जिले के न्यायिक कार्यों में नित्य प्रतिदिन योगदान देने वाले अनुमंडल क्षेत्र के अधिवक्ताओं के साथ बुधवार 28 मई को कॉफी टेबल पर उनसे अनौपचारिक वार्ता की जायेगी। इस एक घंटे के आत्मीय संवाद के क्रम में उनके निजी मामलों, अधिवक्ता हित के मुद्दों पर चर्चा होगी। साथ ही गढ़वा की बेहतरी के लिए उनसे सुझाव भी लिए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि सदर एसडीएम संजय कुमार द्वारा हर सप्ताह समाज के विभिन्न वर्गों को अपने यहां कॉफी पर आमंत्रित कर उनकी समस्याओं को सुना जाता है। साथ ही उनसे रचनात्मक सुझाव भी लिये जाते हैं। अभी तक व्यापारियों, स्वच्छता कर्मियों, किसानों, मजदूरों, साहित्यकारों, किन्नरों, दिव्यांगों, टैक्सी ड्राइवरों, फुटपाथ विक्रेताओं आदि जैसे समाज के अलग अलग वर्गों को बुलाया जा चुका है। उसी क्रम में उनके इस कार्यक्रम का यह 25 वां सप्ताह है।

## स्कूल रुआर अभियान:आउट ऑफ स्कूल बच्चों का नामंकन प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड संसाधन केंद्र अधौरा में बीआरपी-सीआरपी की बैठक प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी तहमीना परवीन की अध्यक्षता में संपन्न हुई। प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी ने सत्र 2025-26 में चले स्कूल रुआर अभियान अंतर्गत सभी बच्चों के नामंकन व आउट ऑफ स्कूल बच्चों के नामंकन संबंधी प्रतिवेदन प्रधानाध्यापक से प्राप्त कर बीआरसी को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों तथा छात्रों के उपस्थिति की अद्यतन स्थिति का प्रतिवेदन भी बीआरसी को उपलब्ध कराएं। बीआरपी श्रीकांत चौबे ने कहा कि सभी सीआरपी अपने संकुल अंतर्गत सभी विद्यालयों में ग्रीष्मावकाश के बाद प्रधानाध्यापक व विद्यालय से एक शिक्षक को प्रशस्त एप डाउनलोड कर सभी बच्चों का स्क्रीनिंग टेस्ट कराना सुनिश्चित करेंगे, ताकि दिव्यांग छात्र-छात्राओं की संख्या स्पष्ट हो। उन्होंने सभी सीआरपी को निर्देश दिया कि सत्र 2023-24 व 2024-2025 के नामंकन सबंधी डाटा उपलब्ध कराएं। राज्य से प्राप्त अनुदान का सदुपयोग हो रहा है या नहीं व अनुश्रवण कर अद्यतन रिपोर्ट भी देना सुनिश्चित करेंगे। प्रोजेक्ट इंपैक्ट, प्रयास कार्यक्रम का सफल संचालन हो इस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत बताया गया। बैठक में बीपीओ ने कहा कि विभागीय निदेर्शों का शत प्रतिशत अनुपालन हो, इसे सभी सीआरपी,बीआरपी सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक प्रत्येक माह की 25 तारीख को करना सुनिश्चित करें। विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक रजिस्टर का फोटो कॉपी बीआरसी में सभी प्रधानाध्यापक देना सुनिश्चित करेंगे। बैठक में बीआरपी श्रीकांत चौबे, लेखापाल राकेश कुमार तिवारी, सीआरपी संजय कुमार सिंह, अजय कुमार, बिरेन्द्र प्रजापति, सुबोध कुमार, शोभा कुमारी, रिसोर्स शिक्षक शशिकांत पाल सहित सभी बीआरसी कर्मी उपस्थित थे।

## झामुमो नेता व भोजपुर गढ़ प्रमुख ने गरीब नवाज दरगाह की चादरपोशी

**श्री बंशीधर नगर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति सदस्य ताहिर अंसारी एवं भोजपुर गढ़ प्रमुख दीपक प्रताप देव ने अजमेर ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह में चादरपोशी किया।नेताओं ने भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र सहित मुल्क में अमन चैन, सुख,शांति, समृद्धि एवं आपसी भाईचारे की दुआ मांगी।झामुमो नेता ताहिर अंसारी ने कहा कि ख्वाजा गरीब नवाज हिंदुस्तान के राजा हिंद वाले हैं उनके दरबार से आज तक कोई खाली नहीं लौटा है। उन्होंने गढ़वा जिला की खुशहाली सहित देशवासियों की आपसी भाईचारे अमन चैन तरक्की व हिफाजत के लिए दुआ मांगी। उन्होंने कहा कि ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह में सभी लोगों की आस्था जुड़ी है। ख्वाजा गरीब नवाज का दरबार सांप्रदायिक सौहार्द का मिसाल है। भोजपुर गढ़ प्रमुख दीपक प्रताप देव ने कहा कि गरीब नवाज से सभी समुदायों की भावना जुड़ी हुई है। उन्होंने भवनाथपुर विधानसभा सहित राज्य व देश में अमन चैन, शांति खुशहाली, तरक्की एवं आपसी भाईचारा बनाये रखने को लेकर दुआ मांगी। यहां पर हर दिन लोगों के आने जाने का तांता लगा रहता है। मौके पर युवा समाजसेवी महमूद आलम,मुमताज खान,लालबाबू खान,आलम बाबू,रितेश कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### सीएचसी का 108 सेवा ठप, मरीजों को हो रही परेशान

## चार माह से मरम्मत के अभाव में खड़ा एंबुलेंस



नवीन मेल संवाददाता

**भवनाथपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) के अंतर्गत संचालित 108 एंबुलेंस सेवा चार माह से मरम्मत के लिए खड़ी है, जिससे क्षेत्र के गंभीर मरीजों को भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि एंबुलेंस में तकनीकी खराबी आने के बाद उसे मरम्मत हेतु खड़ा कर दिया गया, लेकिन अब तक उसे ठीक नहीं किया जा सका है। एंबुलेंस के खराब होने के कारण इसमें तैनात एक चालक और दो टेक्नीशियन कार्य के अभाव में निष्क्रिय बैठे हैं। क्षेत्र में आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं, और गंभीर रूप से घायल मरीजों को तत्काल अस्पताल पहुंचाने के लिए 108 एंबुलेंस की आवश्यकता पड़ती है। लेकिन वर्तमान स्थिति में मरीजों को मजबूरी में प्राइवेट वाहनों का सहारा लेना पड़ रहा है, जिससे न केवल उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है, बल्कि समय पर उपचार नहीं मिलने के कारण जान का जोखिम भी बना रहता है। जानकारी के अनुसार 108 एंबुलेंस सेवा के संचालन की जिम्मेदारी अब एक नई एजेंसी 'समान फाउंडेशन' को 4 फरवरी से सौंपी गई है। लेकिन एजेंसी द्वारा एंबुलेंस के रख रखाव और मरम्मत को लेकर अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। नतीजतन चार महीने से यह सेवा पूरी तरह से ठप पड़ी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि 108 एंबुलेंस सेवा आमजन के लिए जीवन रक्षक साबित होती है, लेकिन समय पर इसकी मरम्मत न होना सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की लापरवाही को दर्शाता है। सीएचसी भवनाथपुर के अधिकारियों से जब इस विषय में बात की गई, तो उन्होंने बताया कि एजेंसी को कई बार लिखित और मौखिक रूप से सूचित किया गया है, लेकिन फिर भी कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं हो रही है। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने मांग की है कि जिला प्रशासन इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप कर 108 एंबुलेंस सेवा को फिर से चालू कराए, ताकि आम नागरिकों को आकस्मिक चिकित्सा सेवाएं समय पर उपलब्ध हो सकें और उन्हें राहत मिल सके।

## अधेड़ की धारदार हथियार से हत्या की

**रंका।** विश्रामपुर पंचायत के ढेंगुरा के एक ग्रामीण को अज्ञात द्वारा धारधार हथियार से हत्या कर दी गई है। मृतक की पहचान मुंदिका यादव 55 वर्ष के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## सुहागिनों ने की वट सावित्री की पूजा पति की लंबी उम्र की कामना की

नवीन मेल संवाददाता

**खरौंधी।** प्रखंड मुख्यालय सहित आसपास के गांवों में सोमवार को वट सावित्री व्रत श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही सुहागिन महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सज-धजकर बरगद के पेड़ों के नीचे एकत्र होने लगीं। व्रतधारी महिलाओं ने विधि पूर्वक वटवृक्ष की पूजा कर अपने पति की लंबी उम्र और अखंड सौभाग्य की कामना की। सुहागिनों ने बरगद की जड़ में जल अर्पित कर, तने में कच्चा सूत लपेटा और धूप दीप के साथ पूजा-अर्चना की। इस दौरान महिलाओं ने सावित्री-सत्यवान की कथा का श्रवण भी किया। पूजा के बाद महिलाएं बांस से बने बेना (पंखा) से वटवृक्ष को हवा भी करती दिखीं, जो व्रत का परंपरा का अहम हिस्सा है। धर्मग्रंथों के अनुसार इस व्रत से अल्पायु पति भी दीघार्यु हो जाता है। वट सावित्री व्रत की तैयारियां दो दिन पहले से ही शुरू हो गई थीं। खरौंधी, राजी, सुंडी, करिवाडीह, मझिगावां, चंदनी, सिसरी, अरंगी, कूपा समेत प्रखंड के सभी गांवों में इस पर्व को लेकर उत्साह और श्रद्धा का माहौल रहा।


### कार्यालय:-असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू

Email Id – civilsurgeonpalamu@gmail.com

**आवश्यक सूचना**

जिला स्वास्थ्य समिति पलामू अर्न्तगत विज्ञापन सं0 01/2025 के चयनित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि उनका दस्तावेज सत्यापन दिनांक–29.05.2025 एवं 30.05.2025 को सिविल सर्जन कार्यालय सभागार में पूर्वाहन 10:30 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक निम्नांकित तालिका के अनुसार किया जाना है:–

| क्र0सं0 | पद कोड | दस्तावेज सत्यापन की तिथि | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|
| 01 | पोस्ट कोड–01 से 09 तक | दिनांक–29.05.2025, दिन– गुरूवार | |
| 02 | पोस्ट कोड–10 से 24 तक | दिनांक–30.05.2025, दिन– शुक्रवार | |

नोट:– निर्धारित तिथि के बाद अभ्यर्थियो के दस्तावेज सत्यापन पर विचार नहीं किया जायेगा।

आदेशानुसार
असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,पलामू

PR 353473 District(25-26).D

### न्यायालय, उपायुक्त –सह– जिला दण्डाधिकारी, लातेहार।

अनुमति वाद संख्या–91/2025

**आम इस्तेहार**

आवेदक मो0 जियाउल्लाह वो मो0 मीन्न तुल्लाह वो समी उल्लाह वो सैफुल्लाह चारो के पिता–स्व0 मो0 नेजामुद्दीन सभी निवासी ग्राम–इटके, पो0–बारीखाप, थाना–बारियातु, जिला–लातेहार द्वारा मेसर्स एस0एम0 स्टील्स एण्ड पॉवर लिमिटेड, 2013 कार्यालय पता–ब्लॉक डी0पी0 पांचवा टॉवर, प्रथम तल्ला यूनिट 504 सेक्टर–5 कोलकत्ता वेस्ट बंगाल–700058 के साथ भूमि बिक्री हेतु अनुमति के लिए छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम की धारा–49 के अंतर्गत आवेदन पत्र दाखिल किया है।

भूमि का विवरण

| मौजा | खाता | प्लॉट | रकबा |
|---|---|---|---|
| बरवाडीह | 46 | 19 | 0.4066 |
| | | 21 | 0.1299 |
| | | 24 | 0.1534 |
| | 27 | 354 | 0.0834 |
| | 28 | 481 | 0.0500 |
| | | 391 | 0.1167 |
| | 5 | 125 | 0.1534 |
| | | 135 | 0.1400 |
| | | 203 | 0.0367 |
| | | 647 | 0.0467 |
| | 9 | 49 | 0.0867 |
| | | 284 | 0.2483 |
| | 48 | 301 | 0.0199 |
| | | कुल:– | 1.6717 ए0 |

एतद् द्वारा हर आम व खाश को सूचित किया जाता है कि इस भूमि अंतरण के विरूद्ध किसी को आपत्ति हो, तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी के न्यायालय में आम–इस्तेहार निर्गत की तिथि से एक पक्ष (15 दिनों) के अंदर आपत्ति दायर कर सकते है। समय सीमा समाप्ति के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

प्रभारी उप समाहर्त्ता,
जिला विधि शाखा, लातेहार।

PR 353538 (District) 25-26 (D)

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, डालटनगंज

Email Id- ee-pal@jharkhandmail.gov.in, rwdpalamu@gmail.com, eerwdpalamu@gmail.com, Phone No.-06562357595

पत्रांक............... दिनांक......................

**कोटेशन आमंत्रण सूचना**

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज अधीन प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, RCPLWEA/PM-JANMAN अंतर्गत स्वीकृत योजनाओं में वन भूमि से संबंधित अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु परामर्शी नियुक्त करने हेतु निम्न शर्तो के अधीन कोटेशन आमंत्रित किया जा रहा है । जिसकी शर्ते निम्नवत है :–

1. कार्य अवधि 180 दिन होगा जिसे आवश्यकतानुसार बढ़ाया भी जा सकता है । (शर्त्ते लागू)
2. कोटेशन दाता झारखंड राज्य का होना चाहिए ।
3. कोटेशन दाता को झारखंड राज्य में GST निबंधित होना अनिवार्य होगा । इस हेतु ळैज निबंधन प्रमाण –पत्र संलग्न करना होगा, साथ ही आयकर अधिनियम के अंतर्गत निबंधित होना भी अनिवार्य होगा । GST एवं आयकर का अद्यतन रिर्टन दाखिल किया हुआ होना चाहिए।
4. कोटेशन दाता को स्वच्छ आचरण धारी होना चाहिए । इसे हेतु सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत अद्यतन आचरण–प्रमाण–पत्र की छायाप्रति संलग्न करना होगा ।
5. कोटेशन दाता को संबंधित कार्य का 3 वर्ष का कार्यानुभव प्रमाण–पत्र संलग्न करना होगा।
6. कोटेशन दाता के पास संबंधित कार्य हेतु पर्याप्त Man Power होना चाहिए, जिससे संबंधित शपथ–पत्र संलग्न करना होगा।
7. कोटेशन दर सभी कर सहित होना चाहिए
8. सफल कोटेशन दाता को अनुमोदित कोटेशन राशि का 5 प्रतिशत अग्रधन की राशि FD के रूप में जमा करना होगा ।
9. सफल कोटेशन दाता का भुगतान नियमानुसार सभी करों की कटौती कर की जायेगी।
10. कोटेशन आमंत्रण सूचना के शर्त्तो के परविर्त्तन किया जा सकता है ।
11. आमंत्रित कोटेशन को बिना कारण बताए अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा ।

उक्त आलोक में इच्छुक परामर्शी दिनांक 30.05.2025 से 09.06.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक बन्द लिफाफा के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कोटेशन जमा कर सकते है ।

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल, डालटनगंज

PR 353467 District (25-26)_D

### न्यायालय, उपायुक्त -सह- जिला दण्डाधिकारी, लातेहार
अनुमति वाद संख्या–89/2025

**आम इस्तेहार**

आवेदक जैकी कुमार साव पिता–श्री करम साव निवासी ग्राम–बुंडू, थाना–केरेडारी, जिला–हजारीबाग द्वारा मेसर्स एस0एम0 स्टील्स एण्ड पॉवर लिमिटेड, 2013 कार्यालय पता–ब्लॉक डी0पी0 पांचवा टॉवर, प्रथम तल्ला यूनिट 504 सेक्टर–5 कोलकत्ता वेस्ट बंगाल–700058 के साथ भूमि बिक्री हेतु अनुमति के लिए छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम की धारा–49 के अंतर्गत आवेदन पत्र दाखिल किया है।

भूमि का विवरण

| मौजा | खाता | प्लॉट | रकबा |
|---|---|---|---|
| बरवाडीह | 6 | 318 | 0.095 |
| | | 302 | 0.120 |
| | | 552 | 0.125 |
| | | 471 | 0.035 |
| | | 524 | 0.035 |
| | | 215 | 0.100 |
| | | 236 | 0.090 |
| | | कुल:– | 0.600 ए0 |

एतद् द्वारा हर आम व खाश को सूचित किया जाता है कि इस भूमि अंतरण के विरूद्ध किसी को आपत्ति हो, तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी के न्यायालय में आम–इस्तेहार निर्गत की तिथि से एक पक्ष (15 दिनों) के अंदर आपत्ति दायर कर सकते है। समय सीमा समाप्ति के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

प्रभारी उप समाहर्त्ता,
जिला विधि शाखा, लातेहार

PR 353539 District(25-26)#D

# नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर में 308 मरीजों का परीक्षण



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के पहल से लातेहार प्रखंड के सांसग पंचायत भवन में सोमवार को दिल्ली के लेंस कार्ट फाउंडेशन की ओर से निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ परियोजना निदेशक आईटीडीए प्रवीण कुमार गगराई, सिविल सर्जन डॉ. अवधेश कुमार सिंह उपस्थित पदाधिकारियों, जिला परिषद सदस्य ने दीप प्रज्जवलित कर किया। शिविर में 308 लोगों के आंखों की जांच की गई। शिविर में न केवल आवश्यक नेत्र जांच सेवाएं प्रदान की गई, बल्कि विशेषज्ञ के जांच के आधार पर जिन व्यक्तियों को चश्मा की आवश्यकता पाई गई है उन्हे शीघ्र ही चश्मा उपलब्ध कराया जाएगा। इस दौरान परियोजना निदेशक आईटीडीए प्रवीण कुमार गगराई ने बताया कि नेत्र हमारे शरीर का महत्वपूर्ण अंग है। इसलिए हमें इनकी देखभाल में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए। समय-समय पर अपने आंखों की जांच करवानी चाहिए। सिविल सर्जन डॉ अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि अच्छे स्वास्थ्य के लिए आंखों की देखभाल बहुत ही जरूरी है। मौके पर जिला पंचायती राज पदाधिकारी श्रेयांश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, जिला योजना पदाधिकारी समीर कुल्लू, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, लातेहार मनोज कुमार तिवारी, जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, नेत्र चिकित्सक, चिकित्सा विभाग के कर्मी उपस्थित थे।

# वज्रपात की चपेट में आने से एक की मौत, चार बच्चे घायल

नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** प्रखड के जमीरा पंचायत अंतर्गत महुआमिलान गांव के तूपी टोले में सोमवार दोपहर बाद हल्की बारिश के दौरान वज्रपात होने से 2 बच्चे, 3 बच्चियां सहित पांच लोग चपेट में आकर बुरी तरह से झुलस गए। वज्रपात के चपेट में आने से रेशमी कुमारी (16 वर्ष) पिता स्व. अग्नू गंझू की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि घायलों में करण लोहरा पिता मुनेश्वर लोहरा, अमर लोहरा पिता बबलू लोहरा (दोनों चचेरे भाई) व विनोद भुइयां की पुत्री सुचिता कुमारी 10 वर्ष, आरती कुमारी 12 वर्ष (चारों तूपी चंदवा) शामिल हैं। घटना के बाद स्थानीय लोगो की मदद से चारों घायलों को एंबुलेंस व निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा में भर्ती कराया। वहां डॉ. नीलिमा कुमारी, डॉ. कंचन बाड़ा की देखरेख में सभी का प्राथमिक उपचार किया गया। प्राथमिक उपचार के बाद करण लोहरा एवं अमर लोहरा को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार मृतका समेत चारों बच्चे बच्चियां घर के समीप ही आम चुनने के लिए गयी थी। इस दौरान हल्की हवा चलने के बाद अचानक से बारिश शुरू हो गयी। इस दौरान आसमानी बिजली पेड़ पर गिरी, जिसके चपेट में वे सब आ गए। घटना की सूचना के बाद झामुमो नेता सितमोहन मुंडा, भाजपा नेता विजय दुबे चंदवा अस्पताल पहुंचे व घायलों की स्थिति की जानकारी ली। घटना के बाद बच्चों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतका रेशमी कुमारी जस्टिस एलपीएन शाहदेव उत्क्रमित उच्च विद्यालय रोल में 9वीं कक्षा की छात्रा थी।

## करंट लगने से युवक की मौत, शोक



**बारियातू।** प्रखंड के शिबला पंचायत अंतर्गत भाटचतरा निवासी सीताराम यादव 32 वर्ष पिता खगेश यादव को रांची में करंट लगने से मौत हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक सीताराम यादव रांची स्थित अपर बाजार नारायण होलसेल कपड़ा दुकान में काम करता था। रविवार को साप्ताहिक छुटी के दिन वह मोराहाबादी में मजदूरी का काम करने चला गया। पानी भरे गड्ढा में विद्युत करंट आ रहा था। पानी में स्पर्श होते ही करंट अपने चपेट मे ले लिया। वहां वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में इलाज के लिए रामप्यारी हॉस्पिटल भर्ती करया गया। नाजुक स्थिती को देखते हुए चिकित्सकों ने रिम्स रेफर कर दिया। रिम्स पहुंचते ही उसने दम तोड़ दिया। विधायक प्रकाश राम के सहयोग से शव को पोस्टमार्टम करवा कर भाटचतरा गांव भेजा गया। शव घर पहुंचते ही पिता खगेश यादव, माता बुधनी देवी, पत्नी सुषमा देवी, 7 वार्षीय पुत्र आयुष कुमार, पुत्री अंशी कुमारी का रो रोकर बुरा हाल हो गया है।

## पति की दीघार्यु के लिए की वट वृक्ष की पूजा

**कुंदा(चतरा)।** वट सावित्री पूजा के अवसर पर सैकड़ों सुहागिन महिलाओं ने देवी मंडप के समीप वट वृक्ष की पूजा की। महिलाओं ने विधि विधान से गणेश वंदना और सती सावित्री-सत्यवान की पूजा-अर्चना कर अपने पति की लंबी उम्र व अखंड सौभाग्य की कामना की।सुहागिन महिलाओं ने सोलह श्रृंगार में सजकर वट वृक्ष की परिक्रमा की। उन्होंने यमराज से प्रार्थना की कि उनके पति की उम्र लंबी हो और उनका सौभाग्य अखंड बना रहे। हिन्दू मान्यताओं के अनुसार वट सावित्री पूजा एक महत्वपूर्ण त्योहार है, जिसमें सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र और सौभाग्य की कामना करती हैं।

## सुहागिनों ने किया वट वृक्ष का पूजन

**टंडवा (चतरा)।** सोमवार को पूरे प्रखंड क्षेत्र में सुहागीनों द्वारा वट सावित्री का व्रत-पूजन हर्षोल्लास पूर्वक की गई। अपने पति के दीघार्यु व अखंड सौभाग्य की कामना लेकर महिलाओं ने पारंपरिक परिधान में सज-संवरकर मांगलिक गीत गाते हुए वट वृक्ष की पूजा और परिक्रमा करने के बाद ब्राह्मणों से सावित्री सत्यवान की कथा सुनीं। प्रखंड क्षेत्र के किसुनपुर, सेरनदाग, मिश्रोल, धनगडा, गाडिलौंग, सराढु, कोयद , कुंडी, डहू बड़गांव समेत सुदूरवर्ती इलाकों में भी महिलाओं ने काफी उत्साहित होकर पूजन किया।

## वट सावित्री पूजा कर अखंड सौभाग्य का मांगा वरदान

**बारियातू।** प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में सोमवार को सुहागिन महिलाओं ने वट सावित्री की पूजा धूमधाम से मनाया। सुहागिनों ने अपने पति की लंबी आयु और अखंड सौभाग्य की कामना की। पूजा के दौरान महिलाओं ने विशेष रीति-रिवाजों का पालन किया। साथ ही सिंदूर का दान भी किया। सभी सुहागिनें सोलह श्रृंगार कर वट वृक्ष पूजा स्थल पर पहुंची। जहां सबों ने पूजा करने के लिए पंक्ति बद्ध बैठकर हवन और आरती की। वट सावित्री पूजा के दौरान सुहागिन महिलाओं में काफी उत्साह देखने को मिला। सुहागिनों ने वट वृक्ष की परिक्रमा कर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन संपन्न कर वट सावित्री व्रत की पूजा जेष्ठ कृष्ण पक्ष अमावस्या में की जाती है।

## अमर सुहाग की कामना को लेकर सुहागिन ने की वट सावित्री पूजा

**महुआडांड।** अमर सुहाग की कामना को लेकर की जाने वाली वट सावित्री पूजा सोमवार को महुआडांड़ प्रखण्ड मुख्यालय समेत सभी ग्रामीण क्षेत्रों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वट सावित्री पूजा को लेकर सुहागिन महिलाओं ने सोलह श्रृंगार के साथ पति की लंबी आयु और स्वास्थ्य को लेकर हाथों में पूजा की थाली ले वट वृक्ष के नीचे वैदिक मंत्रोंच्चारण के बीच विधिवत रूप से पूजा अर्चना की। साथ ही सावित्री सत्यवान की कथा का श्रवण किया व वट वृक्ष के तने की 108 बार परिक्रमा करते हुए कच्चा सूत लपेट कर अमर सुहाग की कामना की। बताते चलें कि इस दिन पूजन करके सभी सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र और सुखद जीवन की कामना करती है। ऐसी मान्यता है कि इस व्रत को करने से सावित्री व सत्यवान की कथा सुनने से मनोवांछित फल और अमर सुहाग की प्राप्ति होती है।

# अखंड सुहाग के लिए विधि विधान से की पूजा

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** ज्येष्ठ मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि पर सोमवार को अखंड सौभाग्य के लिए सुहागिन महिलाओं ने वट सावित्री व्रत रखा। श्रद्धालु व्रती महिलाओं ने विधि विधान से वट सावित्री की पूजा की। पूजा के बाद महिलाओं ने बरगद (वट)पेड़ की परिक्रमा कर माता सावित्री से अटल सौभाग्य की कामना की।वट सावित्री पूजन के लिए सुबह से ही सुहागिन महिलाएं परिजनों के साथ आसपास के बरगद और पीपल के पेड़ के नीचे जुटने लगी। नव विवाहित सुहागिनों में व्रत को लेकर खासा उत्साह दिखा। व्रती महिलाओं ने उपवास रखकर विधि विधान पूर्वक बरगद वृक्ष का पूजन किया। अपने सुहाग (पति) के दीर्घ जीवन के लिए महिलाओं ने सूत से बरगद के तने को लपेट 108 बार परिक्रमा लगाई। इसके बाद हलवा, पूड़ी, खरबूजा आदि प्रसाद चढ़ाया। पर्व पर जिला मुख्यालय के विभिन्न स्थानों, मंदिरों घरों , व वट वृक्ष के नीचे पूजन के लिए भी महिलाओं की भारी भीड़ जुटी रही। इस दौरान पति की दीघार्यु के लिए व्रती सुहागिनों ने माता को सोलहों श्रृंगार की वस्तुएं, फल और प्रसाद चढ़ाकर वट वृक्ष पर मौली लपेटी और फेरी लगाकर अखंड सौभाग्य का वरदान मांगा।

पूरे जिले में महिलाओं ने वट सावित्री पूजन श्रद्धा और उल्लास के साथ किया। प्राचीन देवी मंडप के पूजारी दिलीप शुक्ला के अनुसार बरगद के पेड़ को वट वृक्ष भी कहा जाता है। इस व्रत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मनोकामना सिद्ध मंदिर के पूजारी त्रिभूवन पांडेय ने कहा कि सनातन हिन्दू धर्म में बरगद को देव वृक्ष माना गया है। इसके मूल में भगवान ब्रह्मा, मध्य में विष्णु और अग्र भाग में भगवान शिव रहते हैं। देवी सावित्री भी वट वृक्ष में प्रतिष्ठित रहती हैं। इसी वट वृक्ष के नीचे सावित्री ने अपने पतिव्रत धर्म से मृत पति को फिर से जीवित कराया था। तभी से पति की लंबी आयु के लिए वट सावित्री व्रत रखा जाता है।

# सोशल ऑडिट व पंचायत स्तरीय जन सुनवाई का आयोजन

**टंडवा (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र में सोमवार को पंचायत स्तरीय सामाजिक अंकेक्षण की जनसुनवाई हुई। ज्ञात हो कि ग्रामीण विकास विभाग रांची के आलोक में उप विकास आयुक्त सह जिला कार्यक्रम समन्वयक चतरा के आदेश के आलोक में वित्तीय वर्ष 2024-25 का अंकेक्षण 20 से 26 मई के बीच कराया गया था। कबरा पंचायत भवन में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में दिलीप पांडेय, जयमंती देवी, खुर्शीद अंसारी व धनंजय पांडेय का सर्वसम्मति से ज्यूरी मनोनीत किये गये जिन्होंने ऑडिट टीम द्वारा कुल 96 योजनाओं का प्रस्तुत किये गये। भौतिक सत्यापन दस्तावेजों का बारिकी से विवेचना करने के बाद सभी सुधार योग्य मामलों को ज्यूरी टीम ने संबंधितों को आवश्यक दिशा-निर्देश देकर मौके पर ही निष्पादित कर दिया। कार्यक्रम में रोजगार सेवक कौशल कुमार सिंह, सुमन भारतीय ,सुनीता देवी ,सहोद्री देवी, गीता देवी, रुक्मिणी देवी,शंकर राणा, विनोद पांडेय,दिलीप महतो,निलेश्वर महतो, अशोक कुमार, संतोष पांडेय समेत जनप्रतिनिधि, बुद्धिजीवी व दर्जनों श्रमिक मौजूद थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रखंड क्षेत्र के अन्य सभी पंचायतों में जनसुनवाई कार्यक्रम शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया।

# स्वच्छता के प्रति लोगों को किया जा रहा जागरूक

**टंडवा (चतरा)।** एनटीपीसी प्रबंधन द्वारा परियोजना से प्रभावित व उसके आसपास के गांवों में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता के प्रति जागरूक कराया जा रहा है।

बताया गया कि स्वच्छता पखवाड़ा 2025 के तहत बरसात के दिनों में गंदगी व जलजमाव के कारण मच्छरों को पनपने और उनके काटने से मलेरिया, डेंगू जैसे खतरनाक बीमारियों का प्रकोप बढ़ता है। इस पर विशेष ध्यान देते हुए सोमवार को टंडवा के बाजार टांड़ में नाटक के माध्यम कलाकारों ने कचरा प्रबंधन व जीवन में साफ-सफाई के महत्वों पर प्रकाश डाला। बता दें साप्ताहिक बाजार लगे होने के कारण दूर दराज से आये अधिकाधिक लोगों ने भी संदेशों को सुना। संचार अधिकारी मोहिनी कुमारी ने बताया कि उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## सीसीएल के मगध संघमित्रा में द्विपक्षीय सुरक्षा समिति की बैठक

**टंडवा (चतरा)।** सीसीएल के मगध-संघमित्रा कार्यालय में द्विपक्षीय सुरक्षा समिति की बैठक सोमवार को महाप्रबंधक नृपेन्द्र नाथ की अध्यक्षता में हुई। बताया गया कि बैठक में प्रबंधन व श्रमिक संगठन के प्रतिनिधि मौजूद थे। वहां खदानों के सुरक्षा और अन्य मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को और भी मजबूत करने तथा व्यावसायिक सुरक्षा के 'शून्य हानि' स्तर तक ले जाने के लिए मौजूद लोगों के मंतव्यों पर जीएम ने आश्वस्त किया कि प्राप्त सुझावों को लागू करने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ प्रबंधक खनन शंभू नाथ ने दिया। बताया गया कि कार्यक्रम सफल बनाने में क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी एसएन प्रसाद व उनकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। बैठक में जेएमएस, आरकेएमयू, बीएमएस, एटक, सीआईटीयू, सीएमयू तथा आरसीएमयू श्रमिक संगठन के प्रतिनिधि व परियोजना प्रबंधन के लोग मौजूद थे।

## स्मार्ट मीटर लगाने के नाम पर उपभोक्ताओं से अवैध वसूली का आरोप

**चंदवा।** प्रखंड के चंदवा पूर्वी पंचायत अंतर्गत पतराटोली ग्राम में स्मार्ट मीटर लगाने के नाम पर अवैध वसूली का मामला प्रकाश में आया है। ग्रामीणों की शिकायत पर सामाजिक कार्यकर्ता इरशाद मुन्ना ने उक्त संबंध में सोमवार को ग्रामीणों से जानकारी ली। उन्होंने बताया कि सोमवार को टेक्नो इंडिया के कर्मचारियों ने मीटर स्थापित करने के बदले पतराटोली गांव के हरिचंद मुंडा, गोविंद गंझू, सरहूला गंझू, रिझू गंझू, सचिन गंझू, सूरज गंझू,सुधीर उरांव,बबन मुंडा व भोला उरांव, मुनी देवी, नन्कू गंझू से नया बिजली कनेक्शन के नाम पर पैसा लेने का आरोप लगाया है। इस मामले में पूछे जाने पर बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता राजदेव मेहता ने बताया कि पूर्व में ही ग्रामीणों को सूचना दी गई है कि मीटर लगाने के नाम किसी को पैसा नहीं देना है। अगर कोई पैसे की वसूली कर रहा है तो इसकी सूचना चंदवा थाना में शिकायत दर्ज कराएं।

## प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश ने किया जेल का निरीक्षण

**लातेहार।** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर लातेहार के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने लातेहार जेल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जेल में 420 बंदी मिले, जिसमें 6 दोष सिद्ध और 414 विचाराधीन बंदी हैं। जेल में 17 महिला बंदी हैं। न्यायाधीश ने जेल के प्रत्येक बैरक में पहुंच कर बंदियों से उनके स्वास्थ्य, इलाज, पेयजल, नास्ता, भोजन व मुकदमे में पैरवी के लिए अधिवक्ता होने या न होने की जानकारी ली।

# फाइलेरिया रोग खोज अभियान को लेकर रात्रि शिविर का आयोजन

- 67 लोगों का लिया गया ब्लड सैंपल

नवीन मेल संवाददाता

**कुंदा (चतरा)।** फाइलेरिया रोग खोज अभियान को लेकर रविवार की रात्रि को दुर्गा मंडप परिसर में शिविर का आयोजन किया गया। रात्रि शिविर का उद्घाटन मुखिया मनोज कुमार साहू ने फीता काटकर किया।

फाइलेरिया रोग खोज अभियान को लेकर चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. कुमार संजीव ने लोगों को फाइलेरिया के लक्षण,संक्रमण के रोकथाम व उपचार की विस्तृत जानकारी दी गई। डॉ. कुमार संजीव ने बताया कि यह शिविर प्रखंड के विभन्न विभन्न गांवों में 26 मई से 2 जून तक लगाया जाएगा। स्वास्थ कर्मियों द्वारा 67 लोगों का ब्लड सैंपल लिया गया। लैब में ब्लड सैंपल की जांच की जाएगी। साथ ही फाइलेरिया मरीज की समुचित ईलाज की जाएगी।

चिकित्सा पदाधिकारी ने लोगों को बताया कि यह बीमारी मच्छर के काटने से उत्पन्न होता है। इसका मुख्यतः लक्षण इस रोग के कारण पैर फूल कर हाथी की पैर की तरह हो जाता है। पुरुष के अंडकोष असामान्य हो जाता है। शुरूआती दौर में इस बीमारी के बारे में पता चलने पर इसे नियंत्रित किया जा सकता है। आसपास साफ सुथरा रखने व मच्छरदानी लगाकर सोने की नसीहत दी।


## कार्यालय : जिला परिषद्, चतरा।

(Mail Id- db-chatra@jharkhandmail.gov.in) (E.mail: districtboardchatra@gmail.com)

(अतिअल्पकालिक पुनर ई0निविदा आमंत्रण सूचना)

ई–निविदा सूचना संख्या – 19/2024-25_2nd Call दिनांक: ......................

1. कार्य की विस्तृत विवरणी: डी0एम0एफ0टी0 (501/विकास, दिनांक 08.10.24)

| क्र. | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | योजना | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 01 | चतरा | चतरा | सिमा | लखन सिंह (प्रभु राम) के घर से शिव मंदिर होते हुए सती स्थान तक पीसीसी पथ एवं गार्डवाल निर्माण। | 59,93,700 | 10,000 | 1,20,000 | 06 माह |

1. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 31/05/2025
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – 03.06.2025 से 09.06.2025 के अपराह्न 5:00 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 11.06.2025 पूर्वाह्न 11:00 बजे।
4. सरकार द्वारा लिए गए निर्णय के आलोक में सभी कागजात के साथ निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि online Mode द्वारा स्वीकार्य होगा।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही संबंधित निविदाकार की होगी।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता – जिला अभियंता जिला परिषद चतरा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 8210668566
10. विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, चतरा।

PR.NO.353501 District(25-26):D



## कार्यालय-असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,गढ़वा

जिला स्वास्थ्य समिति, गढ़वा, सदर अस्पताल परिसर, गढ़वा

राज्य योजना अंतर्गत गढ़वा शहरी झुग्गी बस्तियों में आवासित लोगों के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने के निमित "अटल मुहल्ला क्लीनिक" के संचालन हेतु चिकित्सक (एमबीबीएस) का सेवा के लिए Walk In Interview हेतु विज्ञापन

विज्ञापन संख्या ..01./2025 — साक्षात्कार की तिथि 11.06.2025

अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड, राँची का पत्रांक–5/पी०– 65/2021–32(5)ब, योजना, स्वा०, गढ़वा दिनांक–25.05.2023 द्वारा शहरी झुग्गी बस्तियों में आवासित लोगों के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने के निमित "अटल मुहल्ला क्लीनिक" के संचालन हेतु चिकित्सक (MBBS) का सेवा के लिए Walk In Interview के आधार पर सेवाएँ प्राप्त किया जाना है।

"अटल मुहल्ला क्लीनिक" गढ़वा के लिए चिकित्सक (MBBS) की सेवा प्राप्त करने हेतु आवश्यक अर्हता, परिलब्धि एवं कार्यावधि की विवरणी निम्नांकित है :–

| क्रम सं० | पद का नाम | न्युनतम शैक्षणिक योग्यता | कोटिवार पदों की संख्या | | मानदेय | कार्य का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | कोटि | संख्या | | |
| 1 | चिकित्सक (एमबीबीएस) | Bachelor of Medicine, Bachelor of Surgery/MBBS Degree in any recognised Institution approved by MCI/NMC | UR | 03 | अनुमानित मासिक परिलब्धि 36,400/– (Rs. 1400x26days) | प्रातः 8:00 AM to 12:00 PM |

- Walk In Interview में उपस्थित होने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
- चिकित्सक (MBBS) द्वारा भविष्य में नियमितीकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।
- उपरोक्त के लिए अधिकतम् 67 वर्ष (सिविल सर्जन से निर्गत मेडिकल फिटनेश प्रमाण पत्र के आधार पर 70 वर्ष तक के चिकित्सकों की सेवा प्राप्त की जा सकती है, मेडिकल फिटनेश प्रमाण–पत्र की वैधता एक वर्ष के लिए मान्य होगा)।

नोट – "अटल मुहल्ला क्लिनिक" के लिए चयनित चिकित्सक (MBBS) विभागीय निर्देशानुसार कार्य दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

चिकित्सक (MBBS) का सेवा हेतु अन्य शर्तें, अर्हता, आवेदन पत्र इत्यादि की विवरणी गढ़वा जिला के वेबसाईट garhwa.nic.in पर अथवा जिला स्वास्थ्य समिति, गढ़वा कार्यालय के सूचना–पट्ट से प्राप्त की जा सकती है।

इच्छुक अभ्यर्थी, चिकित्सक पद पर सेवा देने के लिए सिविल सर्जन कार्यालय, गढ़वा में दिनांक–11.06.2025.को पूर्वाह्न .10.00. बजे सभी शैक्षणिक एवं अन्य वांछित मूल प्रमाण–पत्रों के सहित विहित प्रपत्र में आवेदन के साथ Walk In Interview में उपस्थित हो सकते हैं।शैक्षणिक एवं अन्य वांछित मूल प्रमाण–पत्रों की छायाप्रति (1 प्रति में) साथ लायेंगे।

असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,गढ़वा

PR 353494 Health Med Edu and Family Welfare(25-26).D



## कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, एन0आर0ई0पी0, लातेहार

ई– निविदा आमंत्रण सूचना

अति अल्पकाली नई–निविदा संख्या :–05/2025-26/EE/NREP/LATEHAR — दिनांक : 26.05.2025

| क्र0 | आईडेंटी फिकेशन सं0/पैकेज सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | | कार्य समाप्ति की तिथि | टेन्डर कॉल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में | अक्षर में | | |
| 1. | NREP/LATEHAR/6 / 2025-26 | प्रखंड–महुआडाँड़, पंचायत–महुआडाँड़, ग्राम–महुआडाँड़ झारखंड बलिका आवासीय विद्यालय, महुआडाँड़ में छात्राओं के लिए विभिन्न मूलभुत सुविधाओं का निर्माण / विकास कार्य। | 19,31,536.00 | उनीस लाख एकतीस हजार पांच सौ छत्तीस | 03माह | प्रथम |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 04.06.2025
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :17.06.2025 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 19.06.2025 अपराह्न 03:30 बजे।
4. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार परिमाण विपत्र का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार किया जाएगा।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जाएगा उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः–कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, लातेहार
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –6205174469
9. प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकती है।
10. प्राप्त पत्र के आलोक में उक्त निविदा में लातेहार जिला में निबंधित संवेदक ही भाग ले सकेंगे।
11. उक्त निविदा में भवन प्रमंडल, लातेहार में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक निविदा में भाग ले सकते है।
12. विस्तृत जानकारी के लिए बेवसाईट www.jharkhandtendres.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता,
एन0आर0ई0पी0, लातेहार

PR 353465 NREP(25-26)D



## कार्यालय, प्राधिकृत पदाधिकारी-सह-वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमण्डल

-: आवश्यक सूचना :-

भारतीय वन अधिनियम 1927 (बिहार संशोधन अधिनियम 1989) की धारा–52 के अंतर्गत अधिहरण वादों की सूचना।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि लातेहार वन प्रमण्डल, लातेहार अन्तर्गत जप्त वाहनों एवं जप्त वन पदार्थ से संबंधित विभिन्न वादों में सुनवाई हेतु निम्नवत तिथि निर्धारित की जाती है :–

| क्र0 स0 | अधिहरण वाद संख्या | वाद प्रारम्भ की तिथि | सुनवाई की तिथि | अभियुक्त का नाम | वाहन का प्रकार/वाहन संख्या | जप्त वन पदार्थ |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 16/2023 | 03.05.2023 | 11.06.2025 | अमीर | Motorcycle Reg. No. HR-27N-4276 | कोयला लगभग 03 टन |
| 02 | 21/2023 | 31.05.2023 | 11.06.2025 | हंसराज प्रसाद, पवन कुमार | Pickup Reg. No. JH-01T-0899 | साल चौकठ 12 पीस |
| 03 | 14/2023 | 28.04.2023 | 11.06.2025 | रियाजुल उर्फ अजूल इनामुल अंसारी | Tractor Reg. No. JH-19A-5973 | कोयला 02 टन |
| 04 | 12/2021 | 13.04.2021 | 11.06.2025 | मो0 अहमद | Tractor Engine No. 39.1355/SZD01931 | पत्थर 20 CFT |
| 05 | 19/2023 | 10.05.2023 | 11.06.2025 | रूपेश कुमार, उपेन्द्र कुमार | Pickup Van Reg. No. JH-01P-1314 | कोयला लगभग 100 CFT |
| 06 | 25/2023 | 02.06.2023 | 11.06.2025 | अरविन्द प्रसाद अनिल कुमार तुरी, मनोज उरांव | Motorcycle Reg. No. JH-03K-5301, JH-19D-5906, JH-19B-2933 | कोयला 750 किग्रा |
| 07 | 01/2025 | 26.03.2025 | 11.06.2025 | भोला साव | Tractor Engine No. NKG2DGJQO20 | बालू 100 CFT |
| 08 | 35/2022 | 01.11.2022 | 18.06.2025 | मुकेश कुमार | Truck Reg. No. JH-02AF-1522 | कोयला लगभग 25.020 MT |
| 09 | 24/2023 | 31.05.2023 | 18.06.2025 | पवन कुमार | Motorcycle Reg. No. JH-01N-6823 | गम्हार पटरा 04 पीस |
| 10 | 02/2023 | 10.01.2023 | 04.06.2025 | गुलजार अहमद | Truck Reg. No. JH-01BE-8398 | साल बोटा 81 पीस |
| 11 | 29/2023 | 16.06.2023 | 04.06.2025 | सुमन्त कुमार, कमलेश यादव | Mahendra Tractor Reg. No. JH-08D-9761, Eng. No. RYNB00729 | साल बल्ली 31 पीस |
| 12 | 16/2024 | 29.11.2024 | 04.06.2025 | अक्लदेव सिंह, मिथिलेश यादव, अरविन्द सिंह | Mahendra Tractor Chassis No. MBNABAEXKLRD02248 | साल एवं चकुण्डी बल्ली 48 पीस |
| 13 | 37/2023 | 30.10.2023 | 04.06.2025 | लक्ष्मण यादव, नारायण भोक्ता | Tractor Reg. No. JH-19A-4416 | बालू 80 CFT |
| 14 | 15/2024 | 29.11.2024 | 04.06.2025 | महमूद अंसारी, बुधन गंझू | Tempu Reg. No. JH-08B-6914 | साल चौकठ 09 पीस |
| 15 | 13/2024 | 29.11.2024 | 04.06.2025 | प्रहलाद सिंह | Truck Reg. No. JH-19B-2277 | खैर टुकडा 945 पीस |
| 16 | 17/2024 | 29.11.2024 | 04.06.2025 | सुनील उरांव, आसिर अंसारी, अप्पु अंसारी | - | सेमल पटरा 55 पीस |
| 17 | 12/2019 | 20.06.2019 | 04.06.2025 | महेन्द्र गंझू, जगदीश साव, इन्द्रजीत कु0 सिंह | JCB Reg. No. JH-19A-9961, Tractor Reg. No. JH-13E-4825 | पत्थर लगभग 6000 टन |
| 18 | 06/2020 | 04.06.2020 | 18.06.2025 | हीरालाल महतो, मुकेश महतो, कृष्ण कु0 यादव, संजीव कु0 सिंह, सुजित कुमार | JCB Eng. No. 804545-731127948, Hywa Eng. No. GHPZ145035 | बालू 02 टन |
| 19 | 07/2020 | 04.06.2020 | 18.06.2025 | आशीश कु0 उपाध्याय | Truck Reg. No. JH-02V-4089 | कोयला लगभग 05 टन |
| 20 | 11/2018 | 14.03.2018 | 25.06.2025 | पुरन उरांव, बिनोद राम | Tractor Reg. No. JH-13B-6324, JH-11G-3304 | पत्थर लगभग 04 टन |
| 21 | 32/2023 | 12.07.2023 | 25.06.2025 | राकेश कु0 सिंह | Tractor Reg. No. JH-19C-3824 | केन्दू पत्ता 19 बोरा |
| 22 | 30/2023 | 20.06.2023 | 25.06.2025 | संजय सिंह, भोला साव | Tractor Reg. No. JH-13E-1915, JH-08D-0696 | पत्थर लगभग 06 टन |
| 23 | 22/2023 | 18.05.2023 | 25.06.2025 | कमला गंझू | Tractor Engine No. 331008/SDE02818, Chassis No. MBNAG4ACMTF73025 | कोयला लगभग 15 टन |

समाचार पत्र के माध्यम से उपर्युक्त अभियुक्तों को सूचित किया जाता है कि निर्धारित सुनवाई की तिथि को 11:00 बजे पर्वाह्न में प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमण्डल के न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करेंगे, अन्यथा यह समझा जायेगा कि आपको इस विषय में कुछ नहीं कहना है तथा एकतरफा सुनवाई करते हुए जप्त वाहन एवं वन पदार्थ को सरकार के पक्ष में अधिहरित कर लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–
वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमण्डल।

PR.NO.353459
Forest, Environment and Climate Changes(25-26):D

# सुहागिनों ने वट वृक्ष की पूजा कर पति की लंबी उम्र की प्रार्थना की

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों में वट सावित्री पर्व हर्ष उल्लास से मनाया गया। कच्चे सूत को वटवृक्ष पर लपेटकर हर फेरे में पति की लंबी आयु और उनका जन्म-जन्म का साथ निभाने को सुहागिनों ने वट सावित्री व्रत पर पूजा-अर्चना की। सुहागिन महिलाएं अखंड सौभाग्य के लिए वटवृक्ष की पूजा की। भीषण गर्मी में भी महिलाओं ने निर्जला उपवास कर इस सुहाग पर्व को उत्साह के साथ मनाया। दुल्हन की तरह सोलह श्रृंगार कर मंदिर पहुंची महिलाओं ने विधि विधान के साथ इस व्रत को पूरा किया। पूजा के बाद सुहागिनों ने सत्यवान और सावित्री की कथा भी सुनी। शहर के मंदिरों और वट वृक्ष के नीचे सुबह से ही सुहागिनों की भीड़ लगी रही। पूजा के बाद सुहागिनों ने वट वृक्ष के परिक्रमा कर वट सावित्री की पूजा सपन्न की। इस व्रत में विशेष रूप से बरगद और पीपल के पेड़ की पूजा की जाती है। इस व्रत के पीछे सावित्री और सत्यवान की कथा है। पौराणिक मान्यता है कि इस वृक्ष में काफी शाखाएं लटकी होती है, जिन्हें देवी सावित्री का रूप माना जाता है। इस दिन शनि जयंती होने के कारण व्रत का महत्व और भी बढ़ गया। मान्यताओं के अनुसार वट सावित्री व्रत को सावित्री ने अपने पति को फिर से जीवित करने के लिए किया था, उसके बाद से ही महिलाएं इस व्रत को करती हैं। इस दिन बांस की टोकरी में सप्त धान्य गेहूं, जौ, तिल, कांगनी, श्यामक, देव धन्य अर्पित करने का विधान है। ब्रह्मा, सावित्री और सत्यवान की प्रतिमा सप्त धान्य से भरी दो टोकरियों में स्थापित कर वट वृक्ष के नीचे बैठकर पूजा करनी चाहिए। वट वृक्ष में रोली, काजल, मेहंदी, सिंदूर, चुड़ी सहित अन्य सुहाग की सामग्री अर्पित कर वट वृक्ष की कच्चे सूत के साथ 108 परिक्रमा करने का विधान है। मान्यता है कि वट वृक्ष के नीचे ही सावित्री ने यमराज से अपने पति को वापस जीवित करने का वरदान मांगा था। वट वृक्ष की जड़ों में भगवान ब्रह्मा, तने में विष्णु और पत्तों में शिव का वास होने की वजह से तीनों देवों के प्रतीक स्वरूप वट वृक्ष की पूजा की जाती है।

### नवविवाहिता में ज्यादा उत्साह, सुबह से लगी रही सुहागिनों की लंबी भीड़

प्रमुख रूप से सुहाग पर्व के रूप में मनाए जाने वाले वट सावित्री व्रत को लेकर नव ब्याहताओं में खासा उत्साह देखा गया। वट वृक्ष की पूजा करने के लिए सुबह से ही सुहागिनों की भीड़ लगी रही। शहर सहित गली-मोहल्लों सहित अन्य कई मंदिरों में सुहागिनों की भीड़ लगी रही। शहर के ठकुराइन तालाब के दक्षिणी और उत्तरी क्षेत्र के वटवृक्ष के अलावा बौली बागीचा दुर्गा मंदिर, मिशन चौक वटवृक्ष, बक्शीडिपा मैदान स्थित वट वृक्ष, कृषि बाजार के समीप, मैना बागीचा बाजार के साथ कई जगहों पर पूजा अर्जना की गई। सोलह श्रृंगार के साथ नई साड़ी, गहनों से सजी संवरी सुहागिनों ने पूरे विधि-विधान से वट वृक्ष की पूजा की। कच्चे सूत को लेकर परिक्रमा कर सुहागिनों ने चना, पकवान, मौसमी फल, सहित सुहाग का पिटारा भी चढ़ाया। वट सावित्री व्रत पर शहरी क्षेत्र से लेकर ग्रामीण क्षेत्र तक वट वृक्ष की पूजा के लिए अहले सुबह से ही सुहागिनों की भीड़ देखी जा रही थी। बरगद के पेड़ के नीचे पुरोहित से व्रति कथा सुन वट वृक्ष का मौली धागा से परिक्रमा कर पति की लंबी उम्र की कामना करते नजर आई।



## सेन्हा प्रखंड में पति का दीर्घायु के लिए महिलाओं ने की वट सावित्री का पूजा

**सेन्हा।** प्रखंड क्षेत्र में विभिन्न जगहों में महिलाओं द्वारा वट सावित्री की पूजा धूम धाम से भक्तिपूर्वक किया गया। सोमवार को महिलाओं ने सुबह से ही पूजन की तैयारी में जुटी रहीं। जिसे सुहागीन महिलाओं ने सोलहों श्रृंगार कर बरगद पेड़ के समीप अपने पति का दीर्घायु के लिये देवी सावित्री और सत्यवान का पूजन की तथा दिन भर निर्जला उपवास रख कर अपने पति का लम्बी उम्र व जीवन रक्षा के लिए भगवान से मन्नत मांगी। प्रखंड मुख्यालय सहित सभी गांवों में वट वृक्ष पर सुबह से ही महिलाएं पहुँच कर पूजा अर्चना करते हुए दिखाई दी.वही पुरोहित नर्मदेश्वर पाठक, अवनीश पाठक, राजेश पाठक और अरविन्द पाठक के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ महिलाओं को वट सावित्री पूजन कराया गया, तथा वट सावित्री पूजन पर देवी सावित्री और भगवान सत्यवान का कथा विस्तारपूर्वक बताया गया। वही पुरोहितों द्वारा वेद शास्त्र अनुसार बताया गया की वट सावित्री का पूजन महिलाएं अपने पति का लम्बी उम्र और जीवन रक्षा के लिए करती हैं। साथ ही सावित्री द्वारा मृत्यु के देवता यमराज से अपने पति का प्राण रक्षा की कथा पूजरन भक्तों को पुरोहितों द्वारा विस्तारपूर्वक सुनाया गया। वही सोमवार को सुबह से ही सभी जगहों पर बरगद पेड़ के समीप वट सावित्री का पूजा अर्चना के लिये लम्बी लाइन लगी हुई थी। महिलाओं द्वारा मन्दिर और देवालयों में भी श्रद्धा भाव से भक्तिपूर्वक पूजा अर्चना किया गया।



## भंडरा में महिलाओं ने वट सावित्री की पूजा की, सदा सुहागिन रहने की कामना की

**भंडरा।** प्रखंड क्षेत्र में सोमवार को महिलाओं ने वट सावित्री व्रत रखकर अपने पति की लंबी उम्र और परिवार की सुख शांति की कामना की। सुहागिनें दुल्हन की तरह सज धज कर वट के पेड़ के नीचे पहुंचीं और पूरे विधि विधान से पूजा की। प्रखंड के भंडरा चट्टी, भौरो, बेदाल, मसमानो, कुम्हारिया, आकाशी, अम्बेरा, बड़ागाई आदि गावों में सुबह से ही वट वृक्ष के पास महिलाओं की भीड़ जुटी रही। पूजा के बाद सुहागिनों ने पेड़ की परिक्रमा की और वट सावित्री की पूजा पूरी श्रद्धा से की। इस व्रत में वट पेड़ और सावित्री दोनों का विशेष महत्व होता है। मान्यता है कि वट वृक्ष में ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों देवताओं का वास होता है, ठीक वैसे ही जैसे पीपल के पेड़ में होता है।

**महिलाओं ने सुनी सावित्री सत्यवान की कथा :** वट सावित्री व्रत के मौके पर महिलाओं ने बरगद के पेड़ के नीचे बैठकर पूजा की और सावित्री सत्यवान की कथा सुनी। मान्यता है कि इस दिन व्रत कथा सुनने और पूजा करने से मनोकामनाएं पूरी होती हैं। मान्यता है कि इसी दिन सावित्री ने वट वृक्ष की पूजा करके अपने पति सत्यवान के प्राणों को यमराज से छुड़ा लिया था, बस तभी से ये व्रत रखा जाता है। इस दिन महिलाएं खूब सज-संवर कर अपने पति की तरक्की और लंबी उम्र के लिए पूजा-अचर्ना करती हैं। एक और कथा के अनुसार, मार्कण्डेय ऋषि को भगवान शिव के वरदान से वट के पत्ते पर बाल मुकुंद के दर्शन हुए थे। तभी से वट वृक्ष की पूजा का महत्व बढ़ गया। माना जाता है कि वट वृक्ष की पूजा करने से घर में सुख शांति और धन समृद्धि आती है।

**नवविवाहित महिलाओं में दिखा जोश :** वट सावित्री व्रत को सुहाग पर्व के रूप में पूरे प्रखंड में धूमधाम से मनाया गया। खासकर नवविवाहित महिलाओं में इस व्रत को लेकर काफी उत्साह देखा गया। नई नई दुल्हनें सोलह श्रृंगार कर, नई साड़ी और गहनों के साथ सज धजकर वट वृक्ष की पूजा करने पहुंचीं। उन्होंने विधिपूर्वक पूजा की, पेड़ की परिक्रमा की और कच्चे सूत से पेड़ को लपेटा।

## एसपी आवास के समीप तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर पलटी

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** शहर के एसपी आवास के समीप सोमवार शाम करीब 4:30 बजे तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। वाहन में सवार रघुटोली निवासी सूर्य टोप्पो और उनके एक मित्र हादसे से बाल-बाल बच गए। दोनों को मामूली चोटें आईं, जबकि वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सूर्य टोप्पो शराब के नशे में वाहन चला रहे थे। बताया गया है कि गाड़ी चलाते समय ब्रेक की बजाय गलती से एसलेटर दबा देने के कारण वाहन का संतुलन बिगड़ गया और वह तेज रफ्तार में गड्ढे में पलट गया। हादसे के समय सड़क पर कोई अन्य वाहन या राहगीर मौजूद नहीं था, जिससे बड़ा हादसा होने से बचा। आसपास के लोगों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर फंसे हुए दोनों युवकों को बाहर निकाला। कुछ ही देर में लोहरदगा सदर थाना की पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और क्रेन की मदद से वाहन को सड़क किनारे गड्ढे से बाहर निकाला। इसके बाद स्कॉर्पियो को जब्त कर थाना परिसर ले जाया गया। यह मार्ग लोहरदगा शहर की सबसे व्यस्त सड़कों में से एक है, जहां इस तरह की लापरवाही गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकती है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से नशे में वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

### न्यूज बॉक्स

## लोहरदगा में आंतरिक संसाधन व राजस्व संबंधी बैठक आयोजित



**लोहरदगा।** समाहरणालय सभागार में अपर समाहर्ता जितेन्द्र मुण्डा की अध्यक्षता में आंतरिक संसाधन एवं राजस्व संबंधी बैठक आयोजित की गई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 को ध्यान में रखते हुए राजस्व संग्रहण की रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा हुई। श्री मुण्डा ने सभी अंचलों को लक्ष्यानुसार राजस्व संग्रहण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए एवं कार्य में पारदर्शिता बनाए रखने पर बल दिया। बैठक में संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## वज्रपात से भैंसा की हुई मौत

**सेन्हा।** थाना क्षेत्र के अलौदी पंचायत अंतर्गत सुरसुरिया गांव में सुबह तेज बारिश के साथ वज्रपात होने से एक भैंसे की मौत हो गई। सोमवार सुबह अचानक तेज बारिश के साथ गर्जन हुआ जिसे वज्रपात की चपेट में आने से स्व. रघु भगत का किसान पुत्र दिनेश भगत का भैंसे की मौत हो गई। किसान दिनेश भगत ने जानकारी देते हुए बताया कि जानवर को घर से बाहर आंगन में निकाल कर पुवाल का चारा दे कर घर घुसे की अचानक से तेज आवाज के साथ वज्रपात हुआ और मेरे भैंसा को मार दिया जिसे मौके पर ही भैंसा का मौत हो गई। वही वज्रपात से भैंसा का मौत होने से किसान को करीब 60 हजार रुपये का नुकसान हुआ तथा मवेशी की मौत से किसान का कमर टूट गया। किसान अपने खेत की जुताई भैंसा के माध्यम से ही करता था। वही अंचलाधिकारी मुदस्सर नजर मंसूरी ने कहा कि वज्रपात से मवेशी की मौत की सूचना मिली है। पोस्टमार्टम का प्रक्रिया होने के बाद किसान द्वारा आवेदन देने पर किसान को सरकार की ओर से मुआवजा दिलाने का प्रयास किया जायेगा। वज्रपात से मनुष्य या जानवर का मृत्यु होने पर सरकार द्वारा सहायता के तौर पर मुआवजा देने का प्रावधान है।

## बकरी चोर गिरोह का सदस्य गोटो गिरफ्तार, भेजा गया जेल

नवीन मेल संवाददाता



● कुडू थाना क्षेत्र में गिरोह लग्ज़री वाहनों से देता है बकरी चोरी की वारदात को अंजाम

**कुडू।** कुडू थाना क्षेत्र सहित समस्त लोहरदगा जिले के कई इलाके के पशुपालक लंबे समय से बकरी चोर गिरोह के आतंक से भयकरान्त है। पुरी तरह हाईटेक यह चोर गिरोह घुम रही या घरो में बंधी बकरियों को लक्ज़री चौपहिया वाहन में लादकर ले जाते हैं। एक बार फिर ऐसा ही एक मामला कुडू थाना क्षेत्र के जिंगी इलाके में प्रकाश में आया है। जहां चोरों ने सरफराज अंसारी के घर में बंधे चार बकरियों की चोरी कर बलेनो कार में लादकर चलते बने। इससे पूर्व भी करीब तीन माह पहले कुडू शहरी क्षेत्र से दिन दहाड़े ऐसे ही लक्ज़री वाहन में चोरों ने तीन बकरीयों की चोरी कर ली थी। हालांकि इस बार एक चोर की सीसीटीवी में फुटेज की मदद से कैरो थाना क्षेत्र के चेरिमा गांव निवासी शहबान अंसारी के पुत्र जिब्राईल उर्फ गोटो आंसरी की शिनाख्त हुई। बकरियों के मालिक द्वारा पुछ ताछ करने पर गोली मारने की धमकी देने लगा, जिसे जम कर धुनाई के बाद पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने कुडू थाना कांड संख्या 60/25, धारा 303(2)/3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में लोहरदग़ा जेल भेज दिया। इसकी निशानदेही पर पुलिस ने दो बकरियों को बरामद कर लिया है। गिरफ्तार गोटो ने चोर गिरोह में शामिल अन्य साथियों की जानकारी दी है। पुलिस इसके अन्य साथियों की तलाश कर रही है। बकरी पालक सरफराज ने बताया कि 20 मई की रात घर के लोग अपने बकरियों को घर के बाहर शेड में बांधकर सोने चले गए। 21 मई को प्रातः उठने पर दो बकरी और दो खस्सी गायब था। दो तीन दिनों तक परिवार के लोगों ने अपने स्तर से काफी खोजबीन करने पर भी कोई सुराग नही मिला। बाद में सीसीटीवी फुटेज देखने पर इस चोरी में शामिल कैरो थाना क्षेत्र के एक चोर के विषय में जानकारी मिली।

### लोहरदगा में स्कॉर्पियो से गौ तस्करी का खुलासा

## वाहन सहित एक आरोपी को गिरफ्तार

● गुप्त सूचना पर बाल्मीकि नगर के पास की गई कार्रवाई, आधा दर्जन गौवंशीय पशु बरामद

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** जिले में गौ तस्करी का एक नया तरीका सामने आया है, जहां तस्कर अब स्कॉर्पियो जैसे चारपहिया निजी वाहनों का उपयोग कर गौवंशीय पशुओं की अवैध ढुलाई कर रहे हैं। सदर थाना पुलिस ने सोमवार को बाल्मीकि नगर के समीप एक स्कॉर्पियो वाहन से करीब आधा दर्जन गौवंशीय पशुओं को बरामद किया है। वाहन में पशुओं को बेहद क्रूरता से ठूंसकर लादा गया था। गौ तस्करी के इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर थाने लाया गया है, जबकि पुलिस अन्य संलिप्तों की तलाश में जुटी है। गौ तस्करी की लगातार सामने आ रही घटनाओं को देखते हुए स्थानीय लोगों ने प्रशासन से कठोर कार्रवाई की मांग की है। वहीं पुलिस ने आश्वस्त किया है कि तस्करी में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और पूरे नेटवर्क की जांच की जा रही है।



### स्थानीय नागरिकों की सजगता से मिली सफलता

सूत्रों के अनुसार, पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि स्कॉर्पियो वाहन से गौ तस्करी की जा रही है। इसी बीच, मिशन चौक के समीप स्थानीय लोगों ने भी संदेहास्पद वाहन को रोककर पूछताछ की। घबराहट में चालक वाहन लेकर भागने लगा, लेकिन तेज रफ्तार के कारण वाहन का एक टायर पंक्चर हो गया। इसके बाद सदर थाना पुलिस ने पीछा कर बाल्मीकि नगर के पास वाहन को जब्त कर लिया।

## मां को ढूंढने के लिए बेटे ने पुलिस से लगाई गुहार

नवीन मेल संवाददाता



**कुडू।** कुडू थाना क्षेत्र के पंडरा गांव निवासी जहीरूद्दीन अंसारी की पत्नी रौशन बीबी बिते 23 मई से लापता हो गयीं हैं। परिजनों से प्राप्त जानकार के अनुसार बीते शुक्रवार की सुबह करीब आठ बजे घर से निकली और वापस नही लौटी। परिजनों ने आसपास के गांव और रिश्तेदारों के यहां तलाश की लेकिन रौशन बीबी का कोई सुराग नही मिला।

थक हार कर पुत्र इलियास पवरिया ने कुडू थाना में मां की गुमशुदगी का मामला दर्ज कर मदद की गुहार लगाई है।

परिजनों ने बताया कि महिला का मानसिक संतुलन कुछ ठीक नही है।

### झारखंड राज्य खाद्य आयोग की समीक्षात्मक बैठक में शबनम परवीन ने कहा-

# राशन कार्ड धारकों की शिकायतों का जल्द हो निष्पादन

● राशन कार्ड नहीं होने पर आकस्मिक खाद्यान्न कोष का इस्तेमाल करें

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** झारखंड राज्य खाद्य आयोग की प्रभारी अध्यक्ष-सह-सदस्या, शबनम परवीन की अध्यक्षता में जिला परिसदन, लोहरदगा में बैठक की गई। इस बैठक में उन्होंने कहा कि खाद्य सुरक्षा से संबंधित शिकायतों का निपटारा जिला में ही किया जाय ताकि अधिकतर मामले जिला में ही निष्पादित कर लिए जाएं। लोगों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने की आवश्यकता है। कई बार शिकायतकर्ता कार्डधारी का नाम/कार्ड डिलीट कर दिया जाता है, ऐसा नहीं होना चाहिए। शिकायतकर्ता की शिकायतों का निवारण होना चाहिए ना कि उसका कार्ड डिलीट कर या उसके कार्ड अन्य दुकानदार के पास ट्रांसफर कर उसे सजा दी जाय। सभी पंचायतों में आकस्मिक खाद्यान्न कोष गठित है जिसका उपयोग करना चाहिए। कोष की कमी होने पर जिला से मांग की जाय। मुखिया लोगों के साथ बैठक हर माह की जाय ताकि इसकी जानकारी दी जा सके। प्रखंडों में खाद्य सुरक्षा से संबंधित जानकारी के लिए कार्यशाला भी आयोजित की जाय। बैठक में अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, जिला आपूर्ति पदाधिकारी ज्ञान शंकर जायसवाल, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, नगर पालिका पदाधिकारी समेत अन्य उपस्थित थे।



### पीडीएस दुकानों में लगे सूचनापट्ट

अध्यक्ष ने कहा कि कई दुकानों में सूचना पट्ट नही है जो नियमानुसार गलत है। उसमें दुकानदार की, कार्डधारकों की, योजनावार कार्डधारकों की जानकारी होनी चाहिए। जब कार्डधारी को राशन दी जाती है तो उसे दी जा रही राशन की जानकारी के लिए पॉश मशीन से निकलने वाली पर्ची दी जाय। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के पात्र महिलाओं का रजिस्ट्रेशन और लाभ दिलाने का निर्देश दिया गया। पेशरार में जन वितरण प्रणाली की दुकान की मांग किये जाने पर अध्यक्ष ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को पत्र के माध्यम से आयोग को सूचित कर मांग किये जाने का निर्देश दिया गया।

## शबनम ने जन वितरण प्रणाली दुकानों व योजनाओं का किया निरीक्षण



**लोहरदगा।** झारखंड राज्य खाद्य आयोग की प्रभारी अध्यक्ष-सह-सदस्या शबनम परवीन ने सोमवार को जिले के विभिन्न जन वितरण प्रणाली दुकानों और पंचायतों का निरीक्षण किया। इस क्रम में उन्होंने किस्को मोड़ स्थित प्रगति महिला मंडल, चिरी के अमान अंसारी तथा जीमा स्थित राममोहन साहू की जन वितरण प्रणाली दुकानों पर खाद्यान्न की मात्रा, वितरण प्रक्रिया एवं पर्चियों की जांच की। चिरी पंचायत भवन में धात्री माताओं को मिलने वाली सुविधाओं एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की स्थिति की भी समीक्षा की गई। इस दौरान लाभुकों से संवाद कर योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली गई। अध्यक्ष ने सभी लाभुकों से अपील की कि किसी भी शिकायत को राज्य खाद्य आयोग के हेल्पलाइन व्हाट्सएप नंबर पर दर्ज करें। निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी ज्ञान शंकर जायसवाल, खाद्य आयोग के स्टेनो सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**सेंट्रलाइज्ड किचन का निरीक्षण :** चिरी स्थित अन्नामृता फाउंडेशन सेंट्रलाइज्ड किचन का निरीक्षण करते हुए अध्यक्ष ने मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता, बर्तनों की धुलाई व स्टोर रूम के रख-रखाव की जांच की।


## न्यायालय, उपायुक्त –सह– जिला दण्डाधिकारी, लातेहार।

अनुमति वाद संख्या–92/2025

आम इस्तेहार

आवेदक मो0 जियाउल्लाह वो मो0 मीन्न तुल्लाह वो समी उल्लाह वो सैफुल्लाह चारो के पिता–स्व0 मो0 नेजामुद्दीन सभी निवासी ग्राम–इटके, पो0–बारीखाप, थाना–बारियातु, जिला–लातेहार द्वारा मेसर्स एस0एम0 स्टील्स एण्ड पॉवर लिमिटेड, 2013 कार्यालय पता–ब्लॉक डी0पी0 पांचवा टॉवर, प्रथम तल्ला यूनिट 504 सेक्टर–5 कोलकत्ता वेस्ट बंगाल–700058 के साथ भूमि बिक्री हेतु अनुमति के लिए छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम की धारा–49 के अंतर्गत आवेदन पत्र दाखिल किया है।

भूमि का विवरण

| मौजा | खाता | प्लॉट | रकबा |
|---|---|---|---|
| बरवाडीह | 45 | 114 | 0.3266 |
| | | 133 | 0.4766 |
| | | 139 | 0.2068 |
| | | 140 | 0.0599 |
| | | 204 | 0.1699 |
| | | 551 | 0.2986 |
| | | 153 | 0.1068 |
| | | 55 | 0.2867 |
| | | 158 | 0.2399 |
| | | 194 | 0.2533 |
| | | 196 | 0.0433 |
| | | 202 | 0.0500 |
| | | कुलः– | 2.5184 ए0 |

एतद् द्वारा हर आम व खाश को सूचित किया जाता है कि इस भूमि अंतरण के विरूद्ध किसी को आपत्ति हो, तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी के न्यायालय में आम–इस्तेहार निर्गत की तिथि से एक पक्ष (15 दिनों) के अंदर आपत्ति दायर कर सकते है। समय सीमा समाप्ति के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

प्रभारी उप समाहर्त्ता,
जिला विधि शाखा, लातेहार।

PR 353537 District(25-26)D



## झारखण्ड सरकार
## श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग

प्राचार्य का कार्यालय-औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, प्रतापपुर, हंटरगंज चतरा

Email Id-principalitipratapur@gmail.com
Email Id-principalitihunterganj@gmail.com

**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतापपुर एवं हंटरगंज चतरा में शैक्षणिक सत्र 2025–26–27 में नामांकन से संबंधित सूचना।**

निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, राँची के पत्रांकः– 701, दिनांकः– 21.05.2025 के अन्तर्गत SCVT से मान्यता प्राप्त सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतापपुर (चतरा) एवं हंटरगंज (चतरा) में शैक्षणिक सत्र 205–26–27 में नामांकन के लिए योग्य आवेदकों, जो झारखण्ड राज्य के स्थायी/स्थानीय निवासी की श्रेणी में आते हैं, और नीचे दिए गए शैक्षणिक योग्यता धारित करते है, उनसे ऑनलाईन (https://iti.jharkhand.gov.in) (Admission tab) में आवेदन–पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

उपरोक्त 02 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में निम्न व्यवसायों में नामांकन हेतु आवेदन किया जा सकता हैः–

**01. औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतापपुर (चतरा) एवं हंटरगंज (चतरा) में संचालित व्यवसाय एवं रिक्त सीटः–**

| क्र0 सं0 | व्यवसाय का नाम | प्रशिक्षण अवधि | रिक्त सीटों की संख्या | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| 1. | विद्युत (Electrician) | 02 वर्षीय | 40 | मैट्रिक पास |
| 2. | फिटर (Fitter) | 02 वर्षीय | 40 | मैट्रिक पास |
| 3. | मैकानिक डीजल (Mechanic Diesel) | 01 वर्षीय | 48 | मैट्रिक पास |
| 4. | वेल्डर (Welder) | 01 वर्षीय | 40 | आठवीं पास/ मैट्रिक पास |

02. ऑनलाईन करने की तिथि :–

| क्र0 सं0 | विवरणी | तिथि |
|---|---|---|
| 01 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि | 20.05.2025 |
| 02 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि | 13.06.2025 अपराह्न 5:00 बजे तक |
| 03 | औपबंधिक मेधा सूचियों (आठवीं एवं दसवीं कक्षा) का प्रकाशन | 16.06.2025 अपराह्न 5:00 बजे तक |
| 04 | औपबंधिक राज्य मेधा सूचियों में शामिल आवेदकों द्वारा प्राप्तांक/प्राप्तांक प्रतिशत, कोटि एवं अन्य प्रविष्टियों में त्रुटि सुधार की अवधि | 17.06.2025 से 19.06.2025 तक |
| 05 | अंतिम मेधा सूचीयों (आठवीं एवं दसवीं कक्षा) का प्रकाशन | 21.06.2025 |

उक्त सूचना को Jharkhand के ITI Webportal (https://iti.jharkhand.gov.in) के Download Section के Notification Tab में देखा/Download किया जा सकता हैं।

नोट :– 1. ऑनलाईन करने संबंधी किसी भी प्रकार के सहायता के लिए मो0 न0– 9798015794, 9661568235 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिमरिया, चतरा मे सम्पर्क कर सकते है।

प्रभारी प्राचार्य
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिमरिया, चतरा

PR 353480 Labour Employment and Traning (25-26)_D

## न्यूज बॉक्स

### फसल चौपट कर रहें थे मवेशी, किसानों ने किया विरोध, पुलिस ने की कार्रवाई

**भरनो (गुमला)।** भरनो थाना क्षेत्र के परसा और चेटो गांव के पशुपालकों द्वारा मवेशियों को खुले में छोड़ने से आसपास के गांवों के किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। फसलों की बर्बादी से नाराज किसानों ने शनिवार देर शाम कई मवेशियों को गांव से बाहर खदेड़ दिया। इस दौरान भरनो पुलिस ने स्थिति को पशु तस्करी समझते हुए तत्काल कार्रवाई कर 26 मवेशियों को जब्त कर थाने ले आई। रविवार की देर शाम परसा और चेटो गांव के मवेशी मालिक भरनो थाना पहुंचे और अपने मवेशियों की वापसी की मांग की। स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में मवेशियों की पहचान कराई गई, जिसके बाद पुलिस ने मवेशियों के मालिकों को सख्त चेतावनी दी कि आगे मवेशियों को खुले में छोड़ा गया तो जुर्माना लगाया जाएगा। सभी से लिखित आश्वासन लेकर मवेशियों को छोड़ा गया। वहीं किसान बुद्धदेव उरांव ने बताया कि उन्होंने 12 एकड़ खेत में गन्ना, मिर्च, गोभी आदि की खेती की है। तूफान और ओलावृष्टि से पहले ही गन्ने की फसल बर्बाद हो चुकी है, अब बचे हुए फसलों को मवेशी बर्बाद कर रहे हैं। सही दाम भी नहीं मिल रहा और मवेशियों की परेशानी अलग से है, जिससे किसान रात-रात भर खेतों की रखवाली कर रहे हैं। किसानों ने इस गंभीर समस्या के स्थायी समाधान की मांग की है। मौके पर प्रमुख पारस नाथ उरांव, थाना प्रभारी कंचन प्रजापति, पंचायत समिति सदस्य जहांगीर आलम, अजहर अली, सब इंस्पेक्टर मंटू चौधरी, विनय उरांव, शिव केसरी समेत दर्जनों किसान और मवेशी मालिक मौजूद थे।

### लावा नदी में नहाने के दौरान 16 किशोर डूबा

**जारी।** जारी थाना क्षेत्र के भीखमपुर स्थित लावा नदी में नहाने के दौरान 16 वर्षीय योगेश थापा के डूबने की खबर सामने आई है। घटना रविवार सुबह लगभग 9 बजे की है, जब योगेश अपनी बहन सोनम थापा और अर्पण मिंज के साथ अपनी मां के साथ नदी में नहाने आया था। प्रत्यक्षदर्शी 12 वर्षीय सिमोन मिंज ने बताया कि वे भी उस समय नदी में मौजूद थे। योगेश, सोनम और अर्पण जैसे ही नदी में उतरे, वे तीनों बहने लगे। यह देख सिमोन और उसके साथी उन्हें बचाने के लिए नदी में कूद पड़े। उन्होंने सोनम थापा और अर्पण मिंज को किसी तरह बचा लिया, लेकिन योगेश थापा पुल के समीप गहराई में डूब गया और पुल के पिलर की ओर अंदर चला गया, जिसके बाद वह ऊपर नहीं निकल पाया। डूबने की खबर पूरे गांव में फैलते ही ग्रामीण बड़ी संख्या में नदी की ओर भागे और कुछ लड़कों ने काफी देर तक नदी में खोजबीन भी की, लेकिन योगेश का कुछ पता नहीं चल पाया। योगेश थापा की बड़ी बहन सोनम थापा ने बताया कि उनके पिता नेपाल के रहने वाले हैं और मां झारखंड की। वे सभी गर्मी की छुट्टियां बिताने के लिए जारी के जामटोली स्थित मौसी के घर आए हुए थे।

### डुमरी ग्रामीणों ने दबोचे बकरी चोर, चार युवक आई20 कार सहित गिरफ्तार

**डुमरी।** डुमरी प्रखंड के रजवाल गांव में रविवार को ग्रामीणों की मुस्तैदी से बकरी चोरी की बड़ी घटना टल गई। ग्रामीणों ने दो बकरियां चुराकर i20 कार से भागने का प्रयास कर रहे चार युवकों को रंगे हाथों धर दबोचा। सूचना मिलने पर डुमरी थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सभी आरोपियों को हिरासत में ले लिया और चुराई गई बकरियों को भी बरामद कर लिया है।दरअसल, रजवाल गांव के ग्रामीणों को कुछ संदिग्ध युवकों के गांव में घूमने और बकरियों की रेकी करने की जानकारी मिली थी। सतर्क ग्रामीणों ने उन पर नजर रखनी शुरू कर दी। जैसे ही आरोपियों ने दो बकरियां चुराईं और अपनी i20 कार में बैठकर फरार होने की कोशिश की, ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए उनका पीछा किया और उन्हें भागने का कोई मौका नहीं दिया। ग्रामीणों की इस बहादुरी और सतर्कता की पुलिस ने भी सराहना की है।चोरी में संलिप्त युवक हिरासत में पकड़े गए आरोपियों की पहचान गोलू खान (25 वर्ष, पिता इस्लाम खान), मुशर्रफ अंसारी (21 वर्ष), आरिफ अंसारी (पिता गोलू खान) और साहुल हुसैन (25 वर्ष) के रूप में हुई है। हालांकि, ग्रामीणों ने बताया कि इनमें से एक आरोपी का नाम स्पष्ट रूप से नहीं पढ़ा जा सका है, लेकिन ये सभी पहले भी चोरी की घटनाओं में शामिल रहे हैं।

### बैजनाथ जालान महाविद्यालय पीएम उषा योजना कार्यक्रम के तहत समिति की हुई बैठक

**सिसई(गुमला)।** बैजनाथ जालान महाविद्यालय सिसई में सोमवार को पीएम उषा कार्यक्रम के तहत शासी निकाय एवं अनुश्रवण समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य प्रो अमिताभ भारती ने की। बैठक से पूर्व महाविद्यालय परिसर में पी एम उषा योजना से बन रहे भवन का निरीक्षण किया गया। जिसका कार्य प्रगति पर है। इसके पश्चात बैठक में महाविद्यालय की समस्या व वर्ष 2018 से बन रहे नये भवन जो बन कर तैयार है, पर अब तक कक्षा प्रारंभ नहीं हो पाने और इस कारण जर्जर भवन में ही कक्षा संचालन सहित महाविद्यालय के जमीन संबंधित समस्या पर भी चर्चा हुई। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व प्रभारी प्राचार्य डॉ आदित्य विक्रम देव, पूर्व खेल प्रभारी सलमान अली, शिवरतन साहु, मुनेश्वर साहु, पी एम उषा कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ रंजीत कुल्लू,अर्थपाल प्रो जेन सिसिलिया बारला, प्रधान सहायक सुरेश साहु, प्रो सोनिया कुमारी, डॉ पारंगत खलखो,डॉ निसार अहमद,प्रो सुदीप्ति खुशबू लकड़ा, डॉ प्रवीण बसंती,प्रो विनीता गुड़िया, प्रो करम सिंह ओडेया, दीपक कुमार उरांव, महताब अंसारी आदि उपस्थित थे।

### ओडिशा के विधायक शारदा प्रसाद नायक पहुंचे पम्पापुर धाम, मां भगवती दरबार में की पूजा-अर्चना

**पालकोट।** सोमवार को पम्पापुर धाम, पालकोट में आध्यात्मिक आस्था और श्रद्धा का विशेष संगम देखने को मिला जब ओडिशा के राउरकेला विधानसभा क्षेत्र के वर्तमान विधायक शारदा प्रसाद नायक मां भगवती के अलौकिक दरबार पहुंचे। विधायक श्री नायक ने पम्पापुर धाम में मां पम्पाभवानी और बाबा बैद्यनाथेश्वर मनोकामना लिंग के समक्ष वैदिक विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इसके उपरांत उन्होंने ब्रह्मलीन कर्मयोगी शिव सम्भव जी महाराज के बाबा आश्रम में धुना, दीप प्रज्वलन, पुष्पार्पण एवं आरती में भाग लिया। इस अवसर पर बाबा आश्रम के कार्यकर्ता – देवी महतो, शंकर सिंह, जगदीश, दीपक कसेरा, सुजीत गुप्ता, हरिमोहन सिंह, तारक ठाकुर, रूपेश कुमार, शशिकांत बैठा, विवेक मिश्रा सहित पम्पाभवानी परिवार राउरकेला के सक्रिय सदस्य अशोक शर्मा, बेमेश्वर (गुरु), रंजीत पाढ़ी और पृथ्वी कुमार भी उपस्थित रहे।

# भरनो में हाथी का आतंक जारी, दो किसानों के घर व फसलें हुई बर्बाद

नवीन मेल संवाददाता






**भरनो (गुमला)।** भरनो प्रखंड क्षेत्र में जंगली हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। आए दिन हाथियों द्वारा ग्रामीणों के घरों को क्षतिग्रस्त करने और खेतों की फसलों को बर्बाद करने की घटनाएं सामने आ रही हैं। ताजा मामला करौंदाजोर पंचायत अंतर्गत कानरवां और बनटोली गांव का है, जहां रविवार रात लगभग 9 से 10 बजे के बीच एक जंगली हाथी ने जबरदस्त उत्पात मचाया। मुखिया ने पीड़ित किसानों के घर पहुंचीं व मुआवजा दिलाने का दी आश्वासन सूचना मिलते ही सोमवार सुबह पंचायत की मुखिया इभा लकड़ा पीड़ित किसानों के घर पहुंचीं और क्षति का जायजा लिया। उन्होंने किसानों को उचित मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। वहीं, वन विभाग बसिया के प्रभारी वनपाल लिबनुस कुल्लू को घटना की जानकारी दूरभाष पर दी गई। प्रभावित किसानों ने सरकार और वन विभाग से जल्द सहायता और उचित मुआवजे की मांग की है। लगातार हो रही इन घटनाओं से क्षेत्र में दहशत का माहौल है और ग्रामीणों ने प्रशासन से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम की मांग की है।

### कई सामान हुए क्षतिग्रस्त

हाथी ने किसान मंगरा मुंडा के मिट्टी से बने घर को दो स्थानों पर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया। घर में रखे कई बोरी धान खा गया और पलंग, ड्रेसिंग टेबल, बक्सा समेत कई घरेलू सामानों को तहस-नहस कर दिया। इसी गांव के भादे मुंडा के घर को भी हाथी ने नुकसान पहुंचाया, जहां दर्जनों एसबेस्टस की छतें टूट गईं और पास में खड़ी एक ऑटो भी क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के समय दोनों किसान अपने परिजनों के साथ घर में थे और रात का भोजन कर सोने की तैयारी कर रहे थे, तभी अचानक हाथी ने घर की दीवार तोड़नी शुरू कर दी। भयभीत परिवार के सभी सदस्य किसी तरह भागकर जान बचाने में सफल रहे। ग्रामीणों ने पहले पटाखे और फिर मशाल जलाकर काफी प्रयास के बाद हाथी को गांव से खदेड़ा।

## वट सावित्री व्रत पर गुमला की सुहागिनों ने की वटवृक्ष की पूजा

# पति की लंबी उम्र व पारिवारिक सुख-शांति की कामना की

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** लोक आस्था और पारिवारिक समर्पण का प्रतीक वट सावित्री व्रत गुमला जिले में श्रद्धा और परंपरा के साथ मनाया गया। सोमवार को शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक व्रती महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में सजकर वटवृक्ष की पूजा-अर्चना की और पति की लंबी उम्र, परिवार की सुख-समृद्धि और मंगल की कामना की। सुबह से ही व्रत रखने वाली सुहागिन महिलाएं पूजा की तैयारी में जुटी रहीं। जैसे ही सूर्य की किरणें तेज़ हुईं, महिलाएं थाल में पूजन सामग्री लेकर वटवृक्षों और मंदिरों की ओर रवाना होने लगीं। शहर के विभिन्न मोहल्लों में स्थित वटवृक्षों, हनुमान मंदिर परिसर, और अन्य धार्मिक स्थलों पर पूजा-अर्चना के लिए महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी।

महिलाओं ने वटवृक्ष की जड़ में जल चढ़ाकर, रोली, मौली, फल-फूल और सूती धागों से पेड़ की परिक्रमा की। इसके बाद सावित्री और सत्यवान की पौराणिक कथा का श्रवण किया गया, जिसमें नारी शक्ति, समर्पण और पति के प्रति अटूट प्रेम का वर्णन है। कथा के दौरान महिलाएं श्रद्धा से सजग होकर कथा की प्रत्येक बात को सुनती रहीं और अंत में व्रत का संकल्प दोहराया। पूजा स्थलों पर मौजूद स्थानीय पंडितों और पुजारियों ने विधिवत पूजा संपन्न करवाई। उन्होंने महिलाओं को व्रत का महत्व बताया और सावित्री-सत्यवान के आदर्श प्रेम और समर्पण की व्याख्या की। व्रत को लेकर एक दिन पहले से ही बाजारों में पूजन सामग्री, फल-फूल, मिठाई, सुहाग का सामान आदि की खरीदारी को लेकर खासा उत्साह देखा गया। सोमवार सुबह भी श्रद्धालुओं की भीड़ से फूल विक्रेता, फल दुकानदारों और धार्मिक सामान बेचने वालों की बिक्री में इजाफा हुआ।



### वट सावित्री व्रत की धूम सुहागिनों ने की पति की लंबी आयु की कामना

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड मुख्यालय में वट सावित्री व्रत का पावन अवसर बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की लंबी आयु और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना के लिए निर्जला उपवास रखा और पूरी श्रद्धा के साथ वट वृक्ष की पूजा-अर्चना की। इस दौरान महिलाओं ने वट के पेड़ की पत्ती को अपने बालों में भी खोंसा, जो इस व्रत की एक पारंपरिक प्रथा है।हिंदू धर्म में विवाहित महिलाओं के लिए यह पर्व अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है।ज्येष्ठ मास की अमावस्या तिथि को पड़ने वाला यह व्रत हर साल बड़े ही उत्साह के साथ मनाया जाता है। ऐसी मान्यता है कि इस व्रत के प्रभाव से पति की उम्र लंबी होती है और दांपत्य जीवन में सुख-समृद्धि बनी रहती है। महिलाएं पूरे दिन उपवास रखकर वट वृक्ष की पूजा करती। इस व्रत के पीछे एक गहरा पौराणिक महत्व जुड़ा हुआ है।पौराणिक कथा के अनुसार, माता सावित्री ने इसी वट वृक्ष के नीचे यमराज से अपने मृत पति सत्यवान को वापस पाया था। तभी से वट वृक्ष की पूजा का विशेष महत्व माना जाता है।पुरोहित अविनाश पाठक, संजय पाठक और अमरेश पाठक ने बताया कि हिंदू शास्त्रों में वट वृक्ष को अत्यंत पूजनीय माना गया है।

### श्रद्धा और आस्था के पौराणिक कथा सुनी

**भरनो (गुमला)।** भरनो प्रखंड मुख्यालय समेत दर्जनों गांवों में सोमवार को वट सावित्री व्रत के पावन अवसर पर सुहागिन महिलाओं ने परंपरा, श्रद्धा और आस्था के संगम के साथ वटवृक्ष की पूजा कर अपने पति की दीर्घायु और पारिवारिक सुख-समृद्धि की कामना की। अहले सुबह से ही व्रतधारी महिलाएं पारंपरिक परिधान और सोलह श्रृंगार कर पूजा स्थल पहुंचीं, जहां उन्होंने विधिवत उपवास रखते हुए वटवृक्ष की पूजा की। महिलाओं ने वटवृक्ष में रक्षासूत्र लपेटते हुए उसकी परिक्रमा की और सावित्री-सत्यवान की कथा का श्रवण किया। पूजा उपरांत व्रती महिलाओं ने अपने-अपने घर जाकर पति के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त किया और उन्हें बर पत्ता से हल्के ढंग से 'धुक' कर फल एवं शरबत से व्रत का पारण किया। इस अवसर पर पूजा स्थलों पर मौजूद आचार्य सुदर्शन मिश्रा और रामाकांत मिश्रा ने महिलाओं को व्रत की महत्ता समझाते हुए वट सावित्री व्रत की पौराणिक कथा सुनाई। उन्होंने बताया कि यह वही व्रत है जिसकी परंपरा उस समय से चली आ रही है जब सती सावित्री ने अपने तप और पतिभक्ति के बल पर यमराज से अपने मृत पति सत्यवान को जीवनदान दिलाया था। तब से ही यह मान्यता रही है कि वटवृक्ष के नीचे व्रत रखकर सावित्री की भांति पूजा करने से पति की उम्र लंबी होती है और वह हर संकट से सुरक्षित रहता है।

### सिसई प्रखंड सहित विभिन्न गांवों में सुहागिनों ने की वट वृक्ष की पूजा



**सिसई (गुमला)।** वट सावित्री व्रत के पावन अवसर पर सिसई प्रखंड क्षेत्र के भदौली, कुदरा, सकरौली, डाड़हा, बरगांव, मुर्गू और पुसो सहित कई गांवों में सुहागिन महिलाओं ने पारंपरिक श्रद्धा और भक्ति के साथ व्रत रख पूजा-अर्चना की। भदौली स्थित महादेव मंडा टांड़ शिव मंदिर परिसर में उर्वशी देवी, तारा देवी, किरण देवी, गुड़िया देवी, पूनम देवी , खुश्बू देवी, विनीता देवी, रूपा देवी नीलू देवी समेत सैकड़ों महिलाओं ने निर्जला व्रत रखते हुए वट वृक्ष (बरगद) की पूजा की और रक्षा सूत्र बांधकर अपने पति की लंबी उम्र और परिवार की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। पौराणिक कथाओं के अनुसार, सावित्री ने अपने पति सत्यवान के प्राण यमराज से वापस लेकर पति-परायणा नारी का आदर्श प्रस्तुत किया था। तभी से यह मान्यता है कि जो सुहागिन स्त्री ज्येष्ठ मास की अमावस्या तिथि को सावित्री के नाम से व्रत करती है, उसके पति को दीर्घायु जीवन प्राप्त होता है। इसी आस्था के साथ सुहागिनों ने शिव जी का ध्यान करते हुए वट वृक्ष के नीचे बैठकर सावित्री-सत्यवान की कथा सुनी और व्रत का पारायण किया।

### वट सावित्री व्रत पर उमड़ा आस्था का सैलाब



**पालकोट (गुमला)।** पालकोट प्रखंड के बघिमा गांव सहित आसपास के सभी ग्रामीण क्षेत्रों में वट सावित्री व्रत के पावन अवसर पर सुहागिनों ने पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ वटवृक्ष की पूजा की। सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र, सुख-समृद्धि और सौभाग्य की रक्षा के लिए पूरे विधि-विधान से व्रत रखा और पूजा-अर्चना की। बघिमा के बड़का टोली में सोमवार को हुए व्रत आयोजन में गांव की लगभग सभी विवाहित महिलाएं प्रातःकाल से ही पूजा की तैयारी में जुटी थीं। महिलाओं ने वटवृक्ष की परिक्रमा करते हुए रक्षा सूत्र के 104 या 108 फेरे लगाए और सावित्री-सत्यवान की कथा सुनकर पूजन कार्य संपन्न किया। इसके उपरांत उन्होंने अपने पति को शीतल मीठा जल पिलाकर व्रत का समापन किया। इस मौके पर गांव में उल्लास का वातावरण देखने को मिला।

### बाइक की टक्कर से दो मासूम घायल, एक गंभीर, रिम्स रेफर

**गुमला।** गुमला जिले के डुमरी थाना क्षेत्र अंतर्गत टांगरडीह गांव में तेज रफ्तार बाइक सवार ने दो मासूम बच्चों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में पांच वर्षीय तृषा कुमारी और नौ वर्षीय हर्षित खलखो गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों बच्चे गांव के ही निवासी हैं और खेलने के बाद घर लौट रहे थे, तभी पीछे से आ रही बाइक ने उन्हें रौंद दिया। हादसे में तृषा के पैर पर बाइक का अगला चक्का चढ़ गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। वहीं, दोनों बच्चों को सिर, चेहरा और पैर में गंभीर चोटें आई हैं। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तुरंत डुमरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें सदर अस्पताल गुमला रेफर कर दिया गया। सदर अस्पताल में तृषा की हालत नाजुक देख डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए रांची स्थित रिम्स रेफर कर दिया है।

### घाघरा प्रखंड में एक सप्ताह से डाक सेवा ठप

**गुमला।** घाघरा प्रखंड मुख्यालय स्थित उप डाकघर घाघरा समेत क्षेत्र के 11 शाखा डाकघरों में पिछले एक सप्ताह से डाक सेवा पूरी तरह ठप है। इससे लेनदेन, रजिस्ट्री, स्पीड पोस्ट, बीमा सेवा सहित सभी डाक कार्य प्रभावित हो रहे हैं, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण महिला-पुरुष, छात्र-छात्राएं प्रतिदिन डाकघर पहुंच रहे हैं, लेकिन वहां कोई भी डाककर्मी मौजूद नहीं होता। लोगों को बिना किसी जानकारी के बैरंग लौटना पड़ रहा है। सबसे चिंता की बात यह है कि बीमा प्रीमियम जमा नहीं हो पा रहा, जिससे बीमा फेल होने का खतरा मंडरा रहा है। ऐसी स्थिति में कोई आकस्मिक घटना घटने पर बीमा लाभ नहीं मिल सकेगा। डाक सेवा बाधित होने से न्यायालयी आदेशों की रजिस्ट्री, स्पीड पोस्ट और सरकारी पत्राचार भी ठप पड़ गया है। कई बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार से संबंधित जॉइनिंग लेटर तक नहीं मिल पा रहे हैं।

# जब्त 176 गोवंशीय पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण व टीकाकरण अभियान संपन्न

नवीन मेल संवाददाता



**गुमला।** बिशुनपुर प्रखंड के जमटी थाना-ओपी परिसर में सोमवार को जब्त किए गए 176 गोवंशीय पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण (चिकित्सा परीक्षण), कान टैगिंग (इयर टैगिंग) तथा खुरपका-मुंहपका (एफ.एम.डी.) और लंपी स्किन डिजीज (एल.एस.डी.) का सफल टीकाकरण किया गया। इस महत्वपूर्ण कार्य का नेतृत्व जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ. अरुण प्रताप सिंह द्वारा गठित पशु चिकित्सा दल ने किया। टीम में डॉ. मीनू खलखो (प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी, बिशुनपुर), डॉ. लवलीन श्वेता खाखा (प्रखंड पशु चिकित्सा पदाधिकारी), डॉ. तेज नारायण गुरु (ब्लॉक एनिमल हेल्थ ऑफिसर, रायडीह), डॉ. अरुण उरांव (प्रखंड पशु चिकित्सा पदाधिकारी, घाघरा), डॉ. रौनक सिंह (पशु चिकित्सक, मोबाइल वेटरिनरी यूनिट) सहित अन्य पशु चिकित्सक, पेरावेट्स एवं तकनीकी कर्मी शामिल रहे। इस अभियान में बिशुनपुर एवं घाघरा प्रखंड की चलंत पशु चिकित्सा इकाइयों (मोबाइल वेटरिनरी यूनिट्स) की सक्रिय भागीदारी रही, जिनके चालकों एवं तकनीकी सहायकों का योगदान सराहनीय रहा। कार्यक्रम के सुचारु संचालन में जिला समन्वयक (कोऑर्डिनेटर) अभिषेक की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## जन शिकायत निवारण दिवस का सफल आयोजन

# 39 में से 16 मामलों का हुआ त्वरित निष्पादन

नवीन मेल संवाददाता



**गुमला।** जिला प्रशासन की पहल पर आम जन की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु सोमवार को घाघरा प्रखंड कार्यालय में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी दिनेश कुमार ने की। इस दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 39 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 16 मामलों का समाधान मौके पर ही कर दिया गया। जन शिकायत निवारण दिवस के दौरान जिन मामलों का निपटारा किया गया, उनमें प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित 7, वृद्धा पेंशन से जुड़े 5, मैया सम्मान योजना के 25, नया राशन कार्ड का 1 एवं केसीसी ऋण से संबंधित 1 मामला शामिल रहा। प्रखंड विकास पदाधिकारी दिनेश कुमार ने सभी आवेदकों से व्यक्तिगत रूप से संवाद किया और संबंधित विभागीय कर्मियों को निर्देशित किया कि वे प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लें और समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा कर आम लोगों का भरोसा कायम रखना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे प्रत्येक सोमवार को आयोजित होने वाले जन शिकायत निवारण दिवस में सक्रिय रूप से भाग लें और अपनी समस्याओं को प्रखंड कार्यालय में दर्ज कराएं।

## समर कैंप के बहाने फाइलेरिया पर वार

# जुर्मु व आकाशी पंचायतों में बच्चों ने सीखी रचनात्मकता व स्वास्थ्य की पाठशाला

नवीन मेल संवाददाता




**गुमला।** डुमरी प्रखंड के जुर्मु पंचायत के कठगांव और आकाशी पंचायत के उजरा गांव में सोमवार को एक दिवसीय समर कैंप का सफल आयोजन किया गया। इस आयोजन ने न केवल बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा को मंच दिया, बल्कि उन्हें फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूक करने का भी सशक्त माध्यम बना। कठगांव में आयोजित शिविर में जुर्मु पंचायत के विभिन्न विद्यालयों जैसे उच्च प्राथमिक विद्यालय कठगांव, दुदरिया, दीना, चरकाटोली और आरसी जुर्मु स्कूल के बच्चों और शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत बाल गीतों और चेतना गीतों से हुई, जिसने बच्चों में उत्साह और सामाजिक जागरूकता का संचार किया। इसके बाद ड्राइंग प्रतियोगिता, समूहगत खेल और गतिविधियों के माध्यम से बच्चों ने अपनी रचनात्मकता और टीम भावना का परिचय दिया। वहीं, उजरा गांव में आयोजित शिविर में गवर्नमेंट यूपीजी एमएस उजरा के बच्चों ने पूरे जोश के साथ हिस्सा लिया। कार्यक्रम में वार्ड सदस्य रजनी बेला एक्का, शिक्षकगण और स्थानीय ग्रामीणों की सक्रिय उपस्थिति रही। रंगों, गीतों और फन गेम्स के जरिए बच्चों ने अपनी कल्पनाओं को पंख दिए। दोनों स्थानों पर बच्चों को फाइलेरिया रोग के कारण, लक्षण और बचाव की जानकारी दी गई।

स्वास्थ्य जागरूकता सत्र का मुख्य उद्देश्य बच्चों को स्वयं के साथ-साथ अपने परिवार और समुदाय के स्वास्थ्य के प्रति सजग बनाना था।

## दुर्गम गांव गम्हारपाठ पहुंचे उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी

# जनसंवाद कर समस्याओं के त्वरित समाधान के दिए निर्देश

नवीन मेल संवाददाता



**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने सोमवार को अपने क्षेत्रीय भ्रमण के क्रम में बिशुनपुर प्रखंड के नरमा पंचायत स्थित गम्हारपाठ गांव का दौरा किया। यह सुदूरवर्ती गांव पहाड़ियों के बीच स्थित है, जहां पहुंचने के लिए उपायुक्त ने करीब 1.5 किलोमीटर की दुर्गम पैदल यात्रा की। गांव में लगभग 35 परिवार निवास करते हैं, जिनकी समस्याओं को जानने व समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उपायुक्त ने जनसंवाद किया। जनसभा के दौरान ग्रामीणों ने सड़क, बिजली, पेयजल, विद्यालय की जर्जर स्थिति, आंगनवाड़ी भवन की मरम्मती, सिंचाई सुविधा, तालाब एवं नहर निर्माण जैसी मूलभूत समस्याएं रखीं। उपायुक्त ने इन सभी मुद्दों को गंभीरता से लेते हुए आरईओ विभाग को गांव तक सड़क निर्माण हेतु डीपीआर तैयार करने, तथा मनरेगा के माध्यम से टीसीबी, मेडबंदी जैसे कार्यों को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। उन्होंने ग्रामीणों को मनरेगा, मातृ वंदना योजना, मैय्या सम्मान योजना, छात्रवृत्ति योजना जैसी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। महिला समूहों को स्वरोजगार की दिशा में कदम बढ़ाने, प्रशिक्षण लेने और विभिन्न योजनाओं से जुड़ने की सलाह दी। गम्हारपाठ में रहने वाले 5 ब्रिजिया (पीवीटीजी) परिवारों के जीवन स्तर में सुधार हेतु विशेष दिशा-निर्देश दिए गए। ग्रामीणों द्वारा चबूतरा निर्माण, वन पट्टा, राशन कार्ड अद्यतन, आधार संशोधन जैसी समस्याएं भी उठाई गईं, जिनके त्वरित समाधान का भरोसा उपायुक्त ने दिलाया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने गांव के विद्यालय एवं आंगनवाड़ी केंद्र की जर्जर स्थिति पर चिंता जताते हुए उनकी शीघ्र मरम्मती कराने के निर्देश दिए। गर्भवती महिलाओं को नियमित जांच कराने और मातृ वंदना योजना का लाभ लेने की अपील भी की गई। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी विशुनपुर, अंचल अधिकारी, आरईओ व अन्य विभागों के अभियंता, पंचायती राज प्रतिनिधि एवं संबंधित कर्मी उपस्थित थे। उपायुक्त की यह पहल ग्रामीणों के बीच प्रशासन के प्रति विश्वास और समाधान की उम्मीद लेकर आई।

### डीडीसी ने दिया अल्टीमेटम, समय पर पूरा हो अबुआ आवास

**बसिया(गुमला)।** डीडीसी के बसिया दौरे के बाद सोमवार को बसिया के उन लाभुकों के बीच हड़कंप मच गया है जिनके द्वारा आवास निर्माण में कोताही बरते जाने की शिकायतें मिल रही है। इस सूची में वैसे लाभुक शामिल हैं जिनके द्वारा अबुआ आवास योजना के क्रियान्वयन में रुचि नहीं दिखाई जा रही है या आवास निर्माण का अधूरा रखे हुए हैं। डीडीसी दिलेश्वर महतो ने बसिया प्रखंड क्षेत्र का सघन दौरा कर इस मामले में जिला प्रशासन के सख्त रुख से आम लाभुकों को स्पष्ट संदेश देने का काम किया है। इस मामले में उप विकास आयुक्त के सख्त रवैये का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि इस दौरान वे खुद नजमा खातून पति सतार खान, तिलेश्वरी देवी पति शंकर साहू, मालती देवी पति कुंवर सिंह, झलकू गोप पिता मरण गोप, विलासी देवी पति रामप्रसाद साहू, सुंदरा खड़िया पति हुंडरा खड़िया से मिलकर आवास निर्माण कार्य में विलंब का कारण जानते हुए एक सप्ताह के अंदर कार्य शुरू करने का शख्त हिदायत देने का काम किया। इसी तरह दौरान डीडीसी ने बसिया,तुरीबीरा,बनागुटू, कुम्हारी,बांतरिया, लुंगटु आदि गाँव का दौरा कर कई आवास लाभुकों से आवास निर्माण का जायजा भी लिया।

सुप्रभात

जो सदा मुझसे युक्त हैं, और प्रेमपूर्वक मेरी आराधना करते हैं, उन्हें मैं वह मेधा (बुद्धियोग) प्रदान करता हूँ, जिसके द्वारा वे मुझे पूर्ण रूप से प्राप्त करते हैं। - भगवान् श्रीकृष्ण, "श्रीमद्भगवद् गीता" में

विचार प्रवाह

## संपादकीय

## अशांत पड़ोसी और भारत की मजबूरी

पाकिस्तान की सरकार ने अपने नागरिकों को झूठा आश्वासन देने के लिए कि इस महीने भारत से हुए संघर्ष में कथित जीत हासिल की है, अपने सेना प्रमुख को पदोन्नत करके फील्ड मार्शल बना दिया है, वहीं बांग्लादेश की सेना समय से पहले चुनाव कराने पर जोर दे रही है। पिछले दिनों बांग्लादेश के सेना प्रमुख वकार-उज-जमा ने खुलेआम मांग की कि इस वर्ष दिसंबर तक चुनाव करा लिए जाएं, ताकि निर्वाचित सरकार राष्ट्रीय सुरक्षा और संप्रभुता को प्रभावित करने वाले फैसले ले सके। इससे मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस घबरा गए और इस्तीफा देने की धमकी दी। हालांकि वह पद पर बने हुए हैं, लेकिन इससे देश में उथल-पुथल तो बढ़ ही गई है। कट्टरपंथियों ने इस्तीफा न देने के लिए उन्हें मना लिया है। निष्पक्ष तौर पर कहें, तो यूनुस समय ले रहे हैं। यह सब कुछ तब शुरू हुआ, जब जनरल वकार ने अपने सैन्य कमांडरों से कहा कि बांग्लादेश एक अराजक दौर से गुजर रहा है और स्थिति दिन-ब-दिन खराब होती जा रही है। नोबेलजयी अर्थशास्त्री 84 वर्षीय यूनुस, जिनके पास कोई राजनीतिक समर्थन नहीं है, ने अपने मंत्रियों से शिकायत की कि 'जब उन्होंने पदभार संभाला था, तब जो वादे किए गए थे, उन्हें तोड़ा जा रहा है।' न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक, लेकिन उन्होंने विस्तार से नहीं बताया कि वे 'वादे' क्या थे, उन्हें कैसे 'तोड़ा' गया और इसके लिए कौन जिम्मेदार है। दैनिक अखबार ढाका ट्रिब्यून ने यूनुस के कार्यालय के सूत्र के हवाले से कहा, 'मुख्य सलाहकार हाल ही में विभिन्न मुद्दों पर लगातार आंदोलन के कारण कुछ हद तक शर्मिंदा महसूस कर रहे हैं। अगर वह स्वतंत्र रूप से काम नहीं कर सकते, तो वह पद पर नहीं रहना चाहते।' यूनुस ने अपने सबसे करीबी सहयोगियों में से एक नाहिद इस्लाम से कहा कि उन्हें 'स्थिति का बंधक बना लिया गया है।' यूनुस की घोषणा के बाद उनके पक्ष और विपक्ष में राजनीतिक रैलियां शुरू हो गई हैं। जुम्मे की नमाज के बाद पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने ढाका में एक विशाल रैली की। बीएनपी जल्द चुनाव कराने की मांग कर रही है, क्योंकि अब उसकी प्रतिद्वंद्वी पार्टी, अवामी लीग पर प्रतिबंध लगा दिया गया है और कोई भी गतिविधि करने से रोक दिया गया है। हालांकि, इस्लामवादी छात्रों की बांग्लादेश सिटिजंस पार्टी, जो जमात-ए-इस्लामी के साथ मिलकर काम कर रही है, ने यूनुस के पक्ष में एक रैली की और उनसे पद पर बने रहने का आग्रह किया। यह समूह चुनाव से पहले 'सुधारों' पर जोर देता है। इस्लामवादी भी समय ले रहे हैं। विश्लेषकों का कहना है कि वे चुनाव में सीधे जीत नहीं सकते, भले ही अवामी लीग मैदान से बाहर हो, और वे नहीं चाहेंगे कि सत्ता जिया की पार्टी के पास जाए, जो उनकी सहयोगी है और जिसने 2001-2006 के दौरान सत्ता साझा की थी। वे बीएनपी को स्वीकार नहीं करते। गौरतलब है कि पश्चिमी सरकारें और मीडिया 'इस्लामवादी' शब्द का इस्तेमाल नहीं करते। उन्होंने शेख हसीना के निरंकुश शासन में बदलाव का स्वागत किया। उन्हें उम्मीद है कि यूनुस एक ऐसे लोकतंत्र की शुरुआत करने में मदद करेंगे, जिसे वे स्वीकार कर सकते हैं।

*यूनुस ने अपने सबसे करीबी सहयोगियों में से एक नाहिद इस्लाम से कहा कि उन्हें 'स्थिति का बंधक बना लिया गया है।'*

# ऑनलाइन अजनबियों से बात कर रहे बच्चों का शोषण बढ़ रहा है



जब हम खराब मानसिक स्वास्थ्य के कारणों पर विचार करते हैं, तो हम अक्सर तनाव, आनुवंशिकी, गरीबी या अकेलेपन के बारे में सोचते हैं। ये सभी योगदान देने वाले कारक हैं, लेकिन एक और, अधिक छिपा हुआ कारण है जिसके बारे में पर्याप्त बात नहीं की जाती हैः दुर्व्यवहार, विशेष रूप से बचपन के दौरान। मुझे समरिटन्स के संस्थापक चाड वराह याद हैं, जो यह दर्शाते हैं कि ऐसी कई चीजें थीं जो लोगों को चैरिटी की आत्महत्या हेल्पलाइन पर कॉल करने के लिए प्रेरित करती थीं। लेकिन दुर्व्यवहार एक प्रमुख कारण था।

दुर्व्यवहार पर बात करना आसान विषय नहीं है। यह लैंगिक गतिशीलता के मुद्दों को सामने लाता है - वैश्विक यौन शोषण का अध्ययन करने वाले एक सहकर्मी ने मुझे बतायाः "अधिकांश अपराधी पुरुष हैं; पीड़ित समान रूप से लड़के और लड़कियां हैं।" इन मुद्दों पर सोचना कठिन है, चर्चा करना और भी कठिन है और संबोधित करना मुश्किल है। वे सुरक्षा, विश्वास, परिवार और समुदाय की धारणाओं को चुनौती देते हैं। लेकिन अगर हम खराब मानसिक स्वास्थ्य को संबोधित करने में प्रगति करना चाहते हैं, तो हमें यहीं से शुरुआत करनी होगी – उन सच्चाइयों से जिन्हें हम टालना चाहते हैं। इंटरनेट ने हमारी दुनिया को मौलिक रूप से बदल दिया है। जहाँ एक समय हम स्कूल से अकेले घर लौटने वाले बच्चे या किसी दोस्त के घर पर सोने वाले बच्चे के बारे में चिंतित रहते थे, वहीं अब हमारे पास पूरी ऑनलाइन दुनिया है जिससे हमें जूझना है। ग्रूमिंग और शोषण अब केवल व्यक्तिगत रूप से ही नहीं होता है – वे स्मार्टफोन, वीडियो गेम और बच्चों के मनोरंजन के लिए दिए गए टैबलेट के माध्यम से होते हैं। और अक्सर, बच्चों की सुरक्षा करने वाले वयस्क बहुत पीछे रह जाते हैं। एडिनबर्ग विश्वविद्यालय में बाल सुरक्षा चैरिटी चाइल्डलाइट के हालिया शोध से पता चला है कि ऑनलाइन ग्रूमिंग के मामलों में भारी वृद्धि हुई है। इसका अनुमान है कि दुनिया भर में लगभग 830,000 युवा हर दिन सामाजिक शोषण और दुर्व्यवहार के जोखिम में हैं। इसमें स्पष्ट फोटो शेयरिंग, यौन जबरन वसूली, प्रलोभन, डीपफेक इमेज, पोर्नोग्राफ़ी और ग्रूमिंग शामिल हैं। सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म, मैसेजिंग ऐप और मल्टीप्लेयर गेम युवाओं को निशाना बनाने के लिए दुर्व्यवहार करने वालों के लिए आम रास्ते बन गए हैं। उन्हें बच्चों के लिए आकर्षक और व्यसनी बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है, लेकिन उनकी सुरक्षा को ध्यान में रखे बिना। और यह सुरक्षा का बोझ अनुचित रूप से माता-पिता पर डालता है, जिनमें से कई जोखिम को नहीं समझते हैं - या उन्हें पता भी नहीं है कि वे मौजूद हैं। रोबॉक्स को ही लें, एक ऐसा प्लेटफ़ॉर्म जिसे बच्चों के अनुकूल वर्चुअल प्लेग्राउंड के रूप में विपणन किया जाता है। इसके रंगीन, ब्लॉकी ग्राफिक्स और सरल गेम के पीछे एक वास्तविकता छिपी है जो बहुत कम मासूम है। खेल के भीतर बातचीत की जांच करने वाले एक हालिया अध्ययन में पाया गया कि इसकी खुली चैट सुविधाओं के माध्यम से, उपयोगकर्ता पाँच साल की उम्र के बच्चों के साथ संपर्क शुरू करने में सक्षम थे, और अन्य, कम सार्वजनिक प्लेटफ़ॉर्म पर जाने से पहले संभावित रूप से उनसे बात करने में सक्षम थे। बच्चे विभिन्न गेम खेलते समय यौन और अश्लील सामग्री भी देख और सुन सकते थे। शोधकर्ताओं ने पाया कि एक वयस्क के लिए पंजीकृत एक परीक्षण अवतार प्लेटफ़ॉर्म पर पांच वर्षीय बच्चे के परीक्षण अवतार के स्नैपचैट विवरण मांग सकता है। पिछले महीने ही, कैलिफोर्निया के एक व्यक्ति पर रोबॉक्स पर मिले 10 वर्षीय बच्चे के साथ अपहरण और यौन आचरण का आरोप लगाया गया था। सतह पर यह सौम्य दिखता है। खतरा अंदर छिपा है।

आज की बात



**प्रोफेसर देवी श्रीधर**
एडिनबर्ग विश्वविद्यालय में वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य की अध्यक्ष हैं

एक बात जिस पर ध्यान दिया जाना चाहिए, वह यह है कि भले ही शारीरिक संपर्क कभी न हुआ हो, दर्दनाक या यौन रूप से अनुचित सामग्री के संपर्क में आने से अभी भी स्थायी मानसिक निशान रह सकते हैं। इंटरनेट और विशेष रूप से सोशल मीडिया ने इस तरह की सामग्री तक पहुंच आसान बना दी है, भले ही किसी बच्चे से कभी भी किसी जबरदस्ती करने वाले व्यक्ति द्वारा संपर्क न किया गया हो। ऑनलाइन दुर्व्यवहार कई रूप ले सकता है, यौन छवियों और वीडियो के संपर्क से लेकर अनुचित यौन और गैर-यौन भाषा, जबरन वसूली और प्रलोभन तक।2023 में, इंग्लैंड और वेल्स में 10 से 15 वर्ष की आयु के अनुमानित 19% बच्चों ने किसी ऐसे व्यक्ति के साथ ऑनलाइन संदेशों का आदान-प्रदान किया, जिनसे वे वास्तविक जीवन में कभी नहीं मिले थे। ऑनलाइन गेम खेलने वाले आठ से 17 वर्ष के लगभग एक तिहाई बच्चों का कहना है कि वे गेम खेलते समय अजनबियों से चैट करते हैं। वही शर्म, भ्रम, डर और अपराधबोध जो वास्तविक दुनिया में दुर्व्यवहार के शिकार लोगों को चुप करा देता है, वही आभासी दुनिया में भी उन लोगों को चुप करा देता है जो दुर्व्यवहार से पीड़ित हैं। यह चुप्पी जानलेवा हो सकती है। अध्ययनों से पता चला है कि जिन बच्चों को ऑनलाइन तैयार किया जाता है या मजबूर किया जाता है, वे अक्सर चिंता, अवसाद, पीटीएसडी और आत्महत्या के विचारों से पीड़ित होते हैं। समरिटन्स के अनुसार, दुर्व्यवहार के इतिहास वाले बच्चों और युवाओं में आत्म-क्षति और आत्महत्या का जोखिम कहीं अधिक होता है। वराह के विचार इस बात को रेखांकित करते हैंः दुर्व्यवहार, खासकर जब संबोधित नहीं किया जाता है, तो पूरे जीवन को पटरी से उतार सकता है। लेकिन जागरूकता रोकथाम की दिशा में पहला कदम है। हमें दुर्व्यवहार के इर्द-गिर्द कलंक को दूर करने की जरूरत है ताकि किसी भी उम्र के पीड़ित अपनी बात कह सकें।हमें यह भी बेहतर ढंग से समझने की आवश्यकता है कि जोखिम का परिदृश्य कितनी तेजी से विकसित हो रहा है। इसका मतलब है कि बच्चों के साथ सिर्फ़ एक बार नहीं बल्कि नियमित रूप से खुलकर बातचीत करना। इसका मतलब है कि उन्हें यह सिखाना कि वे बिना किसी डर या शर्म के ऑनलाइन जो कुछ भी देखते या अनुभव करते हैं, उसके बारे में हमसे बात कर सकते हैं।

टेक कंपनियों को सुरक्षित वातावरण बनाने के लिए जवाबदेह बनाने के लिए सरकार द्वारा कड़ाई किए जाने की आवश्यकता है। इसे सिर्फ़ स्वैच्छिक पहलों पर छोड़ देना पर्याप्त नहीं लगता है। 25 जुलाई को, ऑनलाइन सुरक्षा अधिनियम ब्रिटेन में लागू किया जाएगा, जिसमें प्लेटफ़ॉर्म के लिए स्पष्ट सुरक्षा नियम होंगे ताकि युवा लोगों को हानिकारक सामग्री, ऑनलाइन दुर्व्यवहार और यौन सामग्री से बचाया जा सके। यह इस मुद्दे को उस तत्परता के साथ संबोधित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसकी यह हकदार है - ठीक वैसे ही जैसे हम किसी अन्य सार्वजनिक स्वास्थ्य खतरे के साथ करते हैं।जबकि समरिटन्स संकट में फंसे लोगों का समर्थन करने के लिए अपना महत्वपूर्ण काम जारी रखता है, हम अपने बच्चों के प्रति यह दायित्व रखते हैं कि हम पहले ही हस्तक्षेप करें, ताकि उस संकट को पहले ही होने से रोका जा सके। अगर हम युवा लोगों के मानसिक स्वास्थ्य की रक्षा करना चाहते हैं, तो हमें वहीं से शुरुआत करनी होगी, जहाँ नुकसान शुरू होता है - और इसका मतलब है कि ऑनलाइन व ऑफलाइन, कठोर सच्चाई को सीधे देखना।

## समय से पीछे कभी ना चले

हमेशा समय के साथ चले,समय से कभी विलम्ब ना चले ऐ सवाल का जबाब रामायण में किस्किंधा कांड में पढ़ने क़ो मिलता है जब माता सीता की खोज में सुग्रीव क़ो चेताया था लोगों से सुनने क़ो मिलता है कि भगवान श्री राम ने वालि क़ो धोखे से मारा ऐ गलत है प्रभु ने वालि क़ो मोक्ष दिया धोखा से नहीं मारा था भगवान श्री राम के पिता राजा दशरथ , बड़ी मुश्किल कैकई के वचन क़ो पूर्ण करने के लिए भगवान राम क़ो 14वर्ष के वनवास के लिए आदेश दे पाए होंगे। राजा, उनकी आँखें आँसुओं से भरी हुई थीं, उनका गला भावनाओं से भर गया था, वे केवल ये शब्द बोल पाएः राम और कुछ नहीं वास्तव में, राम ने बिना किसी सवाल के आदेश स्वीकार कर लिया। मैं पिता की आज्ञा का पालन करने में प्रसन्न हूँ, उन्होंने कैकेई से कहाः क्यों, अगर आप आदेश दें तो भी मैं जाऊँगा। इस प्रकार, बिना किसी विरोध के, राम दयालुता और सद्भावना के एक बड़े इशारे में अपने 14 साल के वनवास की यात्रा पर निकल पड़ते हैं।वह कैकेई से वास्तव में अनुरोध करते हैं कि वह राई का पहाड़ न बनाए। उन्होंने उसे सांत्वना भी दी और अनुरोध किया कि उसे इतनी छोटी सी बात पर बिल्कुल भी चिंता नहीं करनी चाहिए। राम को, 14 साल जंगल में बिताना बहुत छोटी सी बात लगती थी। राम के सबसे वफादार छोटे भाई लक्ष्मण ने अब राम के साथ मिलकर राम के साथ किए गए अनुचित व्यवहार का शाही जवाब देने का फैसला किया। राम ने लक्ष्मण को समझाने की पूरी कोशिश की कि उन्हें परिवार की देखभाल करने के लिए वापस लौटना चाहिए और राज्य पर शासन करने में भरत की मदद भी करनी चाहिए। हालाँकि, लक्ष्मण ने उनकी बात नहीं मानी। हालाँकि लक्ष्मण राम के भाग्य या नियति के दर्शन से सहमत नहीं थे, लेकिन वे अपने बड़े भाई के बिना भी नहीं रह सकते थे। इस तरह यह बात सामने आई कि राम के पास अपने छोटे भाई को वनवास में अपने साथ ले जाने के अलावा कोई विकल्प नहीं था। राम के लिए मामले को और भी बदतर बनाने के लिए, उनकी युवा पत्नी सीता ने भी राम के साथ जाने का फैसला किया। सीता को समझाने के राम के सर्वोत्तम प्रयासों के बावजूद कि उनके लिए जंगल में रहना बहुत कठिन होगा, सीता ने जोर देकर कहा कि वह अपने पति के साथ जाएँ। जैसे पदार्थ के लिए छाया होती है, वैसे ही पति के लिए पत्नी होती है, उसने राम को याद दिलाया क्या पत्नी का धर्म अपने पति के साथ रहना नहीं है? मुझे तुम्हारे आगे चलने दो ताकि मैं तुम्हारे पैरों के लिए रास्ता सुगम बना सकूँ। इस प्रकार राम को सीता को अपने साथ वन में ले जाने के लिए मजबूर होना पड़ा।

आपकी बात



**संजय गोस्वामी**

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## खफा-खफा नीतीश कुमार हैं, जरूर कोई बात है...

बिहार में चुनावी तापमान लगातार बढ़ रहा है और दिल्ली में पहुंचने के बाद नीतीश कुमार खफा-खफा से लग रहे हैं। नीति आयोग की बैठक से दूरी बनाने वाले नीतीश कुमार जेपी नड्डा से मिलकर निराश हुए और ऐसा बताया जाता है कि बिहार विधान सभा चुनाव के लिए सीट बंटवारे पर नड्डा की बातचीत से असंतुष्ट नीतीश कुमार की ये भाव भंगिमा एनडीए की बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बातचीत के दौरान भी दिखी दोनों नेताओं की बातचीत के दौरान नीतीश के डिप्टी बीजेपी नेता सम्राट चौधरी भी नजर आए। नीतीश की बात से न सिर्फ मोदी असहज नजर आए बल्कि नीतीश के तेवर में मोदी के सामने झुकने और उनकी चिरौरी करने वाली बात तकरीबन गायब भी और वह पिछले कुछ महीनों की अपनी तस्वीरों से उलट मानसिक रूप से मजबूत और चुनावी रणनीति को लेकर दृढ़संकल्पित नजर आए।

देश की बात



**अमर आनंद**
वरिष्ठ पत्रकार, दिल्ली

बीस से भी ज्यादा साल सीएम बिहार का सीएम रहने वाले नीतीश कुमार 2024 के लोकसभा चुनाव से कुछ अर्सा पहले पीएम के रूप खुद को मोदी के सामने खड़ा करने की कवायद कर रहे थे और फिर एनडीए में शामिल होकर मोदी के कदमों में झुकते हुए से नजर आए लेकिन ये नजारा तो बिल्कुल चौंका देने वाला था। ऐसा लग रहा था मोदी के सामने न सिर्फ नीतीश राजनीतिक वजूद बात कर रहा था बल्कि केंद्र सरकार में बैसाखी की तरह शामिल जेडीयू के बारह सासंदों का आत्म विश्वास भी शामिल था। दिल्ली में ऑपरेशन सिंदूर की गर्मजोशी से लबरेज एनडीए की मीटिंग में इसके नायक नरेंद्र मोदी के सामने नीतीश के तेवर में भी गर्मी थी लेकिन वह दूसरे तरह की थी और इस गर्मी से मोदी सहज नहीं बल्कि असहज नजर आए। नरेंद्र मोदी ऑपरेशन सिंदूर के नायक के रूप मे बीजेपी की ओर से प्रचारित किए जा रहे हैं और बिहार चुनाव में भी इसका लाभ लेने की कोशिश की जा रही है लेकिन इन सबके बीच नीतीश कुमार बिहार विधान सभा चुनाव में अपनी पार्टी के आत्ममंथन के बाद 120 सीटों के अपने दावे पर कायम हैं और बदली हुई सूरत में बीजेपी उन्हें इतनी सीटें नहीं देना चाहती है। बिहार में चेहरा विहीन बीजेपी और नीतीश के बीच तकरार में बदलने को बेताब असहजता और असहमति बिहार की चुनावी राजनीति पर असर डाल सकती है,. इससे इनकार नहीं किया जा सकता।


मोदी की पार्टी बीजेपी ही नहीं, मोदी के हनुमान कैबिनेट मंत्री चिराग पासवान भी अपने दौरों से नीतीश कुमार की नाक में दम किए दे रहे हैं। उनका बिहार प्रेम कोसी और गंगा के पानी से भी ज्यादा उछाल मार रहा है, जिसे फिलहाल बीजेपी भी भाव देने को तैयार नहीं हैं लेकिन चिराग बिहार में दलित और युवा राजनीति की रोशनी हैं। इससे भला किसको इंकार हो सकता है। चिराग के किरदार की चमक यह कहती है वो आने वाले समय में बिहार की कमान संभालने के लिए तैयार हो रहे हैं या तैयार किए जा रहे हैं। जो भी हो मगर 2025 का साल एनडीए सी राजनीति के हिसाब से चिराग का नहीं है बल्कि नीतीश कुमार का ही है। यह संभव हैं कि नीतीश के नाम पर चुनाव लड़कर बीजेपी जीत के बाद एमपी की तरह उन्हें मुख्यमंत्री बनने से रोक दे और यह भी संभव है कि दिल्ली में उनकी पार्टी के सांसदों का रुख अपनी तरफ मोड़ दे। बीजेपी की राजनीति का चाल, चरित्र और चेहरा ऐसे कई चाणक्यनीतियों से भरा पड़ा है और पार्टी के नंबर दो नेता अमित शाह को चाणक्य भी कहा जाता रहा है। वैसे चुनाव जिताने की अमित शाह की कला मोदी काल की बीजेपी की बहुत बड़ी ताकत रही है। बिहार की राजनीति ऐसे दौर में है जहां एक तरफ नीतीश कुमार असहज महसूस कर रहे हैं तो दूसरी तरफ उनके बड़े भाई लालू यादव भी अपने बेटे तेजप्रताप की कथित करतूत की वजह से असहज महसूस कर रहे हैं। बीजेपी और नीचे पीके से मुकाबला करने के लिए यह मुमकिन है दोनों भाई अपने बेटों तेजस्वी और निशांत के राजनीतिक भविष्य की खातिर एक बार फिर से एक होने का मन बनाएं और मिलकर बिहार चुनाव जीतने के बाद लालू नीतीश को मोदी के खिलाफ खड़े करने की कोशिश करें। राहुल की कांग्रेस का हाथ तो लालू के साथ है ही और नीतीश के साथ पहले भी था, जिसे छुड़ाकर वो मोदी की ओर चले गए थे। बिहार में चुनावी बयार बहने लगी है। राज्य की राजनीति में पलटीमार नीतीश की नई करवंट का इंतजार कीजिए।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

### फेसबुक वॉल से




### एक्स से




### आज का दोहा

वृक्ष- सूर्य करते रहें, जब तक कारोबार।
दोनों से मिलता रहा, जीवन हमें उधार।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

### रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

## सुविधा पैसे ऐश से यारी - देश के साथ गद्दारी!

दुश्मन देश अपने विरोधी देशों की जासूसी के लिए हनी ट्रैप का इस्तेमाल करते है। भारत में हनी ट्रैप के कई मामले सामने आए हैं। लेकिन अब विदेशी एजेंसियों द्वारा भारतीय युवाओं को आसानी से सुविधा पर्यटन का खर्चा विपरीत सैक्स के आकर्षण से लव एंगल बना कर जासूसी के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। ताज़ा मामला यू-ट्यूबर ज्योति मल्होत्रा का इन दिनों सुर्खियों में है इसमें पूर्व हमारी आईएफएस अधिकारी माधुरी भी पाकिस्तान में कथित तौर पर एक मुस्लिम के जाल में फंस कर धर्मपरिवर्तन कर जासूसी करने मे शामिल रहीं है। समझना होगा कि खासकर युवतियां क्यों हो जाती हैं पाकिस्तानी हनी ट्रैप का शिकार? आप जानते हैं कि सोशल मीडिया के इस दौर में लोगों के पास अपने अकेलेपन को दूर करने का एक तरीका ऑनलाइन चैटिंग, वीडियो कॉल वगैरा भी है। कुछ युवा नए दोस्त बनाने के चक्कर में तो कुछ अकेलापन दूर करने और कुछ पैसों और सुविधा के लिए जाने अनजाने में इस घिनौने खेल में शामिल हो जाती हैं और जब तक उन्हें पता चलता है कि वह किसी देश के दुश्मन के शिकंजे में फंस गयीं हैं तब देर हो चुकी होती है न तो उनमे इतना साहस होता है कि वह देश की एजेंसियों के सामने सच बता कर सरेंडर कर सके दरअसल उनको स्लीपर सेल बनाने वाले इतना दबाव बना कर मनोबल तोड़ देते हैं कि यदि उन्होंने जरा भी जाल से बाहर निकलने की कोशिश की तो वह सारी जिंदगी जेल में रहेंगी। ऐसे में जाल में फंसी महिलाओं को विदेशी एजेंसियों के इशारे पर काम करने के अलावा कोई रास्ता नहीं रहता है। हरियाणा की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा फिलहाल पुलिस हिरासत में है, जिससे पूछताछ की जा रही है। जिसमें देश की संवेदनशील सूचनाओं के आदान प्रदान का मामला जाहिर हो रहा है यह युवती पाकिस्तान बांग्लादेश आदि की यात्रा कर चुकी है। इस आरोपी को हिसार स्थित उसके घर से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ सरकारी गोपनीयता अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता की संगत धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है, और अदालत ने पूछताछ के लिए उसे पांच दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। यह गिरफ्तारी पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़े जासूसी नेटवर्क के खिलाफ देश की सुरक्षा एजेंसियों की तेज कार्रवाई के फलस्वरूप हुई है। इससे पहले एक महिला समेत दो लोगों को पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में पंजाब के मलेरकोटला से गिरफ्तार किया गया था। वे भी पाकिस्तान उच्चायोग में तैनात कुछ अधिकारियों के संपर्क में थे। हरियाणा के कैथल जिले के गुहला में भी एक युवक को जासूसी के आरोप में दबोचा गया है। ये तमाम गिरफ्तारियां इस लिहाज से चौंकाने वाली है कि आरोपी स्लीपर के रूप में मौजूद थे और समाज में इस कदर सक्रिय थे कि उन पर पहली नजर में शक होना तक संभव नहीं था। ये पाकिस्तान उच्चायोग के कुछ अधिकारियों के जाल में फंसे तो लालच के चलते फंसे। चाहते थे कि इस प्रकार मिलने वाले धन से ऐश की जिंदगी जी जाए। धन कमाने की लालसा होना कोई अपराध नहीं है, लेकिन इस लालसा के वशीभूत होकर देश विरोधी नेटवर्क से जुड़ जाना अक्षम्य अपराध है। आरोपी ज्योति के यूट्यूब चैनल के 3.77 लाख सब्सक्राइबर हैं, लेकिन शानो-शौकत की जिंदगी जीने की इच्छा ने उसे कानून के शिकंजे में धकेल दिया। वह पाकिस्तान के अलावा कई दूसरे देशों में भी घूम-फिर चुकी है। उसके मोबाइल फोन में पाकिस्तान उच्चायोग के अधिकारियों के नंबर मिले हैं, जिनसे वह निरंतर संपर्क में रहती थी और देश की महत्वपूर्ण जानकारी और सूचनाएं उन तक पहुंचा रही थी। हैरान करने वाली बात यह है कि वह देशभक्ति का लबादा ओढ़ कर अपनी करतूतों को अंजाम दे रही थी। इन लोगों की गिरफ्तारियां भारतीय एजेंसियों की यकीनन बड़ी सफलता है, परंतु जरूरी है कि इनके पूरे नेटवर्क को ध्वस्त किया जाए। उन लोगों तक भी पहुंचा जाए जिनके ये लोग संपर्क में थे। यह काफी बड़ा जाल हो सकता है। सुरक्षा एजेंसियों की इस कार्रवाई ने न केवल जासूसी के नए-नए तरीकों को उजागर किया, बल्कि यह भी दिखाया कि कैसे सोशल मीडिया जैसे प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल खतरनाक मंसूबों के लिए हो रहा है। हरियाणा के हिसार की ज्योति मल्होत्रा से लेकर पंजाब के मलेरकोटला के युवाओं तक, ये जासूस हनीट्रैप, मैसेजिंग ऐप्स और व्यक्तिगत यात्राओं के जाल में फंसाए गए। सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार यह जासूसी नेटवर्क विशेष रूप से 20-30 आयु वर्ग के युवाओं को निशाना बनाता था, जो सोशल मीडिया पर सक्रिय थे। इनमें से कई लोग अनजाने में जाल में फंस गए, जबकि कुछ को पैसे और अन्य प्रलोभनों ने लालच में डाला। उदाहरण के लिए, ज्योति मल्होत्रा को कथित तौर पर एक फर्जी सोशल मीडिया प्रोफाइल के जरिए हनीट्रैप में फंसाया गया, जिसके बाद वह संवेदनशील जानकारी साझा करने लगीं।


अलग बात



**मनोज कुमार अग्रवाल**

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)



# ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ सैन्य कार्रवाई नहीं : नरेन्द्र मोदी

एजेंसी

**दाहोद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने बच्चों के सामने पिता को गोली मार दी। इससे हमारा खून खौल उठा। आतंकवादियों ने 140 करोड़ भारतीयों को चुनौती दी थी, इसलिए वहीं किया गया जिसके लिए देशवासियों ने उन्हें प्रधान सेवक की जिम्मेदारी दी थी। ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक सैन्य कार्रवाई नहीं है, यह भारतीयों के संस्कारों और भावनाओं की अभिव्यक्ति है। जनसभा प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पहलगाम की आतंकी घटना के बाद तीनों सेनाओं को खुली छूट दी गई और देश के शूर-वीरों ने वह कर दिखाया, जो दुनिया ने पिछले कई दशकों से नहीं देखा था। सीमा पार चल रहे 9 सबसे बड़े आतंकी ठिकानों को ढूंढ निकाला। आतंकियों ने 22 अप्रैल को जो खेल खेला था, 6 मई को उन्हें मिट्टी में मिला दिया गया। पाकिस्तान की सेना ने जब दुस्साहस दिखाया तो हमारी सेना ने पाकिस्तानी सेना को भी धूल चटा दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि बंटवारे के बाद जिस देश का जन्म हुआ उसका एक मात्र लक्ष्य भारत से दुश्मनी है, नफरत है और भारत का नुकसान करना है। जबकि भारत का लक्ष्य अपने यहां की गरीबी को दूर करना, अर्थव्यवस्था को मजबूत करना और विकसित भारत बनाना है। हम इसी दिशा में लगातार काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने रेलवे और विकास प्रकल्पों के लोकार्पण और भूमिपूजन के बाद आयोजित गुजरात के आदिवासी पट्टे उमरगाम से अंबाजी में आए बदलाव का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि एक समय ऐसा था जब गुजरात के आदिवासी पट्टे में 12वीं कक्षा तक का एक भी स्कूल नहीं था, लेकिन आज स्थिति पूरी तरह से बदल गई है। उन्होंने गुजरात के लोगों से स्वदेशी अपनाने की अपील की। सरकार का मूल उद्देश्य है कि जो भी क्षेत्र विकास में पीछे छूट गए हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर विकास किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि आज 26 मई का दिन है, वर्ष 2014 में आज के ही दिन हमने पहली बार प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ ली थी। इस दौरान देश ने वह फैसले लिए जो अकल्पनीय है, अभूतपूर्व है। इन वर्षों में देश ने दशकों पुरानी बेड़ियों को तोड़ा है। देश हर सेक्टर में आगे बढ़ा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज हम 140 करोड़ भारतीय मिलकर अपने देश को विकसित भारत बनाने के लिए जी-जान से जुटे हैं। देश की तरक्की के लिए जो कुछ भी चाहिए वह हम भारत में ही बनाए। यह आज के समय की मांग है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत आज तेज गति से मैनुफैक्चरिंग की दुनिया में आगे बढ़ रहा है।

## 'प्रधानमंत्री से मिलना सौभाग्य की बात': कर्नल सोफिया कुरैशी के माता-पिता ने कहा



**वडोदरा।** गुजरात के वडोदरा में प्रधानमंत्री मोदी के रोड शो में शामिल होने के बाद कर्नल सोफिया कुरैशी के परिवार ने खुद को सौभाग्यशाली बताया। परिजनों ने कहा कि यह हर किसी के नसीब में नहीं होता कि उन्हें देश के प्रधानमंत्री से मिलने का मौका मिले। लेकिन, यह हमारे लिए गर्व और खुशी की बात है कि हमें प्रधानमंत्री को आमने-सामने देखने का अवसर मिला। प्रधानमंत्री से मुलाकात के बाद कर्नल सोफिया कुरैशी के परिवार ने पत्रकारों से बातचीत में अपना सुखद अनुभव साझा किया। कर्नल सोफिया की मां हलीमा कुरैशी ने प्रधानमंत्री मोदी से हुई मुलाकात को अपनी जिंदगी का अविस्मरणीय पल बताया। कहा कि प्रधानमंत्री से मिलकर हमें अच्छा लगा। उनसे मिलने के बाद हम पूरी तरह से सकारात्मक ऊर्जा से भर गए।

भारत के सबसे वांछित माओवादी बसवराजू का अंत

## 'माओवाद मुक्त भारत 2026' के लक्ष्य पर निगाहें



एजेंसी

**नई दिल्ली।** हाल के इतिहास में माओवादी विद्रोह के खिलाफ सबसे निर्णायक हमलों में से एक में, सुरक्षा बलों ने छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के घने अबूझमाड़ के जंगलों में एक बड़ी कार्रवाई के दौरान भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के महासचिव और सुप्रीम कमांडर नंबाला केशव राव उर्फ बसवराजू को मार गिराया है। बसवराजू, जिस पर 1.5 करोड़ रुपये से अधिक का इनाम था, भारत के सबसे वांछित भगोड़ों में से एक था। उसे भारतीय सुरक्षा बलों पर हुए कई सबसे घातक हमलों के पीछे वैचारिक प्रेरक और प्रमुख रणनीतिकार माना जाता था। उसकी मौत को दशकों से चले आ रहे माओवादी चरमपंथ के खिलाफ लड़ाई में एक ऐतिहासिक सफलता और एक महत्वपूर्ण मोड़ के रूप में देखा जा रहा है। यह बड़ी सफलता एक खुफिया-आधारित ऑपरेशन का नतीजा थी, जिसके कारण नारायणपुर में सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच भीषण मुठभेड़ हुई। इस ऑपरेशन में बसवराजू के साथ-साथ कई अन्य माओवादी भी मारे गए हैं, जिससे संगठन के नेतृत्व को एक बड़ा झटका लगा है। केंद्रीय गृह मंत्री ने इस ऑपरेशन की सफलता की पुष्टि करते हुए इसे देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया है। बसवराजू की मौत से माओवादी आंदोलन के कमजोर पड़ने की उम्मीद है।

## महागठबंधन में शामिल होने को उत्सुक एआइएमआइएम

**नई दिल्ली।** बिहार में इस साल चुनाव है। सभी राजनीतिक दल अपने-अपने समीकरण साधने की कोशिश में हैं। वहीं, अब तक विपक्षी दल इंडिया से दूरी बनाए रखने के बाद, असदुद्दीन ओवैसी की अगुवाई वाली ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) राज्य विधानसभा चुनावों के लिए बिहार में आरजेडी के नेतृत्व वाले महागठबंधन में शामिल होने को लेकर उत्सुक है। लालू प्रसाद और तेजस्वी प्रसाद यादव के नेतृत्व वाली आरजेडी के अलावा विपक्षी महागठबंधन में कांग्रेस और वामपंथी दल शामिल हैं। बिहार में एआईएमआईएम के नेता आरजेडी नेताओं के संपर्क में हैं। एआईएमआईएम के एक राष्ट्रीय प्रवक्ता ने बताया कि हम महागठबंधन के साथ गठबंधन करने में रुचि रखते हैं। हम इसे लेकर बहुत सकारात्मक हैं। हमारी विचारधारा भाजपा को हराना और बिहार को सशक्त बनाना है।

## कोरोना ने पकड़ी रफ्तार, एक सप्ताह में मिले 99 नए केस



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में कोविड-19 के मामलों में बड़ा उछाल आया है। राजधानी में कोरोना के 104 मामले सक्रिय हैं। इनमें से 99 मामले पिछले एक सप्ताह के दौरान बढ़े हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, देश में सबसे ज्यादा सक्रिय मामले केरल में हैं। इसके बाद महाराष्ट्र और दिल्ली का नंबर आता है। केरल में कोविड-19 के सक्रिय मामलों की संख्या 430, महाराष्ट्र में 209 और दिल्ली में 104 हैं। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 19 मई तक 24 सक्रिय मामले थे। लेकिन, एक ही हफ्ते में 99 मामले और बढ़े, जबकि 24 मरीज अब तक रिकवर हुए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइट पर मौजूद जानकारी के अनुसार, कई राज्यों में सक्रिय मामले बढ़े हैं, जिनमें केरल (+355), महाराष्ट्र (+153) और दिल्ली (+24) शामिल हैं। इसके अलावा, कुछ जगहों पर मौतों में भी इजाफा हुआ है, जिनमें महाराष्ट्र (+4) और कर्नाटक (+1) शामिल हैं। हालांकि, बहुत से राज्यों में कोई नया मामला या मौत नहीं दर्ज की गई है। इसके अलावा, कोविड-19 से सबसे ज्यादा मरीज महाराष्ट्र में ठीक हुए हैं। महाराष्ट्र में 8,29,849, केरल में 6,84,927 और आंध्र प्रदेश में 2,32,635 में सबसे अधिक मरीजों ने कोरोना को मात दी है। सबसे ज्यादा मौतें (कोरोना की पहली लहर से अब तक) : महाराष्ट्र (1,48,606), तमिलनाडु (38,086) और कर्नाटक (40,412) में हुई हैं।

## जबरन वसूली की गतिविधियों में संलिप्त तीन उग्रवादी गिरफ्तार

**इम्फाल।** मणिपुर में सुरक्षाबलों ने जबरन वसूली की गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में विभिन्न प्रतिबंधित संगठनों के तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। इस संबंध में एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रतिबंधित 'यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट' (पंबेई) के एक कैडर को शनिवार को विष्णुपुर जिले के मोइरांग सेंद्रा रोड से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने कहा कि उग्रवादी पर जिले और इंफाल में स्थानीय व्यापारियों तथा कई सरकारी संस्थानों से जबरन वसूली की गतिविधियों में सीधे तौर पर शामिल होने का आरोप है। अधिकारी ने बताया कि यूएनएलएफ (पंबेई) ने नवंबर 2023 में केंद्र के साथ शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए थे, लेकिन इसके सदस्यों को ''जबरन वसूली और अन्य आपराधिक गतिविधियों'' के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने कहा कि प्रतिबंधित 'कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी' के एक सक्रिय सदस्य को रविवार को इंफाल पश्चिमी जिले के पटसोई पार्ट-एक गांव से जबरन वसूली में संलिप्तता के आरोप में गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने बताया कि प्रतिबंधित केसीपी के एक अन्य सदस्य को शनिवार को इंफाल पूर्वी जिले के याइंगंगपोकपी से गिरफ्तार किया गया।

## पाक आतंकवाद का गढ़ बन चुका है: मुख्तार अब्बास

एजेंसी




**नई दिल्ली।** भाजपा सांसद बैजयंत पांडा के नेतृत्व वाले सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल एआईएमआईएम के सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने बहरीन में प्रमुख हस्तियों के साथ बातचीत के दौरान पाकिस्तान को एक "विफल राज्य" बताया। ओवैसी के इस बयान पर भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने पाकिस्तान को आतंकवाद का गढ़ और टकसाल बताया। सोमवार को समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत के दौरान भाजपा नेता ने कहा कि पाकिस्तान अपने यहां न केवल आतंकवादियों को पैदा कर रहा है, बल्कि उन्हें दुनिया भर में सप्लाई भी कर रहा है। जब आतंकवाद किसी देश की सबसे बड़ी संपत्ति बन जाता है और आतंकवादियों को उसके सबसे मूल्यवान संसाधन के रूप में देखा जाता है, तो पूरी दुनिया को सचेत करना जरूरी हो जाता है। दुनिया अच्छी तरह से जानती है कि आतंक की फैक्ट्री शांति की खाद नहीं पैदा कर सकती। पाकिस्तान आतंकवादियों के लिए सबसे सुरक्षित पनाहगाह बन गया है, एक ऐसा चारागाह जहां वे खुलेआम फलते-फूलते हैं और यह वैश्विक सुरक्षा के लिए चुनौती है। पूरे विश्व की शांति के लिए आतंकवाद का खात्मा होना बेहद ही जरूरी है। क्योंकि पाकिस्तान ने कभी भी आतंकवादियों के प्रति शर्मिंदगी जाहिर नहीं की है। राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव की ओर से तेज प्रताप यादव को पार्टी से निकाले जाने पर भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि सच तो यह है कि यह उनकी पारिवारिक पार्टी है और उनके लिए परिवार और पार्टी एक ही है।

## मुझे पीटा गया था तब कहां थे? सामाजिक न्याय चुनाव के डर से ड्रामा

- तेज प्रताप की पूर्व पत्नी ऐश्वर्या ने उठाया सवाल

एजेंसी



**पटना।** आरजेडी प्रमुख लालू प्रसाद यादव के बेटे और बिहार के पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव एक बार फिर विवादों के घेरे में आ गए हैं। उन्हें पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित कर दिया गया है। ऐसा आरोप लगाया गया है कि उन्होंने निजी जीवन में नैतिक मूल्यों की अवहेलना की है। इसके अलावा, उनके 'साथी' को लेकर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट को लेकर विवाद भी हुआ था, जिसे अब हटा दिया गया है। इसी को लेकर अब बिहार में सियासत तेज हो गई है। तेज प्रताप यादव की पूर्व पत्नी ऐश्वर्या राय ने भी अपनी चुप्पी तोड़ी है। ऐश्वर्या राय ने सवाल करते हुए कहा कि मेरी जिंदगी क्यों बर्बाद की गई? मुझे क्यों पीटा गया? अब अचानक उनमें सामाजिक जागृति आ गई है। वे सब एक साथ हैं। वे अलग नहीं हुए हैं। चुनाव नजदीक हैं, इसीलिए उन्होंने ऐसा कदम उठाया और यह ड्रामा रचा। उन्होंने कहा कि सबको पता है कि क्या हुआ। लालू प्रसाद यादव के परिवार पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि अगर उन्हें सब पता था तो उन्होंने मुझसे उसकी शादी क्यों करवाई? मेरी जिंदगी क्यों बर्बाद की गई? मुझे क्यों पीटा गया? अब अचानक से उनमें सामाजिक जागृति आ गई है। वे सब साथ हैं। वे अलग नहीं हुए हैं। चुनाव नजदीक हैं, इसीलिए उन्होंने ऐसा कदम उठाया और यह ड्रामा किया।

ऐश्वर्या राय ने कहा कि मुझे अपने तलाक की जानकारी मीडिया से मिली। मुझे जो भी जानकारी मिली वह सब मीडिया के जरिए मिली। मुझे नहीं पता था कि क्या हो रहा है। उनसे पूछिए, मेरी जिंदगी बर्बाद करने की क्या जरूरत थी? जब मुझे पीटा गया तो उनका सामाजिक न्याय कहां था? उनसे पूछिए, मेरा क्या?... वे हर चीज का दोष मुझ पर मढ़ देते हैं। अब जब यह बात सामने आ गई है, तो उसका 12 साल से अफेयर चल रहा है और महिला को दोषी ठहराना सबसे आसान तरीका है। मुझे न्याय कब मिलेगा? मैं अपनी लड़ाई जारी रखूंगी। आपको बता दें कि बिहार के पूर्व मंत्री ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करके विवाद खड़ा कर दिया कि वह अनुष्का यादव के साथ रिलेशनशिप में हैं। उन्होंने युवती के साथ अपनी एक फोटो भी शेयर की, जिसके कैप्शन में लिखा, "इस तस्वीर में जो दिख रही है, वह अनुष्का यादव है। हम पिछले 12 सालों से एक-दूसरे को जानते हैं। हम प्यार में हैं और 12 सालों से रिलेशनशिप में हैं।" इसके तुरंत बाद, तेज प्रताप ने दावा किया कि उनका फेसबुक अकाउंट "हैक" हो गया है।

## अपराधी को पकड़ने गई पुलिस पर हमला, एक कांस्टेबल की मौत

**लखनऊ।** गाजियाबाद जिले में वांछित अपराधी को पकड़ने गई नोएडा पुलिस के एक दल पर एक समूह ने जानलेवा हमला कर दिया जिससे एक कांस्टेबल की मौत हो गई और कई अन्य पुलिसकर्मी घायल हो गए। प्रवक्ता ने बताया कि घटना रविवार देर रात गाजियाबाद जिले के मसूरी इलाके की है जब नोएडा के थाना फेज-तीन में दर्ज एक मामले में वांछित अपराधी कादिर को पकड़ने के लिए पुलिस दल छापेमारी करने गया। उन्होंने बताया कि पुलिस दल ने कादिर को पकड़ लिया तभी अपराधी और उसके साथियों ने उन पर जानलेवा हमला करते हुए गोलीबारी की और पथराव भी किया। प्रवक्ता ने बताया कि इस दौरान कांस्टेबल सौरभ (32) के सिर में गोली लग गई और उपनिरीक्षक सचिन राठी, उदित सिंह, सुमित, निखिल सहित कई पुलिसकर्मी घायल हो गए।

## नीट-पीजी : चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करेगा न्यायालय

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय सोमवार को राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड द्वारा नीट-पीजी परीक्षा दो पालियों में आयोजित कराने के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई के लिए सहमत हो गया। चिकित्सा स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (नीट-पीजी), 2025 दो पालियों में 15 जून को कंप्यूटर आधारित प्लेटफॉर्म पर आयोजित की जाएगी। इसके परिणाम 15 जुलाई तक घोषित किए जाएंगे प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने वकील की दलीलों पर गौर किया तथा कहा कि याचिका को जल्द ही सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा। पीठ ने 23 मई को कहा था कि याचिका अगले सप्ताह सुनवाई के लिए सूचीबद्ध की जाएगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। वकील ने सोमवार को फिर से इस बात का जिक्र किया।


**न्यायालय, उपायुक्त -सह- जिला दण्डाधिकारी, लातेहार**
**अनुमति वाद संख्या-95/2025**

**आम इस्तेहार**

आवेदक सुजाता कुमारी पति–प्रकाश कुमार साहू पता–कुरलोंगा, पो0–सराधु टंडवा, चतरा, झारखण्ड वो प्रियंका देवी पति–रामसेवक कुमार पता–चेड़रा, मनातु चेडर, लातेहार द्वारा मेसर्स एस0एम0 स्टील्स एण्ड पॉवर लिमिटेड, 2013 कार्यालय पता–ब्लॉक डी0पी0 पांचवा टॉवर, प्रथम तल्ला यूनिट 504 सेक्टर–5 कोलकत्ता वेस्ट बंगाल–700058 के साथ भूमि बिक्री हेतु अनुमति के लिए छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम की धारा–49 के अंतर्गत आवेदन पत्र दाखिल किया है।

भूमि का विवरण

| मौजा | खाता | प्लॉट | रकबा |
|---|---|---|---|
| बरवाडीह | 32 | 111 | 0.80 |
| | | 134 | 0.21 |
| कुलः– | | | 1.01 ए0 |

एतद् द्वारा हर आम व खाश को सूचित किया जाता है कि इस भूमि अंतरण के विरूद्ध किसी को आपत्ति हो, तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी के न्यायालय में आम–इस्तेहार निर्गत की तिथि से एक पक्ष (15 दिनों) के अंदर आपत्ति दायर कर सकते है। समय सीमा समाप्ति के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

प्रभारी उप समाहर्त्ता,
जिला विधि शाखा, लातेहार

PR 353532 District(25-26)#D



**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गढ़वा।**

**आवश्यक सूचना।**

(चोरी गयी मोटर साईकिल स्पलेण्डर प्लस )

गढ़वा थाना कांड सं0–24/2025 दिनांक–17.01.2025 धारा–303(2) बी0एन0एस0 2023 के कांड में चोरी गयी मोटरसाईकिल स्पलेण्डर प्लस जिसका रजि0 न0– JH03AE-5488, इंजन नं0–HA11EYMHF77870 एवं चेचिस नं0– MBLHAW121MHA66214 को अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर लिया गया है। जिसकी बरामदगी अबतक नहीं हो पाई है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त चोरी की गयी मोटरसाईकिल के बारे में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो, तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) गढ़वा के मो0नं0–9431706284 अथवा पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने का कष्ट करेंगे।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा।

PR 353464 (Police) 25-26 (D)



**झारखंड शिक्षा परियोजना, लातेहार**
**समाहरणालय परिसर, दूसरी मंजिल, लातेहार,**
दूरभाष सं0 : 06565–248083, ई–मेल : ssalatehar@gmail.com

**शुद्धि–पत्र**

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, समग्र शिक्षा अभियान, लातेहार का पत्रांक 929 दिनांक 21.05.2025 को जिला अंतर्गत संचालित कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय, झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय तथा नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय सरयू के लिए प्रकाशित अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना (PR343892) **में आंशिक संशोधन करते हुए कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय, चंदवा के लिए पैकेज–03 को सम्मलित किया जाता है। निविदा जमा करने की तिथि दिनांक 04.06.2025 तक विस्तारित की जाती है। निविदा खोलने की तिथि दिनांक 06.06.2025 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से निर्धारित की जाती है। पूर्व में प्रकाशित अतिअल्पकालीन निविदा के शेष नियम एवं शर्ते आदि यथावत रहेंगे।** निविदा से संबंधित सभी सूचना आदि को जिला के वेबसाईट **www.latehar.nic.in** पर भी देखा जा सकता है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
समग्र शिक्षा अभियान, लातेहार

PR 353491 Human Resource Developement(25-26)#D



**कार्यालय, समेकित जनजाति विकास अभिकरण, लोहरदगा**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

लोहरदगा जिलान्तर्गत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग, कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा संचालित आवासीय विद्यालयों में बर्तन, उपस्कर फर्नीचर इत्यादि की आपूर्ति एवं अधिष्ठापन हेतु दिनांक 03.06.2025 के पूर्वाह्न 11:00 बजे तक मुहरबन्द निविदा जिला कल्याण पदाधिकारी, लोहरदगा के पदनाम से आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता अपना निविदा समेकित जनजाति विकास अभिकरण, लोहरदगा में निर्धारित अवधि के पूर्व जमा कर सकते हैं। दिनांक 03.06.2025 के अपराह्न 12:30 बजे परियोजना निदेशक, समेकित जनजाति विकास अभिकरण, लोहरदगा (ITDA) के कार्यालय कक्ष में निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि की उपस्थिति में जिला क्रय समिति के समक्ष निविदा खोली जाएगी, जिसमें नमूना एवं संबंधित कागजातों के साथ वे उपस्थित रहेंगे। आपूर्ति संबंधित विवरणी एवं निविदा की शर्त्ते लोहरदगा जिला के अधिकारिक वेबसाइट www.lohardaga.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

परियोजना निदेशक,
आई0टी0डी0ए0, लोहरदगा

PR 353486 Lohardaga (25-26)_D



**e-Procurement Cell**
**Office of the Executive Engineer,**
**Building Construction Department, Building Division, Daltonganj,**

**e-Procurement Notice**

RATE PURPOSE ONLY

Quotation Reference No -09/E.E.,BCD/Building Div. Daltonganj/2025-26

Sealed Quotations are invited for the work given below :-

| SI No. | Name of Work |
|---|---|
| 01 | Construction of Modular OT One (01) at Medinirai Medical College & Hospital (Sadar), Palamu for the year 2024-25. |
| 02 | Construction of Modular OT Two (02) at Medinirai Medical College & Hospital (Sadar), Palamu for the year 2024-25. |
| 03 | Construction of Modular OT Three (03) at Medinirai Medical College & Hospital (Sadar), Palamu for the year 2024-25. |

For all Materials from Reputed Shop Keepers/ Manufacturers/Suppliers/Retailers/Distributors and Registered B.C.D. Contractors for following items. They should quote their rates for unit mentioned in the table. If they do not deals all of the below mentioned items then they are allowed to quote their rate for part of the items which ever they deals. The rates should be exclusive of all types of Taxes, GST, Contractor's Profit and overhead charges etc. but inclusive of Royalty. All Rates should be exclusive of Labour Cess.

**Terms and Condition**

1. The quotationer shall furnish Pan,GST registration no.
2. The rate quoted by quotationer shall be firm and final.
3. The undersigned reserves the right to accept or reject/cancel any or all quotations without assigning any reason there of.

नोट :–
(1) वेबसाईट में ई–कोटेशन प्रकाशन की तिथि : 30.05.2025 के अपराह्न 3:00 बजे।
(2) वेबसाईट में ई–कोटेशन अपलोड की अंतिम तिथि : 09.06.2025 के अपराह्न 3:00 बजे तक।
(3) ई–कोटेशन खोलने की तिथि एवं समय 11.06.2025 अपराह्न 3:30 बजे।
(4) ई–कोटेशन आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल डालटनगंज, पलामू।
(5) ई–कोटेशन प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 : 9430783582
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

Nodal Officer, e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer
Building Construction Department,
Building Division, Daltonganj.

PR 353482 District(25-26)D

# पाकिस्तान व तुर्किये रणनीतिक सहयोग को आगे ले जाने पर सहमत

● शहबाज और एर्दोगन के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक हुई

**इस्तांबुल (तुर्किये) (हि.स.)**

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने तुर्किये के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोगन से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेता रणनीतिक साझेदारी को और ऊंचाइयों पर ले जाने पर सहमत हुए। शहबाज चार मित्र देशों की यात्रा के तहत रविवार को दो दिवसीय दौरे पर तुर्किये पहुंचे। प्रधानमंत्री शहबाज 30 मई तक ईरान, अजरबैजान और ताजिकिस्तान का भी दौरा करेंगे। द नेशन अखबार की सोमवार की खबर के अनुसार, शहबाज ने इस्तांबुल में राष्ट्रपति



## द्विपक्षीय व्यापार के नए अवसरों पर विचार

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और तुर्किये के राष्ट्रपति एर्दोगन ने 13 फरवरी को इस्लामाबाद में रणनीतिक सहयोग परिषद के सातवें सत्र में लिए गए प्रमुख निर्णयों के कार्यान्वयन पर भी चर्चा की। दोनों पक्षों ने 5 बिलियन अमेरिकी डॉलर का वार्षिक द्विपक्षीय व्यापार लक्ष्य प्राप्त करने के लिए कदम उठाने पर सहमति व्यक्त की। दोनों नेताओं ने गाजा में गंभीर मानवीय स्थिति पर भी गहरी चिंता व्यक्त की।

एर्दोगन के साथ बैठक में भारत के साथ तनाव के दौरान पाकिस्तान का समर्थन करने के लिए तुर्किये की सराहना की। बैठक में पाकिस्तान और तुर्किये ने क्षेत्रीय शांति, सतत विकास और साझा समृद्धि के लिए रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के अलावा द्विपक्षीय बहुआयामी सहयोग को और मजबूत करने पर सहमति जताई है। प्रधानमंत्री शहबाज के साथ फील्ड मार्शल सैयद असीम मुनीर, उप प्रधानमंत्री मोहम्मद इशाक डार, सूचना एवं प्रसारण मंत्री अताउल्लाह तरार, प्रधानमंत्री के विशेष सलाहकार सैयद तारिक फातमी और तुर्किये में पाकिस्तान के राजदूत डॉ यूसुफ जुनैद भी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री शहबाज ने अक्षय ऊर्जा, सूचना प्रौद्योगिकी, रक्षा उत्पादन, बुनियादी ढांचे के विकास और कृषि सहित प्रमुख क्षेत्रों पर तुर्किये के राष्ट्रपति से चर्चा की।

पाकिस्तान के सरकारी प्रसारक पीटीवी न्यूज ने बताया कि शहबाज और एर्दोगन के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक हुई। इसमें विदेश मंत्री मोहम्मद इशाक डार, सेना प्रमुख फील्ड मार्शल सैयद असीम मुनीर और सूचना और प्रसारण मंत्री अताउल्लाह तरार ने हिस्सा लिया।

# भारत-कनाडा विदेश मंत्रियों के बीच पहला औपचारिक संवाद

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने पहली बार कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद से फोन पर बात की।



इस दौरान दोनों नेताओं ने भारत और कनाडा के बीच रिश्ते बेहतर बनाने पर चर्चा की। अनीता आनंद ने रविवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर यह जानकारी दी और विदेश मंत्री एस. जयशंकर को भारत-कनाडा संबंधों पर उपयोगी बातचीत के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, "कनाडा और भारत के रिश्ते मजबूत करने, आर्थिक सहयोग बढ़ाने और हमारी साझा प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाने पर आज हुई उपयोगी बातचीत के लिए मंत्री डॉ. जयशंकर का धन्यवाद। मैं आगे भी मिलकर काम करने की उम्मीद करती हूं। इसके थोड़ी देर बाद विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भी रविवार को अपने आधिकारिक 'एक्स' अकाउंट पर अनीता आनंद से हुई बातचीत की पुष्टि की।

## भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल से मिले गुयाना के प्रधानमंत्री फिलिप्स, कहा

# गुयाना आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ है

● थरूर और प्रतिनिधिमंडल ने गुयाना के 59वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में भी लिया भाग

**जॉर्जटाउन (आईएएनएस)**

गुयाना के प्रधानमंत्री मार्क एंथनी फिलिप्स ने बर्बिस में शशि थरूर के नेतृत्व वाले भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के दौरान सीमा पार आतंकवाद से लड़ने के लिए भारत के उपायों के प्रति समर्थन व्यक्त किया। भारतीय उच्चायोग ने 'एक्स' पर पोस्ट कर बताया कि फिलिप्स ने रविवार शाम (स्थानीय समयानुसार) को ऑपरेशन सिंदूर और आतंकवाद के प्रति भारत की शून्य सहनशीलता की नीति के बारे में सांसदों से जानकारी प्राप्त की। फिलिप्स आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के प्रति समर्थन व्यक्त करने वाले दूसरे गुयाना नेता थे। इससे पहले दिन में उपराष्ट्रपति भरत जगदेव ने प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के बाद कहा, गुयाना पूरी तरह से भारत के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा, हम आतंकवाद के खिलाफ हैं और हमारा मानना है कि आतंकवादी कृत्यों को अंजाम देने वाले सभी लोगों को कटघरे में लाया जाना चाहिए। ब्रीफिंग के बाद, उच्चायोग ने कहा कि फिलिप्स ने 'सीमा पार आतंकवाद से निपटने के लिए भारत के उपायों के प्रति गुयाना के समर्थन और समझ को दोहराया।' इसमें कहा गया, चर्चा में भारत-गुयाना सहयोग से संबंधित व्यापक मुद्दों पर चर्चा हुई। सोमवार को गुयाना का स्वतंत्रता दिवस है और राष्ट्रपति मोहम्मद इरफ़ान अली ने बर्बिस में भाषण दिया, जो राजधानी जॉर्जटाउन से लगभग 65 किलोमीटर दूर है। थरूर और प्रतिनिधिमंडल ने गुयाना की 59वीं स्वतंत्रता वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित समारोह में भाग लिया।

उच्चायोग ने एक बयान में कहा, प्रतिनिधिमंडल गुयाना के नेतृत्व और मीडिया, भारतीय समुदाय और प्रवासी समुदाय तथा गुयाना में भारत के मित्रों के प्रमुख वातार्कारों के साथ बातचीत करेगा। जगदेव के साथ बैठक के बाद थरूर ने 'एक्स' लिखा, उनकी 'बहुत अच्छी बैठक' हुई और उपराष्ट्रपति ने 'हाल की घटनाओं के मद्देनजर भारत की चिंताओं के प्रति गहरी सहानुभूति और समझ' व्यक्त की। पाकिस्तान से जुड़े आतंकवादियों की ओर से पहलगाम में 26 लोगों की हत्या और पाकिस्तान में स्थित आतंकवादी बुनियादी ढांचे और कश्मीर में उसके कब्जे वाले क्षेत्रों के खिलाफ भारत की ओर से चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' के बारे में जानकारी दी गई।



## आर्थिक सहयोग पर भी चर्चा हुई : थरूर

भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख शशि थरूर ने कहा कि उन्होंने भारत और गुयाना के बीच आर्थिक सहयोग पर भी चर्चा की। गुयाना विकासशील देश है, जिसका विकास उसके जलक्षेत्र में तेल की खोज के कारण हुआ है। सूर्या ने 'एक्स' पर कहा, जॉर्जटाउन, गुयाना में भारतीय समुदाय के सदस्यों ने हमारे संसदीय प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया। उन्होंने पोस्ट किया, हमने आर्ट ऑफ लिविंग, इस्कॉन और ब्रह्मकुमारीज जैसे कई आध्यात्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों से भी मुलाकात की। उन्होंने आगे कहा, वे यहां भारतीय समुदाय के लिए आध्यात्मिक और सांस्कृतिक आधार के रूप में काम करते हैं।

## एक चौथाई रक्षा बजट बढ़ाना चाहता है पाकिस्तान

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान अभी 21 लाख 15 हजार करोड़ के कर्ज में डूबा है। बावजूद इसके वो अपना रक्षा बजट करीब करीब एक चौथाई बढ़ाना चाहता है। ताकी सेना के हथियार भंडार फिर से भर सके। 2024-25 में पाकिस्तान का रक्षा बजट 2 लाख10 हजार करोड़ रुपए था। 2025-26 के लिए पाकिस्तान इसे 2 लाख 50 हजार करोड़ करने जा रहा है। रक्षा बजट में बढ़ोतरी ऐसे वक्त हुई है जब महंगाई दर 38 फीसदी पार कर चुकी है और विदेशी मुद्रा भंडार $3 अरब से नीचे है। पाकिस्तान अभी भी अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के कार्यक्रम के तहत है जिसने गैर-जरूरी खर्चों को कम करने और पारदर्शिता बढ़ाने को कहा है। पाकिस्तानी सरकार ने यह खर्च सुरक्षा कारणों से सही ठहराया, खासकर जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हालिया आतंकी हमले और भारत के साथ सीमा पर हुई झड़पों के कारण।

# यूक्रेन की राजधानी कीव पर रूस का बड़ा हवाई हमला

**12 की मौत**

**79 घायल**

**कीव (यूक्रेन) (हि.स.)**

रूस ने रविवार की रात को यूक्रेन की राजधानी कीव को निशाना बनाया। हमले में 12 लोग मारे गए और कम से कम 79 घायल हो गए। द कीव इंडिपेंडेंट अखबार के अनुसार, रूस ने 25 मई की रात कीव और अन्य यूक्रेनी क्षेत्रों पर ड्रोन और मिसाइलों से हमला किया। इसमें तीन बच्चों सहित 12 लोग मारे गए और कम से कम 79 घायल हो गए। रूस के आंतरिक मंत्री इहोर क्लिमेंको ने टेलीग्राम पर इसकी पुष्टि की। यूक्रेन की वायुसेना के अनुसार, रूस ने रात भर में 69 मिसाइलें और 298 ड्रोन दागे। वायु सेना ने बताया कि 45 क्रूज मिसाइलों को मार गिराया गया और 266 ड्रोन को बेअसर कर दिया गया। हमले में 22 स्थानों पर भारी नुकसान हुआ। यह हमला पूरे युद्ध के दौरान कीव पर सबसे भारी रूसी हमलों में से एक के बाद हुआ। यह हमला कीव दिवस से पहले किया गया। कीव दिवस पर आज यूक्रेन में अवकाश है।इस हमले में कीव, जाइटॉमिर, खमेलनित्सकी, टेरनोपिल, निप्रॉपेट्रोस, मायकोलाइव, ओडेसा, खारकिंव, चेर्निहाइव, चकार्सी, सुमी, पोल्टावा क्षेत्रों में 80 से अधिक आवासीय इमारतें क्षतिग्रस्त हो गई हैं।




## अमेरिका नए प्रतिबंधों पर कर रहा विचार

कीव पोस्ट के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को कहा कि वह रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के इस व्यवहार से नाखुश हैं। अमेरिका नए प्रतिबंधों पर विचार कर रहा है। उधर, अब तक दोनों देश 1,000-1,000 कैदियों की अदला-बदली कर चुके हैं। बावजूद इसके आजोव ब्रिगेड के बंदियों और 2014 से बंदी बनाए गए राजनीतिक कैदियों के बारे में सवाल बने हुए हैं।

## फ्रांस के राष्ट्रपति को पत्नी ने मुंह पकड़कर धकेला, मैक्रों असहज हुए

**नई दिल्ली । एजेंसी**

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और उनकी पत्नी ब्रिगिट मैक्रों के बीच हुई झड़प का वीडियो वायरल हो रहा है। मैक्रों 25 मई को वियतनाम दौरे पर पहुंचे थे। इसी दौरान हनोई के नोई बाई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उनकी पत्नी ने उनका मुंह पकड़कर धकेल दिया। एसोसिएटेड प्रेस ने इस वीडियो को रिकॉर्ड किया है। घटना तब की है, जब दोनों विमान से उतरने की तैयारी कर रहे थे। वीडियो में दिखता है कि जैसे ही मैक्रों के प्लेन का दरवाजा खुलता है, ब्रिगिट मैक्रों का मुंह पकड़कर धकेल देती हैं। मैक्रों इस दौरान कुछ पल के लिए चौंकते हैं, फिर जल्दी से अपने आपको संभालते हुए बाहर के लोगों की तरफ हाथ हिलाते हैं। इसके बाद ब्रिगिट भी पति के साथ बाहर आती हैं। वह मैक्रों के साथ प्लेन की सीढ़ियां से नीचे उतरती हैं। इस दौरान मैक्रों अपना हाथ उनकी तरफ बढ़ाने की कोशिश करते हैं।



## बांग्लादेश में तख्तापलट की आहट सेना प्रमुख ने दिए सख्त संकेत

**ढाका । एजेंसी**

मोहम्मद युनूस को सत्ता का संकट सताने लगा है। लग रहा है कि उनकी सत्ता संकट में है। इसलिए आपने बीते दिनों इस तरह की खबरें भी पढ़ी होंगी की युनूस ने खुद ही इस्तीफे की धमकी दी है। युनूस कुछ इस तरह से दिखाने की कोशिश में लगे हैं कि वो तो देश को बेहतरीन बनाने चले थे।

लेकिन कुछ लोग उन्हें काम नहीं करने दे रहे हैं। अब वो कौन लोग हैं जो युनूस को काम नहीं करने दे रहे हैं? सबसे पहला नाम सेना का आता है। बांग्लादेश के सेना प्रमुख वकर-उज़-ज़मान मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस को पद से हटाने के लिए सभी उपाय करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। सेना ने उच्च-स्तरीय अधिकारियों की बैठकों में भाग लेकर अपनी उपस्थिति का प्रदर्शन किया है। सूत्रों का कहना है कि ज़मान यूनुस के अंतरिम प्रशासन को कमज़ोर करने के लिए संवैधानिक अस्पष्टताओं का फायदा उठाने सहित विभिन्न रणनीतियों की खोज कर रहे हैं।



## केरल तट के पास डूबे लाइबेरियाई पोत से तेल का रिसाव, समुद्र में बिखरे 100 से अधिक कंटेनर

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

केरल के अलप्पुझा तट से लगभग 15 समुद्री मील दक्षिण-पश्चिम में रविवार को तेल से लदा एक लाइबेरियाई कंटेनर पोत डूब गया था। अब इससे समुद्री प्रदूषण की बड़ी समस्या सामने आ रही है। पोत के डूबने के बाद समुद्र में तेल के रिसाव का पता चला है। इसके बाद भारतीय तटरक्षक बल ने एक व्यापक प्रदूषण रोधी प्रतिक्रिया अभियान शुरू किया है। वहीं, जहाज के डूबने के कारण उसमें रखे 100 से अधिक कंटेनर समुद्र में तैरते पाए गए। इनमें से कुछ क्षतिग्रस्त हो गए हैं और उनसे रिसाव हो रहा है। जहाज के डूबने के कुछ ही घंटों के भीतर एक निगरानी विमान ने घटनास्थल पर तेल रिसाव का पता लगाया। तेल रिसाव की सूचना मिलते ही तटरक्षक पोत 'सक्षम' को तुरंत घटनास्थल की ओर रवाना किया गया। तटरक्षक बल का पोत 'सक्षम' पहले से इलाके में प्रदूषण रोधी प्रतिक्रिया के लिए तैनात था। वहीं, बल के एक डोर्नियर विमान ने हवाई निरीक्षण कर प्रभावित क्षेत्र में ऑयल स्पिल डिस्पर्सेंट का छिड़काव किया है।

## जहाज लॉन्च में बड़ी चूक! इंजीनियर और अधिकारी पर भड़क उठे तानाशाह किम जोंग

**नई दिल्ली । एजेंसी**

उत्तर कोरिया ने चार अधिकारियों को हिरासत में लिया है, जिनके बारे में कहा जा रहा है कि वे उसके दूसरे नौसैनिक विध्वंसक के असफल प्रक्षेपण के लिए जिम्मेदार हैं, जिसके बारे में बाहरी पर्यवेक्षकों का कहना है कि देश ने जो बताया है, उससे कहीं अधिक क्षति इसमें हुई है। नेता किम जोंग उन द्वारा बुधवार की घटना पर रोष व्यक्त करने के बाद हिरासत में लिए गए लोगों ने कहा कि यह आपराधिक लापरवाही के कारण हुआ था। मुख्य सैन्य समिति ने शुक्रवार को कहा कि जिम्मेदार लोगों को उनके अक्षम्य आपराधिक कृत्य के लिए जवाबदेह ठहराया जाएगा। आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने शुक्रवार को कहा कि 5,000 टन वर्ग के विध्वंसक जहाज को हुए नुकसान की गंभीरता गंभीर नहीं है, क्योंकि इसने पहले के आकलन को रद्द कर दिया कि पतवार के निचले हिस्से में छेद हो गए थे। केसीएनए ने कहा कि जहाज़ के स्टारबोर्ड की तरफ़ पतवार खरोंच गई थी और कुछ समुद्री पानी जहाज़ के पिछले हिस्से में बह गया था। उसने कहा कि समुद्री पानी को बाहर निकालने, जहाज़ को सीधा करने और खरोंचों को ठीक करने में 10 दिन लगेंगे। केसीएनए ने कहा कि जहाज़ के संतुलन को बहाल करने का काम तय समय के अनुसार किया जा रहा है। उत्तर कोरिया की अत्यंत गोपनीय प्रकृति के कारण इस आकलन की पुष्टि करना लगभग असंभव है।



# मीठी नदी स्कैम : क्या किसी मुश्किल में फंसे डिनो मोरिया?

## मीठी नदी स्कैम मामले में मुंबई पुलिस के सामने हुए पेश

*मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने सोमवार को 65 करोड़ रुपये के मीठी नदी सफाई घोटाले में अभिनेता डिनो मोरिया से पूछताछ की। जांच के दौरान उनका नाम सामने आने के बाद अभिनेता को तलब किया गया था। उनसे मुंबई पुलिस मुख्यालय में ईओडब्ल्यू कार्यालय में पूछताछ की गई।*

मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने सोमवार को 65 करोड़ रुपये के मीठी नदी सफाई घोटाले में अभिनेता डिनो मोरिया से पूछताछ की। जांच के दौरान उनका नाम सामने आने के बाद अभिनेता को तलब किया गया था। उनसे मुंबई पुलिस मुख्यालय में ईओडब्ल्यू कार्यालय में पूछताछ की गई। यह मामला मीठी नदी की सफाई के लिए मूल रूप से आवंटित 65 करोड़ रुपये से अधिक के कथित दुरुपयोग से जुड़ा है। मीठी नदी घोटाले की चल रही जांच के सिलसिले में बॉलीवुड अभिनेता डिनो मोरिया सोमवार सुबह मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) के समक्ष पेश हुए।






# संजय सेठ के आवास पर पहुंचे लोस अध्यक्ष

## राज्यपाल भी थे मौजूद हुआ भव्य स्वागत

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, गवर्नर संतोष गंगवार, उड़ीसा के पूर्व गवर्नर व झारखंड सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास सोमवार सुबह केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के आवास पर पहुंचे जहां पर परंपरागत तरीके से उनका आवास पर परिजनों के साथ सैकड़ो कार्यकर्ता के स्वागत किया। इस अवसर पर पद्मश्री मुकुंद नायक, पूर्व राज्यसभा के सांसद महेश पोद्दार, अजय मारू, पूर्व डिप्टी मेयर संजीव विजय वर्गीय, रांची महानगर के अध्यक्ष वरुण साहू, ग्रामीण जिला के अध्यक्ष धीरज महतो, भानु जलान, मंडल के अध्यक्ष सुबेश पांडे, ओमप्रकाश पांडे, इंद्रजीत यादव, रणधीर सिंह,उमेश यादव, सुभाष अग्रवाल सहित दर्जनों विभिन्न संस्थाओं के लोग ने उनका स्वागत किया।

# वार्ड 17 में हुई रांची सिटीजन फोरम की बैठक

**रांची।** रांची सिटीजन फोरम की बैठक वार्ड 17 अंतर्गत आर जी स्ट्रीट, थड़पखना में अध्यक्ष दीपेश निराला की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस दौरान लोगों ने बताया कि वार्ड 17 का अधिकतर क्षेत्र गुदड़ी कर्बला चौक का एरिया पड़ता है, और इस छोटे क्षेत्र के कारण इस क्षेत्र का समुचित विकास नहीं हो रहा है जरूरत है। इस क्षेत्र को वार्ड 18 में मिला देने की आवश्यकता है, क्योंकि ना तो यहां पर रेगुलर फागिंग होती है, और ना ही रेगुलर कचरा का उठाव होता है। यहां तक की इस क्षेत्र में रांची नगर निगम ने एक डस्टबिन तक नहीं लगाया है और लोग एक व्यक्ति के घर के सामने सारा कचरा फेंक रहे हैं।

# सरना धर्म कोड जनगणना प्रपत्र में जोड़ने का आग्रह



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के एक शिष्टमंडल ने राज भवन में भेंट की तथा राज्यपाल को एक ज्ञापन समर्पित किया। ज्ञापन में शिष्टमंडल ने आगामी जनगणना प्रपत्र में "सरना धर्म कोड" के लिए पृथक कॉलम जोड़ने के लिए पहल करने का आग्रह किया।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, डालटनगंज**

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय द्वारा निर्गत निविदा आमंत्रण सूचना, जिसका पी0आर0 नं0– PR 352921 (Building)25-26*D है को क्रमांक 5 पर अंकित निविदा को अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, डालटनगंज

PR 353543 Building(25-26).D


# राज्यपाल से मिले बाबूलाल मरांडी, नई उत्पाद नीति में की सुधार की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से सोमवार को राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज भवन में भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने राज्य में अधिसूचित नई उत्पाद नीति (मदिरा की खुदरा बिक्री हेतु दुकानों की बंदोबस्ती एवं संचालन) के संबंध में एक ज्ञापन समर्पित करते हुए अपने सुझाव प्रस्तुत किए।

राज्यपाल से श्री मरांडी ने आग्रह किया कि उनके द्वारा प्रस्तुत सुझावों पर विचार कर राज्य सरकार को समुचित दिशा-निर्देश दिया जाए, जिससे राज्य की उत्पाद नीति अधिक प्रभावी, समावेशी तथा राजस्व हित में लाभकारी बन सके। प्रस्तुत ज्ञापन में 15 मई, 2025 को राज्य मंत्रिमंडल द्वारा स्वीकृत नई उत्पाद नीति की कुछ संभावित विसंगतियों की ओर ध्यान आकृष्ट किया गया। बाबूलाल मरांडी ने उल्लेख किया कि इसके पूर्व में भी मुख्यमंत्री के नेतृत्व में दो बार उत्पाद नीति लागू की गईं, किन्तु वे न तो राज्य के राजस्व को अपेक्षित लाभ पहुंचा सकीं और न ही स्थानीय व्यवसायियों एवं बेरोजगार युवाओं को कोई विशेष अवसर प्रदान कर सकीं। इसके विपरीत, इन नीतियों के क्रियान्वयन से शोषण की स्थिति उत्पन्न हुई तथा राजस्व की हानि हुई। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि दुकानों में निर्धारित मूल्य से अधिक दरों पर मदिरा की बिक्री किए जाने से आमजन से अवैध वसूली हुई, जिससे वास्तविक राजस्व सरकार को प्राप्त होने के बजाय माफियाओं एवं बिचौलियों के हाथों में चला गया।

वर्तमान में प्रस्तावित नीति के अंतर्गत एक व्यक्ति या प्रतिष्ठान को जिला स्तर पर तीन यूनिट (अर्थात 9 दुकानें) एवं राज्य स्तर पर अधिकतम 36 दुकानों का संचालन अनुमत किया गया है। श्री मरांडी के अनुसार, इस व्यवस्था से राज्य भर की अधिकांश दुकानें सीमित संख्या में बड़े व्यापारियों के नियंत्रण में जाने की आशंका है, जिससे स्वतंत्र एवं पारदर्शी व्यवसायिक प्रतिस्पर्धा बाधित होगी।

उन्होंने सुझाव दिया कि जिस प्रकार भारत सरकार पेट्रोल पंप एवं गैस एजेंसी आवंटन में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, महिलाओं, दिव्यांगजनों एवं पूर्व सैन्यकर्मियों को प्राथमिकता देती है, उसी प्रकार झारखंड सरकार को भी नई उत्पाद नीति में वंचित, आदिवासी, दलित, महिला एवं पूर्व सैनिक समुदाय को आरक्षण व प्राथमिकता देनी चाहिए। इसके अतिरिक्त, उन्होंने प्रस्ताव दिया कि "एक व्यक्ति, एक दुकान" का सिद्धांत अपनाया जाए, जिससे अधिक से अधिक लोगों को व्यवसायिक अवसर प्राप्त हो सके तथा भ्रष्टाचार एवं एकाधिकार की संभावनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

# श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट ने ओम बिरला का किया अभिनंदन

**रांची।** रांची स्थित स्वर्ण भूमि सभागार में अभिनंदन समारोह के अंतर्गत लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का श्री कृष्ण- प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट ने अभिनंदन एवं स्वागत किया। ट्रस्ट के सह संरक्षक विजय कुमार अग्रवाल, सचिव मनोज कुमार चौधरी, प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ, सुनील पोद्दार, विष्णु सोनी ने ओम बिरला को पुष्प गुच्छ देकर, शॉल ओढ़ाकर तथा श्री राधा-कृष्ण की प्रतिमा भेंट कर अभिनंदन करते हुए सम्मानित किया। वहीं ट्रस्ट द्वारा संचालित विभिन्न जनसेवा कार्यों की जानकारी भी साझा की गई। विशेष रूप से रांची में निर्मित झारखंड की सबसे बड़े श्री राधा-कृष्ण मंदिर की भव्यता एवं दिव्यांग निराश्रितों के लिए सद्गुरु अपना घर आश्रम के कार्यों की जानकारी दी गई। ओम बिरला ने ट्रस्ट द्वारा झारखंड में आध्यात्मिक और सामाजिक क्षेत्र में हो रहे सकारात्मक कार्यों की सराहना की और ट्रस्ट को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

# विप्र फाउंडेशन ने बिरला का किया स्वागत

**रांची।** विप्र फाउंडेशन ने रांची के डंगरा टोली स्थित स्वर्ण भूमि वेंकैट हॉल सभागार में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला एवं रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ को अंग वस्त्र एवं बुके देकर स्वागत किया। स्वागत करने वालों में विश्व ब्राह्मण संघ के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष एवं विप्र फाउंडेशन के झारखंड प्रदेश महामंत्री प्रदीप कुमार शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष नवीन पाठक, प्रदेश सचिव कृष्णा उपाध्याय, विप्र फाउंडेशन के प्रदेश संरक्षक निरंजन शर्मा, विप्र फाउंडेशन के प्रदेश महामंत्री प्रदीप शर्मा, विप्र फाउंडेशन के प्रदेश कोषाध्यक्ष शशांक भारद्वाज, विप्र फाउंडेशन के रामगढ़ जिला कोषाध्यक्ष गोकुल शर्मा शामिल थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा।**

**शुद्धि–पत्र**

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा के अन्तर्गत जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT) मद के तहत् ई–अतिअल्पकालीन् पुनर्निविदा संख्या–18/RII/2025-26/RWD/CHATRA, दिनांक–17.05.2025, जिसके अनुसार निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि–27.05.2025 है,जिसका P.R. No.352983 (Rural Work Department) 25–26*D है, उसमें निम्नलिखित संशोधन किया जाता है :–

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:–28.05.2025
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–03.06.2025 पूर्वाहन 9.00 बजे तक।
3. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–05.06.2025 अपराहन 03.30 बजे।
4. अन्य शर्तें यथावत् रहेंगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल, चतरा।

PR 353515 Rural Work Department (25-26)D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा।**

**शुद्धि–पत्र**

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा के अन्तर्गत जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT) मद के तहत् **ई–अतिअल्पकालीन् पुनर्निविदा संख्या–16/RI/2025-26/RWD/CHATRA**, दिनांक–17.05.2025, जिसके अनुसार निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि–27.05.2025 है, जिसका **P.R. No.352980 Rural Work Department(25–26)D** है, उसमें निम्नलिखित संशोधन किया जाता है :–

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:**–28.05.2025**
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :**–03.06.2025 पूर्वाहन 9.00 बजे तक।**
3. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :**–05.06.2025 अपराहन 03.30 बजे।**
4. अन्य शर्तें यथावत् रहेंगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **www.jharkhandtenders.gov.in** में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल, चतरा।

PR 353513 (Rural Work Department) 25-26 (D)


# राज्यपाल ने लोस अध्यक्ष को स्मृति चिह्न भेंट की



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के सम्मान में रात्रि भोज का आयोजन किया गया। इसमें रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो, राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एवं ओडिशा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास, पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, राज्यसभा सांसद महुआ माजी समेत अन्य सांसद, विधायक एवं विभिन्न प्रतिष्ठानों के वरिष्ठ अधिकारी सम्मिलित हुए। इसके उपरांत राज्यपाल ने लोकसभा अध्यक्ष को स्मृति चिन्ह भी भेंट किया।

## रक्षा राज्य मंत्री सेठ के आवास पहुंचे राज्यपाल

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार सोमवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के साथ रांची स्थित रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के आवास पर गए। इस अवसर पर मंत्री के परिवारजनों, शहर के गणमान्य नागरिकों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा दोनों विशिष्ट अतिथियों का आत्मीय स्वागत व अभिनंदन किया गया।


**न्यायालय,**
**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, लातेहार**

**अनुमति वाद संख्या–93/2025**
**आम इस्तेहार**

आवेदक सादीया खातुन पिता–मो0 निजामुद्दीन, ग्राम–फुलसु, थाना–बालूमाथ, जिला – लातेहार वो सारा खातुन पति–सलामुन हक नाजीर अली लेन थाना–लोवर बाजार, चर्च रोड, रांची, जी0पी0ओ0, रांची द्वारा मेसर्स एस0एम0 स्टील्स एण्ड पॉवर लिमिटेड, 2013 कार्यालय पता–ब्लॉक डी0पी0 पांचवा टॉवर, प्रथम तल्ला यूनिट 504 सेक्टर–5 कोलकत्ता वेस्ट बंगाल– 700058 के साथ भूमि बिक्री हेतु अनुमति के लिए छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम की धारा– 49 के अंतर्गत आवेदन पत्र दाखिल किया है।

भूमि का विवरण

| मौजा | खाता | प्लॉट | रकबा |
|---|---|---|---|
| बरवाडीह | 44 | 123 | 0.13 |
| | | 39 | 0.11 |
| | | 27 | 0.36 |
| | | 141 | 0.25 |
| | | 138 | 0.11 |
| | | 137 | 0.05 |
| | | 124 | 0.10 |
| | | 119 | 0.61 |
| | | 121 | 0.18 |
| | | कुल:– | 1.90 ए0 |

एतद् द्वारा हर आम व खाश को सूचित किया जाता है कि इस भूमि अंतरण के विरूद्ध किसी को आपत्ति हो, तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपायुक्त– सह–जिला दण्डाधिकारी के न्यायालय में आम–इस्तेहार निर्गत की तिथि से एक पक्ष (15 दिनों) के अंदर आपत्ति दायर कर सकते है। समय सीमा समाप्ति के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

प्रभारी उप समाहर्त्ता,
जिला विधि शाखा, लातेहार।

PR.NO.353534 District(25-26):D



**न्यायालय, उपायुक्त -सह- जिला दण्डाधिकारी, लातेहार**

अनुमति वाद संख्या–96/2025
**आम इस्तेहार**

आवेदक मो0 अख्तर वो मो0 जिलानी वो मो0 शौकत अलि वो मो0 नेसार वो मो0 नौसाद आलम वो नुमान सभी के पिता–स्व0 मो0 नईम उद्दीन सभी निवासी ग्राम–इटके, पो0–बारीखाप, थाना–बारियातु, जिला–लातेहार द्वारा मेसर्स एस0एम0 स्टील्स एण्ड पॉवर लिमिटेड, 2013 कार्यालय पता–ब्लॉक डी0पी0 पांचवा टॉवर, प्रथम तल्ला यूनिट 504 सेक्टर–5 कोलकत्ता वेस्ट बंगाल–700058 के साथ भूमि बिक्री हेतु अनुमति के लिए छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम की धारा–49 के अंतर्गत आवेदन पत्र दाखिल किया है।

भूमि का विवरण

| मौजा | खाता | प्लॉट | रकबा |
|---|---|---|---|
| बरवाडीह | 45 | 478 | 0.2057 |
| | | 480 | 0.0230 |
| | | 146 | 0.0686 |
| | | 149 | 0.0573 |
| | | 338 | 0.0058 |
| | | 105 | 0.6487 |
| | | 360 | 0.1687 |
| | | 295 | 0.1773 |
| | | 296 | 0.2239 |
| | | 397 | 0.3771 |
| | | 208 | 0.1457 |
| | | 210 | 0.0144 |
| | | 217 | 0.0771 |
| | | 225 | 0.0715 |
| | | कुल:– | 2.2648 ए0 |

एतद् द्वारा हर आम व खाश को सूचित किया जाता है कि इस भूमि अंतरण के विरूद्ध किसी को आपत्ति हो, तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी के न्यायालय में आम–इस्तेहार निर्गत की तिथि से एक पक्ष (15 दिनों) के अंदर आपत्ति दायर कर सकते है। समय सीमा समाप्ति के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

प्रभारी उप समाहर्त्ता,
जिला विधि शाखा, लातेहार

PR 353542 District (25-26)_D


## 11 मई को बाथ रूम में गंदे पानी आने की हुई थी शिकायत

# अब तक नहीं मिला रिम्स निदेशक को स्वच्छ पानी

**मनोज मिश्रा**

**रांची।** रिम्स अपनी क्षमता से ज्यादा मरीजों का इलाज कर रहा है। इस भीड़ को बांटने के लिए दिल्ली के एम्स के तर्ज पर रिम्स 2 बनने की चर्चा जोरों पर है। बहरहाल, गर्मी का मौसम चल रहा है ऐसे समय में सबसे पहले कुछ चाहिए तो वह है पानी। रिम्स में पानी की अनुप्लब्धता पर शिकायतें तो आती ही थी अब शिकायत बड़ा है और सैकड़ो सवाल खड़ा करने वाला है।

पानी की समस्या से रिम्स पीड़ित है अब रिम्स निदेशक भी अछूते नहीं रहे। राष्ट्रीय नवीन मेल संवाददाता ने रिम्स के निदेशक डा राजकुमार से रिम्स में जल जमाव, पीने के पानी की अनुपलब्धता, नालियों में जमे गंदगी पर सवाल पूछे तो उन्होंने कहा कि निदेशक के क्वार्टर में स्वच्छ पानी नहीं मिल रहा है तो हालात क्या होंगे समझा जा सकता है। उन्होंने कहा कि 11 मई को बाथरूम में गंदे पानी आने की शिकायत पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से लिखित रूप में किए थे लेकिन आज 26 मई तक कोई कारवाई नहीं की गई।

बूटी मोड़ से जा रहा पानी ही मिल रहा रिम्स निदेशक को बिना फिल्टर किए बदबू युक्त पानी रिम्स में, रिम्स के क्वार्टर में और आधे शहर में सप्लाई की जा रही है। इस गंदे पानी के पीने से सैकड़ों बीमारियों को निमंत्रण मिल है। राष्ट्रीय नवीन मेल संवाददाता ने पड़ताल की तो पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि बूटी मोड़ से सप्लाई पानी एक तिहाई नगर वासियों को मिल रहा है। वही पानी रिम्स निदेशक के क्वार्टर में जा रहा है। बूटी मोड़ के पानी को रिम्स के पहले साफ करने का कोई मैक्निज्म नहीं है। वहीं रूक्का डैम वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के खराब पड़े क्लोरीनेटर पर राष्ट्रीय नवीन मेल ने सवाल उठाए थे। एक बात तो स्पष्ट हो गई कि रिम्स निदेशक के क्वार्टर में जा रहा बदब युक्त गंदा पानी जैसा ही पानी एक तिहाई शहर को सप्लाई की जा रही है।

## जांच कर कारवाई की जाएगी : मंत्री

इस संबंध में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री योगेन्द्र प्रसाद से सवाल पूछे गए तो उन्होंने कहा की जांच कर कारवाई की जाएगी। सबको पीने का साफ पानी उपलब्ध हो यह हमारी सरकार की प्रथमिकता है। दोषियों को बख्शे नहीं जाने की बात उन्होंने कही है।


**न्यायालय,**
**उपायुक्त -सह- जिला दण्डाधिकारी, लातेहार**

**अनुमति वाद संख्या–94/2025**
**आम इस्तेहार**

आवेदक सचीन कुमार पिता–विनोद प्रसाद साहू वो काजल कुमारी पिता–सचिन कुमार ग्राम–चेड़रा, पो0–चेड़रा, थाना–बारियातु, जिला–लातेहार द्वारा मेसर्स एस0एम0 स्टील्स एण्ड पॉवर लिमिटेड, 2013 कार्यालय पता–ब्लॉक डी0पी0 पांचवा टॉवर, प्रथम तल्ला यूनिट 504 सेक्टर–5 कोलकत्ता वेस्ट बंगाल–700058 के साथ भूमि बिक्री हेतु अनुमति के लिए छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम की धारा–49 के अंतर्गत आवेदन पत्र दाखिल किया है।

भूमि का विवरण

| मौजा | खाता | प्लॉट | रकबा |
|---|---|---|---|
| बरवाडीह | 6 | 287 | 0.4400 |
| | | 461 | 0.2225 |
| | | 80 | 0.1550 |
| | | 212 | 0.2325 |
| | | 54 | 0.2250 |
| | | 285 | 0.1550 |
| | | 239 | 0.2650 |
| | | 291 | 0.3225 |
| | | कुल:– | 2.0175 ए0 |

एतद् द्वारा हर आम व खाश को सूचित किया जाता है कि इस भूमि अंतरण के विरूद्ध किसी को आपत्ति हो, तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी के न्यायालय में आम–इस्तेहार निर्गत की तिथि से एक पक्ष (15 दिनों) के अंदर आपत्ति दायर कर सकते है। समय सीमा समाप्ति के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

प्रभारी उप समाहर्त्ता,
जिला विधि शाखा, लातेहार।

PR.NO.353531 District(25-26):D



**न्यायालय, उपायुक्त -सह- जिला दण्डाधिकारी, लातेहार**

अनुमति वाद संख्या–90/2025
**आम इस्तेहार**

आवेदक मो0 जियाउल्लाह वो मो0 मीन्न तुल्लाह वो समी उल्लाह वो सैफुल्लाह चारो के पिता– स्व0 मो0 नेजामुद्दीन सभी निवासी ग्राम–इटके, पो0–बारीखाप, थाना– बारियातु, जिला– लातेहार द्वारा मेसर्स एस0एम0 स्टील्स एण्ड पॉवर लिमिटेड, 2013 कार्यालय पता–ब्लॉक डी0पी0 पांचवा टॉवर, प्रथम तल्ला यूनिट 504 सेक्टर–5 कोलकत्ता वेस्ट बंगाल–700058 के साथ भूमि बिक्री हेतु अनुमति के लिए छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम की धारा–49 के अंतर्गत आवेदन पत्र दाखिल किया है।

भूमि का विवरण

| मौजा | खाता | प्लॉट | रकबा |
|---|---|---|---|
| बरवाडीह | 45 | 193 | 0.1033 |
| | | 213 | 0.2999 |
| | | 220 | 0.1367 |
| | | 272 | 0.0968 |
| | | 273 | 0.0633 |
| | | 112 | 0.2200 |
| | | 113 | 0.2433 |
| | | 46 | 0.2833 |
| | | 364 | 0.3600 |
| | | 206 | 0.0733 |
| | | 227 | 0.0866 |
| | | 151 | 0.0167 |
| | | 233 | 0.0494 |
| | | 250 | 0.1733 |
| | | 254 | 0.0700 |
| | | 326 | 0.0767 |
| | | 259 | 0.1833 |
| | | कुल:– | 2.5359 ए0 |

एतद् द्वारा हर आम व खाश को सूचित किया जाता है कि इस भूमि अंतरण के विरूद्ध किसी को आपत्ति हो, तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी के न्यायालय में आम–इस्तेहार निर्गत की तिथि से एक पक्ष (15 दिनों) के अंदर आपत्ति दायर कर सकते है। समय सीमा समाप्ति के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

प्रभारी उप समाहर्त्ता,
जिला विधि शाखा, लातेहार

PR 353535 District (25-26)_D


## पृष्ठ एक के शेष

**लूट व रंगदारी की योजना...**
प्राइवेट लिमिटेड पर लूटपाट व रंगदारी वसूलने की योजना बना रहे थे। गिरफ्तार आरोपी के पास से पुलिस ने एक देशी पिस्तौल, 19 जिंदा गोली,8 मोबाइल, 2 मोटरसाइकिल बरामद की है। छापेमारी दल में एसडीपीओ अरविंद कुमार,पुनि सह थाना प्रभारी चंदवा रणधीर कुमार,पुअनि भवेश यादव, ललन कुमार,सअनि अनोज कुमार ओझा,आरक्षी राहुल कुमार दुबे,बिंदेश्वर राम,हरि प्रजापति और बाबू ओम शिव कुमार तथा सैट 44 के चंदवा थाना के सशस् ?त्र बल शामिल थे।

**ऑपरेशन सिंदूर: पाकिस्तान को करारा...**
स्पष्ट संदेश दिया कि वह शांति का पक्षधर है, लेकिन आतंकवाद और सीमापार हमलों पर समझौता नहीं करेगा। देश की जनता इस कार्रवाई से गौरवान्वित महसूस कर रही है। वहीं कुछ राजनीतिक दलों द्वारा इस निर्णय पर आलोचना की जा रही है, जिसे विशेषज्ञ मात्र राजनीतिक विरोध बता रहे हैं। सामान्य नागरिकों का मानना है कि युद्ध के दौरान दोनों ओर जानमाल का भारी नुकसान होता है, और अगर स्थिति नियंत्रण में लाई जा सकती है, तो शांति की पहल बेहतर विकल्प होती है।

ऑपरेशन सिंदूर ने यह साबित किया है कि भारत शांति चाहता है, लेकिन यदि उसकी संप्रभुता, नागरिकों या सीमा पर हमला हुआ तो वह दुश्मन की सरहद में घुसकर जवाब देने की पूरी क्षमता और इच्छाशक्ति रखता है। सरकार और सेना के इस संयमित लेकिन मजबूत रुख से देश में राष्ट्रवाद की भावना और सेना के प्रति विश्वास और अधिक मजबूत हुआ है।

**सरकारी अस्पतालों में...**
राज्य में रविवार को कोविड का पहला केस सामने आया था। मरीज का इलाज एक स्थानीय अस्पताल में किया जा रहा है और स्थिति अब बेहतर बताई जा रही है।


राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने सोमवार को रांची सदर अस्पताल में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कोविड के नए वेरिएंट के मद्देनजर एहतियाती उपायों की समीक्षा की। उन्होंने अस्पताल में बनाए गए आइसोलेशन वार्ड का भी निरीक्षण किया। इसके बाद डॉ इरफान अंसारी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि राज्य में कोविड के नए वेरिएंट को लेकर लोगों को भयभीत और आशंकित होने की जरूरत नहीं है। स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह अलर्ट मोड में है। उन्होंने कहा कि केंद्र की ओर से इसे लेकर फिलहाल अलग से कोई गाइडलाइन जारी नहीं की गई है। हमारी जानकारी के अनुसार, देश में अब तक 275 से अधिक मामले सामने आ चुके हैं। इसे देखते हुए राज्य सरकार के स्वास्थ्य विभाग की ओर से एडवाइजरी जारी की गई है।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि राज्य के लोगों से भी यथासंभव कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने की अपील की जा रही है। सर्दी, खांसी, बुखार और कोविड से संबंधित किसी भी तरह का लक्षण दिखने पर लोगों से जांच कराने और चिकित्सकों से संपर्क करने की सलाह दी गई है। उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन और बस अड्डों पर डॉक्टरों की टीम की तैनाती की गई है, ताकि बाहर से आने वाले कोरोना के संदिग्ध मरीजों की जांच हो सके।

# हरभजन सिंह और उनकी पत्नी लेकर आ रहे नया चैट शो 'हू इज द बॉस'

**मुंबई (आईएएनएस)**

भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी हरभजन सिंह और उनकी पत्नी गीता बसरा ने हाल ही में अपनी नई प्रोडक्शन कंपनी 'पर्पल रोज एंटरटेनमेंट' शुरू की है। अब उन्होंने इस बैनर के तले एक नया चैट शो 'हू इज द बॉस' शुरू किया है। आईएएनएस से खास बातचीत में हरभजन सिंह ने बताया कि इस शो को बनाने का आइडिया उन्हें महिलाओं से मिला। उन्होंने कहा, "लोग क्रिकेटरों को तो जानते हैं, लेकिन उनकी पत्नियों को नहीं जानते। इन महिलाओं की अपनी एक पहचान है, एक अलग कहानी है। ये अपने आप में बेहद खास हैं, और हम चाहते हैं कि इनकी कहानियां सबके सामने आएं। इसी सोच के साथ इस शो को शुरू करने का आइडिया आया। वहीं गीता बसरा ने भी आईएएनएस से बात की और घर में असली बॉस कौन है?, इसका जवाब देते हुए कहा, "मुझे लगता है कि हम दोनों मिलकर बराबरी से जिम्मेदारियां निभाते हैं। उन्होंने कहा, "मैं ज्यादातर बच्चों की देखभाल करती हूं, उनकी रोज की एक्टिविटी, क्लासेस, खाना और घर के छोटे-मोटे काम भी देखती हूं।




## हरभजन सिंह का खुलासा : शो में दिखेगी सेलिब्रिटीज की असली जिंदगी

हरभजन पैसे से जुड़े फैसले लेते हैं कि क्या खरीदना है और क्या नहीं खरीदना है। हरभजन ने गीता की बात से सहमति जताते हुए कहा, "हां, मैं आमतौर पर पैसों से जुड़े काम संभालता हूं, लेकिन घर में क्या ठीक करवाना है और क्या नहीं, उसमें गीता की भी राय होती है। कह सकते हैं हमारे बीच एक पार्टनरशिप है। जब गीता बसरा से पूछा गया कि क्या उनका शो 'हू इज द बॉस' कॉमेडियन कपिल शर्मा के शो से प्रेरित है, तो इस पर उन्होंने जवाब दिया, "ऐसा नहीं है। कपिल शर्मा का शो कई सालों से चल रहा है और उसमें लाफ्टर, जोक्स, मस्ती-मजाक ज्यादा होता है। हमारे शो में भी मजेदार बातें हैं, लेकिन यह शो उससे काफी अलग है। हरभजन सिंह ने कहा, "हमारा शो इस बात पर ज्यादा आधारित है कि जो लोग पब्लिक में फेमस हैं, उनकी असली जिंदगी कैसी है। जैसे सभी रोहित शर्मा को एक क्रिकेटर के तौर पर जानते हैं, लेकिन असल जिंदगी में वह कैसे इंसान हैं.. इस बारे में लोग नहीं जानते, और उनकी पत्नी के बारे में तो और भी कम लोग जानते हैं। हम उनका असली जीवन दिखाना चाहते हैं, वो कपल के तौर पर कैसे हैं, और उनका साथ में सफर कैसा रहा है। गीता बसरा ने आखिर में कहा, "हमारा शो सेलिब्रिटीज के पीछे छुपी इंसानी कहानियों को दिखाने के लिए बना है, और यही बात इसे कपिल के शो से अलग बनाती है। लेकिन हां, हम चाहते हैं कि हमारा शो कपिल शर्मा शो के जितना पॉपुलर हो, और हम तो ये भी चाहेंगे कि एक दिन कपिल शर्मा खुद हमारे शो में मेहमान बनकर आएं।

**जूनियर शूटिंग विश्व कप**

## तेजस्विनी के 25 मी. पिस्टल गोल्ड ने भारत को टॉप स्थान दिलाया



**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** भारत की तेजस्विनी ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) जूनियर विश्व कप के अंतिम दिन स्वर्ण पदक जीत लिया। यह प्रतियोगिता जर्मनी के सुहल शहर में हुई थी। तेजस्विनी की इस जीत की बदौलत भारत पदक तालिका में चीन जैसे देशों को पीछे छोड़ते हुए पहले स्थान पर रहा। हरियाणा की 20 वर्षीय तेजस्विनी का यह पहला व्यक्तिगत विश्व कप पदक है। भारत ने इस प्रतियोगिता में कुल 11 पदक जीते - 3 स्वर्ण, 4 रजत और 4 कांस्य। चीन ने भी 3 स्वर्ण पदक जीते, लेकिन उनके पास भारत से केवल एक अतिरिक्त कांस्य पदक था।फाइनल में तेजस्विनी ने कुल 31 अंक हासिल किए। दूसरे स्थान पर रही एलिना नेस्टियारोविच ने रजत और हंगरी की 23 वर्षीय मिरियम जाको ने कांस्य पदक जीता।तेजस्विनी का यह यादगार प्रयास था, जिन्होंने दिन की शुरुआत ग्रिड पर 24वें स्थान से की, जबकि क्वालिफिकेशन के पहले दिन संभावित 300 में से 282 अंक प्राप्त किए थे। आज दूसरे रैपिड-फायर राउंड में उन्होंने 293 का शानदार स्कोर बनाया, जिससे उनका कुल स्कोर 575 रहा।

# मुंबई की पारी में सूर्य कुमार यादव का जलवा, पंजाब की परीक्षा बाकी

**एजेंसी । मुंबई**

इंडियन प्रीमियर लीग का 69वां मैच आज मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स के बीच खेला जा रहा है। यह मैच दोनों ही टीमों के लिए लीग चरण का आखिरी मैच है। इस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए मुंबई ने पंजाब के सामने 185 रनों का लक्ष्य रखा है। इंडियन प्रीमियर लीग का 69वां मैच आज मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स के बीच खेला जा रहा है। इस मुकाबले में टॉस जीतकर पंजाब ने पहले गेंदबाजी का फैसला लिया है।ये मुकाबला पंजाब और मुंबई दोनों ही टीमों के लिए टॉप-2 में जगह बनाने के लिए काफी अहम है। मुंबई की टीम पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी थी। मुंबई ने सूर्या की फिफ्टी के दम पर 185 रनों का लक्ष्य पंजाब के सामने रखा है।



- **मुंबई इंडियंस (प्लेइंग इलेवन) :** रेयान रिकेल्टन (विकेटकीपर), रोहित शर्मा, विल जैक्स, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या (कप्तान), नमन धीर, मिचेल सेंटनर, दीपक चाहर, ट्रेंट बोल्ट, जसप्रीत बुमराह।
- **पंजाब किंग्स (प्लेइंग इलेवन) :** प्रियांश आर्य, जोश इंग्लिस (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर (कप्तान), नेहाल वढेरा, शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, मार्को जानसन, हरप्रीत बराड़, काइल जैमीसन, विजयकुमार विशक, अर्शदीप सिंह।

## राशिद की धार हुई कम : कुंबले



**नई दिल्ली (आईएएनएस) ।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान अनिल कुंबले के मुताबिक गुजरात टाइटंस के लेग स्पिनर राशिद खान की विकेट लेने की क्षमता हाल में कम हुई है। इसकी वजह से टीम का गेंदबाजी विभाग कमजोर हुआ है। ईएसपीएनक्रिकइंफो से बात करते हुए अनिल कुंबले ने कहा, "राशिद खान आईपीएल में अपने सबसे खराब सीजन से गुजर रहे हैं। सीजन के 14 मैचों में 53.66 की औसत और 9.47 की इकॉनमी रेट से वह केवल 9 विकेट ले सके हैं। कुंबले ने कहा, जीटी के लिए शुरुआती 6 ओवरों में चीजें अच्छी नहीं रही, गेंदबाजी पर दबाव था। यहां राशिद खान से उम्मीद की जाती है कि वे आएंगे और विकेट लेंगे।

## जूनियर महिला हॉकी टीम ने उरुग्वे को 3-2 से हराया



**नई दिल्ली।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने अर्जेंटीना के रोसारियो में खेले जा रहे फ्रेंडली फोर नेशंस टूर्नामेंट में अपने दूसरे मुकाबले में उरुग्वे को 3-2 से हरा दिया। भारत की ओर से सोनम ने 21वें मिनट में गोल किया, जबकि कनिका सिवाच ने 46वें और 50वें मिनट में दो अहम गोल दागे। उरुग्वे के लिए मिलाग्रोस सीगल ने 3वें मिनट में और अगस्टिना मारी ने 24वें मिनट में गोल किए। मैच की शुरुआत में ही उरुग्वे ने बढ़त बना ली थी, जब मिलग्रोस सीगल ने तीसरे मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को सफलतापूर्वक गोल में बदलकर अपनी टीम को आगे कर दिया। इसके बाद भारत की सोनम ने 21वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर से बराबरी का गोल कर दिया। लेकिन तीन मिनट बाद ही उरुग्वे की अगस्टिना मारी ने फिर से पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर अपनी टीम को 2-1 से आगे कर दिया। तीसरे क्वार्टर के अंत तक खेल बराबरी पर रहा, लेकिन कनिका सिवाच ने अंतिम चरण में दो गोल करके भारत को विजयी बनाने में मदद की।

**हार्दिक सिंह का भरोसा**

## प्रो लीग से पक्की हो सकती है भारत की वर्ल्ड कप एंट्री



**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024–25 (पुरुष वर्ग) के यूरोपीय चरण की शुरुआत करते हुए भारतीय टीम अंक तालिका में तीसरे स्थान पर मजबूती से बनी हुई है। टीम के उपकप्तान हार्दिक सिंह ने कहा कि इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट को जीतकर खत्म करना बहुत जरूरी है। हार्दिक ने कहा, "हमने टीम में इस पर बात की है और सब मानते हैं कि अगर हम अपनी योजना पर टिके रहें, ज़्यादा से ज़्यादा अंक जुटाएं, और मैच जीतने की कोशिश करें, यहां तक कि ड्रॉ और शूटआउट से भी अंक लें तो हमारे पास प्रो लीग के माध्यम से वर्ल्ड कप के लिए क्वालीफाई करने का शानदार मौका है। उन्होंने आगे समझाया, "बेल्जियम (वर्तमान में नंबर 2 रैंक) और नीदरलैंड्स (भारत से एक रैंक पीछे नंबर 4 पर) 2026 के पुरुष हॉकी वर्ल्ड कप की सह-मेजबानी कर रहे हैं, इसलिए वे सीधे क्वालीफाई कर चुके हैं। अब मुख्य मुकाबला इंग्लैंड, जर्मनी और स्पेन से है। इसके अलावा अर्जेंटीना के खिलाफ हमारे मैच भी बहुत अहम होंगे। यह हमारे लिए एक अच्छा अवसर है और अगर हम जल्दी क्वालीफाई कर लें, तो वर्ल्ड कप की तैयारी के लिए हमारे पास ज्यादा समय रहेगा।

## पैरालिंपियन सिमरन की कहानी: ओलंपिक नहीं, परिवार थी मेरी पहली प्राथमिकता

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

पैरालिंपियन सिमरन शर्मा ने विश्व मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करने तक की अपनी चुनौतीपूर्ण यात्रा के बारे में बताया। सिमरन का जन्म समय से पहले हुआ था। किसी ने उनसे जीवन में इतना आगे निकलने की अपेक्षा नहीं की थी। सिमरन ने अपनी लड़ाई के बारे में बताया जिसमें धैर्य और दृढ़ संकल्प की झलक मिलती है। ट्रैक पर उनका सफर आम नहीं था, हर कदम पर चुनौतियों से भरा था, जो उनके जन्म से ही शुरू हो गई थी। सिमरन ने गगन नारंग स्पोर्ट्स फाउंडेशन की पहल हाउस ऑफ ग्लोरी पॉडकास्ट में याद किया, "डॉक्टरों ने कहा कि मैं बच नहीं पाऊंगी, और तब कोई भी बहुत परेशान नहीं था। यह समय से पहले की बात थी, और मैं एक लड़की थी। लेकिन मेरे पिता ने मुझे जीवित रखने का फैसला किया। मैं मशीनों के बिना जीवित रही, लेकिन कई समस्याओं के साथ। मेरी आंखें कमजोर थी, कमजोर मांसपेशियों और शरीर के साथ मैं बड़ी हुई।




**पीकेएल 12 की नीलामी से पहले सुनील कुमार ने कहा**

## 'टीम को अनुभवी और युवा दोनों खिलाड़ियों की जरूरत'

**मुंबई (आईएएनएस)।** प्रो कबड्डी लीग के 12वें सीजन के लिए 31 मई और 1 जून को नीलामी होने जा रही है। यू मुंबा के कप्तान सुनील कुमार इसके लिए तैयार हैं और उनका मानना है कि यह अब तक की सबसे प्रतियोगी नीलामी में एक होगी, जिसमें जबरदस्त बीडिंग वॉर देखने के लिए मिलेगा। अनुभवी डिफेंडर ने सात साल के सूखे बाद सीजन 11 में अपनी टीम को प्लेऑफ के लिए पहुंचाया था। उनको उम्मीद है कि आने वाली सीजन में उनके पास एक मजबूत टीम होगी।



**लामी को लेकर उत्साहित हैं सुनील**

- कुमार ने कहा कि टीम प्रबंधन ने एक ठोस योजना तैयार की है।
- उन्हें उम्मीद है कि नीलामी से एक संतुलित और मजबूत टीम मिलेगी।

## आईपीएल 2025 : प्लेऑफ से पहले आरसीबी की टीम से जुड़े ब्लेसिंग मुजरबानी

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी आईपीएल 2025 प्लेऑफ मुकाबलों से पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) टीम का हिस्सा बन चुके हैं। मुजरबानी को आरसीबी ने लुंगी एनगिडी के अस्थायी रिप्लेसमेंट के रूप में साइन किया था। जिम्बाब्वे के मुजरबानी को आरसीबी ने 75 लाख रुपये में साइन किया है। मुजरबानी शनिवार को ट्रेंट ब्रिज में इंग्लैंड के खिलाफ जिम्बाब्वे के ऐतिहासिक टेस्ट का हिस्सा थे, जिसे मेहमान टीम ने एक पारी और 75 रन से गंवा दिया था। इस मैच में मुजरबानी 3-143 के आंकड़ों के साथ टीम के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे। 28 वर्षीय यह खिलाड़ी मंगलवार को लखनऊ में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ आरसीबी के अंतिम लीग चरण के खेल के लिए उपलब्ध रहेगा। उन्होंने अब तक जिम्बाब्वे के लिए 70 टी20 मैच खेले हैं और 78 विकेट लिए हैं। इसके अलावा, उन्होंने 13 टेस्ट और 55 वनडे मैचों में भी जिम्बाब्वे का प्रतिनिधित्व किया है।



**व्यापार/लाइफ व साइंस**

## 2025 में वैश्विक क्षमता केंद्रों के लिए फ्रेशर्स की नियुक्ति में बेंगलुरु सबसे आगे रहेगा




**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) सेक्टर में फ्रेशर्स की नियुक्ति के लिए बेंगलुरु सबसे अधिक आशावादी बना हुआ है, जहां 17 प्रतिशत कंपनियों ने 50 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि का अनुमान लगाया है, जो 2025 में दूसरे शहरों की तुलना में ज्यादा एग्रेसिव हायरिंग अप्रोच का संकेत देता है। यह जानकारी सोमवार को आई एक रिपोर्ट में दी गई। एनएलबी सर्विसेज के अनुसार, पिछले साल की तुलना में, 2025 में अब तक आईटी सेक्टर में नियुक्ति में सालाना आधार पर 4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। एनएलबी सर्विसेज के सीईओ सचिन अलुग ने कहा, "उद्योग की उभरती मांगों की प्रतिक्रिया के रूप में भारतीय कॉर्पोरेट जगत का फोकस एंट्री लेवल टैलेंट पर बना हुआ है, जो कि ऑटोमेशन, साइबर-सिक्योरिटी, क्लाउड ट्रांसफॉर्मेशन में प्रगति की वजह से देखा जा रहा है। कंपनियां न केवल रिक्त स्थानों के लिए भर्ती कर रही हैं, बल्कि फ्रेशर्स पर निवेश भी कर रही हैं ताकि वे फ्यूचर-रेडी वर्कफोर्स को तैयार कर सकें। सेक्टर में आईटी-हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर ने बढ़त हासिल की है, जो 2024 में 17 प्रतिशत से लगभग दोगुना होकर 2025 में 34 प्रतिशत हो गया।

# नीति आयोग ने मध्यम उद्यमों को बढ़ावा देने के लिए 6-पॉइंट रोडमैप किया जारी

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

नीति आयोग ने सोमवार को एक रिपोर्ट जारी की, जिसमें भारत के मध्यम उद्यमों को अर्थव्यवस्था के भविष्य के विकास इंजन में बदलने के लिए एक व्यापक छह-सूत्री रोडमैप पेश किया गया है। रिपोर्ट में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि मध्यम उद्यम देश के एमएसएमई का मात्र 0.3 प्रतिशत हिस्सा हैं, लेकिन इस क्षेत्र के निर्यात में इनका योगदान 40 प्रतिशत है। मध्यम उद्यमों की पूरी क्षमता को अनलॉक करने के लिए लक्षित हस्तक्षेपों की रूपरेखा तैयार की गई है। रिपोर्ट एमएसएमई क्षेत्र में संरचनात्मक विषमता पर गहराई से चर्चा करती है, जो भारत के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 29 प्रतिशत और निर्यात में 40 प्रतिशत का योगदान देता है। साथ ही 60 प्रतिशत से अधिक वर्कफोर्स को रोजगार देता है। इसकी महत्वपूर्ण भूमिका के बावजूद, इस क्षेत्र की संरचना असमान रूप से भारित है।



रिपोर्ट में कहा गया है कि रजिस्टर्ड एमएसएमई में से 97 प्रतिशत माइक्रो एंटरप्राइज हैं, 2.7 प्रतिशत स्मॉल और केवल 0.3 प्रतिशत मध्यम उद्यम हैं। रिपोर्ट में मध्यम उद्यमों के सामने आने वाली प्रमुख चुनौतियों को रेखांकित किया गया है, जिसमें अनुकूलित वित्तीय उत्पादों तक सीमित पहुंच, एडवांस तकनीकों को सीमित रूप से अपनाना, अपर्याप्त आरएंडडी सपोर्ट, सेक्टोरल टेस्टिंग इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी और प्रशिक्षण कार्यक्रमों तथा उद्यम आवश्यकताओं के बीच बेमेल शामिल हैं। ये सीमाएं उनके पैमाने और इनोवेशन की क्षमता में बाधा डालती हैं। इन मुद्दों को संबोधित करने के लिए, रिपोर्ट में छह प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में लक्षित हस्तक्षेपों के साथ एक व्यापक नीति की रूपरेखा दी गई है। इनमें उद्यम टर्नओवर से जुड़ी एक वर्किंग कैपिटल फाइनेंसिंग स्कीम की शुरूआत, बाजार दरों पर 5 करोड़ रुपए के क्रेडिट कार्ड की सुविधा और एमएसएमई मंत्रालय की देखरेख में रिटेल बैंकों के माध्यम से त्वरित निधि वितरण तंत्र शामिल हैं।

इंडस्ट्री 4.0 सॉल्यूशन को अपनाने को बढ़ावा देने के लिए मौजूदा टेक्नोलॉजी केंद्रों को क्षेत्र-विशिष्ट और क्षेत्रीय रूप से अनुकूलित भारत एसएमई 4.0 सक्षमता केंद्रों में अपग्रेड करना। एमएसएमई मंत्रालय के भीतर एक डेडिकेटेड आरएंडडी सेल की स्थापना, राष्ट्रीय महत्व की क्लस्टर-आधारित परियोजनाओं के लिए आत्मनिर्भर भारत कोष का लाभ उठाना।

## अमेरिका ने गैर-टैरिफ बाधाओं को हल करने का किया आह्वान

**सोल।** दक्षिण कोरिया के एक व्यापार अधिकारी ने सोमवार को बताया कि अमेरिका ने कार्य-स्तरीय व्यापार वार्ता के नए दौर में सोल से विभिन्न गैर-व्यापार बाधाओं को हल करने के लिए कहा है। दक्षिण कोरिया ने ट्रंप प्रशासन से टैरिफ कम करने या समाप्त करने का आग्रह किया है। समाचार एजेंसी योनहाप की रिपोर्ट के अनुसार, मामले के जानकार एक अधिकारी ने नाम न प्रकाशित करने की शर्त पर बताया कि पिछले सप्ताह के कार्य-स्तरीय परामर्श में वाशिंगटन ने सोल से अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) के कार्यालय की मार्च में जारी विदेशी व्यापार बाधाओं पर 2025 राष्ट्रीय व्यापार अनुमान (एनटीई) रिपोर्ट में सूचीबद्ध गैर-व्यापार बाधाओं के समाधान का आग्रह किया था।

## भारतीय शेयर बाजार हरे निशान में बंद, ऑटो और आईटी में हुई खरीदारी

**मुंबई (आईएएनएस)**



भारतीय शेयर बाजार सोमवार के कारोबारी सत्र में हरे निशान में बंद हुए। बाजार में चौतरफा खरीदारी देखी गई। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 455.37 अंक या 0.56 प्रतिशत की तेजी के साथ 82,176.45 और निफ्टी 148 अंक या 0.60 प्रतिशत की मजबूती के साथ 25,001.15 पर था। शेयर बाजार में तेजी का नेतृत्व ऑटो और आईटी शेयरों ने किया। निफ्टी ऑटो और निफ्टी आईटी इंडेक्स दोनों ही एक-एक प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुए। इसके अलावा मेटल, रियल्टी, मीडिया, एनर्जी, कमोडिटी, और पीएसई इंडेक्स में खरीदारी देखी गई। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी खरीदारी देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 379.50 अंक या 0.67 प्रतिशत की तेजी के साथ 57,067.25 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 64.45 अंक या 0.37 प्रतिशत की बढ़त के साथ 17,707.80 पर था। सेंसेक्स पैक में एमएंडएम, एचसीएल टेक, टाटा मोटर्स, नेस्ले, आईटीसी, एचयूएल, एलएंडटी, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, इंडसइंड बैंक, टाइटन, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, बजाज फिनसर्व और टीसीएस टॉप गेनर्स थे। इटरनल (जौमेटो), अल्ट्राटेक सीमेंट, पावर ग्रिड, टाटा स्टील, एनटीपीसी, कोटक महिंद्रा बैंक और सन फार्मा टॉप लूजर्स थे।

## मेरठ साउथ नमो भारत स्टेशन पर 717 किलोवाट पीक क्षमता वाला रूफटॉप सोलर पावर प्लांट स्थापित

**गाजियाबाद (आईएएनएस)।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) द्वारा स्वच्छ और नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मेरठ साउथ नमो भारत स्टेशन की छत पर 717 किलोवाट पीक क्षमता का रूफटॉप सोलर पावर प्लांट स्थापित किया गया है। यह पहल एनसीआरटीसी के स्टेशनों, डिपो और सब-स्टेशनों को सौर ऊर्जा उत्पादन केंद्रों में बदलने की व्यापक रणनीति का हिस्सा है। इस संयंत्र में कुल 1,304 सोलर पैनल लगाए गए हैं।

# सरकार ने लॉन्च किया पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स 2.0

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

पंचायतों को गवर्नेंस और सर्विस डिलीवरी के प्रमुख क्षेत्रों में अपने प्रदर्शन का व्यवस्थित रूप से आकलन करने और उसे बेहतर बनाने के लिए केंद्र ने सोमवार को पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स पोर्टल (पीएआई) 2.0 पोर्टल लॉन्च किया। पीएआई पंचायती राज मंत्रालय द्वारा विकसित एक मूल्यांकन ढांचा है, जिसका उद्देश्य सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के स्थानीयकरण के साथ नौ थीम में 2.5 लाख से अधिक ग्राम पंचायतों के प्रदर्शन पर नजर रखना है। पीएआई वर्जन 1.0 बेसलाइन के रूप में काम करेगी। इसमें 29 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की 2.16 लाख ग्राम पंचायतों के डेटा को कवर किया जाता है।

